

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





देश

**फाइटर पूजा तोमर ने रचा इतिहास, एफसी में जीत दर्ज करने वाली बनी पहली भारतीय**


**उद्धव की शिवसेना में फिर सेंध लगाएंगे शिंदे, 6 संसदों के संपर्क में होने का दावा**

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 10 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 180 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹71, 670 | ₹91,500 |

## आज का इतिहास

- **1890 :** ब्रिटिश द्वारा रविवार को भारत में अवकाश घोषित किया गया। ईसाई धर्म रविवार को प्रार्थना के दिन के रूप में मानता है। यह दिन उनके द्वारा साप्ताहिक अवकाश के रूप में मनाया जाता है। इसलिए अंग्रेजों ने रविवार की छुट्टी की अवधारणा को लागू किया, जहां कभी उन्होंने (उनकी कॉलोनियों) शासन किया था, यह अभ्यास अभी भी भारत सहित पूरे देश में जारी है।
- **1908 :** मैरी क्लबवाला जाधव का जन्म हुआ था। वह एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। उसने भारत में एक बड़ी संख्या में एनजीओ की स्थापना की और अक्सर भारत में सबसे पुराने संगठित सामाजिक कार्य निकायों को स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है। उन्हें पद्म श्री द्वारा सम्मानित किया गया था।

## न्यूज बाइट्स

### मोदी 12 जून को चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में श्री चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कृष्णा जिले में हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली गांव में बुधवार को सुबह 11:27 बजे होगा। राज्य के मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने शपथ ग्रहण समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

### समस्तीपुर की पहली महिला सांसद बनीं शांभवी चौधरी

**समस्तीपुर (नि.सं.)।** बिहार सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी ने सस्तीपुर (सु) सुरक्षित पर 'शांभवी है तो संभव है' जैसे नारों के बीच शानदार जीत के साथ न सिर्फ अपनी सियासी जीवन की शानदार शुरूआत की बल्कि वह इस सीट पर पहली महिला सांसद भी बन गयी हैं। जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली समस्तीपुर संसदीय सीट से वर्ष 1957 में पहले आम चुनाव से वर्ष 2019 तक के लोकसभा चुनाव में किसी महिला प्रत्याशी के सर जीत का ताज नहीं सजा था।

### लालू प्रसाद का 77वां जन्मदिन कल

**पटना (नि.सं.)।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद का 77वां जन्मदिन 11 जून को मनाया जाएगा। लालू प्रसाद का जन्म 1948 में हुआ था। विगत कई वर्षो से उनका जन्मदिन 11 जून को उनके परिजनों, समर्थकों द्वारा मनाया जाता है। हालांकि, उन्होंने स्वयं कहा है कि वास्तविक जन्मदिन की तिथि ज्ञात नहीं है। प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद गरीबों एवं लाखों कार्यकर्ताओं के उर्जा के स्त्रोत हैं। वहीं, प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में 9 सीटों पर इंडिया गठबंधन द्वारा एनडीए को शिकस्त देने के बाद पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

शपथ ग्रहणा समारोह : NDA सरकार में मोदी समेत 72 मंत्री बनेंगे, इनमें 30 कैबिनेट मिनिस्टर और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री होंगे

# नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की ली शपथ, नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की

- शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे सीएम नीतीश कुमार
- एनडीए की पांच साथी पार्टियों को मंत्रिमंडल में जगह
- नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान और निर्मला सीतारमण समेत कई नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली है

एजेंसी | नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत के बाद भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने।

नेहरू 1947 से स्वतंत्रता के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नीत राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया।




### शाह, राजनाथ और गडकरी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ

अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में मंत्री के रुप में शपथ ली। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ ली। भाजपा नेता नितिन गडकरी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। वहीं जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, सुब्रह्मण्यम जयशंकर, मनोहर लाल, हरदनहल्ली देवगौड़ा कुमारस्वामी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह), सर्बानंद सोनोवाल, डॉ वीरेंद्र कुमार, राममोहन नायडू, प्रह्लाद जोशी, जूएल ओरांव, गिरिराज सिंह, अश्वनी वैष्णव एवं चिराग पासवान ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

### नयी सरकार में मोदी सहित 72 मंत्री

राष्ट्रपति ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित उनकी मंत्रिपरिषद के कुल 72 मंत्रियों को शपथ दिलायी। सूत्रों के अनुसार इनमें 30 कैबिनेट और पांच राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्री होंगे। इससे पहले श्री मोदी ने नयी सरकार के संभावित मंत्रियों के साथ बैठक की और उन्हें सरकार नीतियों, कार्यक्रमों और लक्ष्यों की वृहद जानकारी दी।

### बिहार के आठ सांसदों ने ली मंत्री पद की शपथ



ललन सिंह (जदयू) · गिरिराज सिंह (भाजपा) · जीतन राम मांझी (हम) · चिराग पासवान (लोजपा, रामविलास) · नित्यानंद राय (भाजपा) · रामनाथ ठाकुर (जदयू) · राज भूषण चौधरी (भाजपा) · सतीश चंद्र दुबे (भाजपा)

## मांझी, चिराग, ललन, गिरिराज केंद्रीय मंत्री तो रामनाथ, नित्यानंद, सतीश दूबे, राज भूषण चौधरी राज्य मंत्री

भाजपा के राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दूबे ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। बिहार भाजपा के ब्राह्मण चेहरा हैं। चंपारण में इनकी मजबूत पकड़ है। पश्चिम चंपारण से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। दो बार विधायक भी रह चुके हैं। इनकी सीट जदयू के खाते में चली गई थी। इसके बाद भाजपा ने इस बार इन्हें राज्यसभा भेज दिया। जदयू कोटे से राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर और भाजपा के नित्यानंद राय ने केंद्रीय राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति ने इन्हें शपथ दिलाई। हाजीपुर के सांसद चिराग पासवान ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इस बार उनकी पार्टी ने अभी पांचों सीटों पर जीत हासिल की है। चिराग पासवान पीएम मोदी के काफी करीबी भी है। भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता और लगातार दो बार से बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह फिर से टीम मोदी में शामिल हो चुके हैं। एनडीए सरकार में वह फिर से केंद्रीय मंत्री बन गए रहे हैं। गया के सांसद और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी और सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने मंत्री पद की शपथ ले ली है। अब यह दोनों नेता टीम मोदी में शामिल हो गए हैं। वहीं, बिहार से दो चेहरे रिपीट हो रहे हैं। वहीं, 6 सांसद पहली बार मंत्री पद की शपथ लेंगें। हालांकि, आरके सिंह और अश्विनी चौबे का पत्ता काट दिया गया है।

### खबर लिखे जाने तक इन लोगों ने ली शपथ :

**कैबिनेट मंत्री**

1. राजनाथ सिंह
2. अमित शाह
3. नितिन गडकरी
4. जेपी नड्डा
5. शिवराज सिंह
6. सीतारमण
7. एस जयशंकर
8. मनोहर लाल खट्टर
9. एचडी कुमारस्वामी
10. पीयूष गोयल
11. धर्मेंद्र प्रधान
12. जीतन राम मांझी
13. ललन सिंह
14. सोनोवाल
15. वीरेंद्र कुमार
16. राममोहन नायडू
17. प्रह्लाद जोशी
18. जुएल ओरांव
19. गिरिराज सिंह
20. अश्विनी वैष्णव
21. ज्योतिरादित्य सिंधिया
22. भूपेंद्र यादव
23. गजेंद्र सिंह
24. अन्नपूर्णा देवी
25. किरेन रिजीजू
26. हरदीप सिंह पुरी
27. मांडविया
28. जी किशन रेड्डी
29. चिराग पासवान
30. सीआर पाटिल

**राज्य मंत्री**

1. राव इंद्रजीत सिंह (स्वतंत्र प्रभार)
2. जितेंद्र सिंह (स्वतंत्र प्रभार)
3. अर्जुन राम मेघवाल (स्वतंत्र प्रभार)
4. प्रतापराव जाधव (स्वतंत्र प्रभार)
5. जयंत चौधरी (स्वतंत्र प्रभार)
6. जितिन प्रसाद (स्वतंत्र प्रभार)
7. श्रीपद यशो नाइक
8. पंकज चौधरी
9. कृष्णपाल गुर्जर
10. रामदास आठवले
11. रामनाथ ठाकुर
12. नित्यानंद राय
13. अनुप्रिया पटेल
14. वी सोमन्ना
15. चन्द्र शेखर पेम्मसानी
16. एसपी सिंह बघेल
17. शोभा करंदलाजे
18. सुरेश गोपी
19. कीर्ति वर्धन सिंह
20. बी.एल. वर्मा
21. शांतनु ठाकुर
22. कमलेश पासवान
23. बंदी संजय कुमार
24. अजय टम्टा
25. डॉ. एल. मुरुगन
26. रवनीत सिंह बिट्टू
27. संजय सेठ
28. रक्षा खडसे

## बिहार के 4 कपड़ा व्यवसायी से 2.85 लाख की लूट, 3 गिरफ्तार

निज संवाददाता | कोलकाता

घटना पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के मेटियाबुर्ज स्थित आक्रा रोड में शनिवार तड़के चार बजे की है। चारों में से राम कुमार रॉय (37) नामक एक व्यवसायी ने मेटियाबुर्ज थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद पुलिस ने वारदात स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों की मदद से तीन बदमाशों की पहचान कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये आरोपियों के नम फरहानुज्जमां अंसारी (23), मोहम्मद गुलाम वारिश उर्फ फैजान अहमद (19) और इस्तिकार अहमद उर्फ साहिल (19) ) बताये गये हैं। तीनों मेटियाबुर्ज में विभिन्न इलाकों के रहनेवाले हैं। इनके कब्जे से 1 लाख 2 हजार 500 रुपये बरामद किये गये हैं।

पुलिस सूत्र बताते हैं कि पीड़ित व्यवसायी में से एक राम कुमार रॉय ने शिकायत में बताया कि बिहार के वैशाली जिले में स्थित अबाबाकरपुर के विषणपुर कोवाही गांव से रेडीमेड गारमेंट से जुड़े कुल 4 व्यवसायी बिहार से कपड़े की खरीददारी के लिए पश्चिम बंगाल के हावड़ा पहुंचे थे। शनिवार (8 जून) तड़के हावड़ा पहुंचने के बाद वे स्टेशन से बाहर निकलकर कोलकाता के मेटियाबुर्ज इलाके में लगनेवाले कपड़े के हाट में जाने के लिए टैक्सी पर सवार हुए। पीड़ित का आरोप है कि आक्रा रोड में जब उनकी टैक्सी पहुंची थी, इसी समय चार बदमाशों ने उनकी टैक्सी रोक दी। इसके बाद चारों को टैक्सी से बाहर निकलने को कहा।

पीड़ित व्यवसायियों ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बदमाशों ने उन्हें टैक्सी से बाहर निकालकर उनकी तलाशी लेना शुरू किया। पीड़ित का कहना है कि शोर मचाने पर गोली मार देने की उन्हें धमकी दी गई। जिसके कारण वे काफी डर गये थे। बदमाशों ने उनके पास मौजूद कुल 2.85 लाख रुपये नकदी लूट लिये। इसके बाद उन्हें वहीं छोड़कर वहां से भाग निकले। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत मेटियाबुर्ज थाने में दर्ज कराई। फरहानुज्जमां अंसारी के पास से कुल 1 लाख 2 हजार 500 रुपये बरामद किये गये।

### सीसीटीवी देखकर बदमाशों की पुलिस ने की शिनाख्त

इधर, इस घटना को लेकर डीसी (पोर्ट विभाग) हरि कृष्ण पाई ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मेटियाबुर्ज थाने के एआरओ राजदीप सिंह और मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर एएस शेख ने थाने के इंस्पेक्टर के निर्देश पर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों की मदद से तीन बदमाशों की शिनाख्त की। जिसके बाद शनिवार रात को सबसे पहले फरहानुज्जमां अंसारी को गिरफ्तार किया गया।

## कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर हमला, 10 की मौत

एजेंसी | रियासी



जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पर हमला किया है। इसमें 10 लोगों के मारे गए हैं, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। नई दिल्ली में पीएम मोदी और नई कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रियासी जिले के कंदा इलाके में यह अटैक हुआ।

रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर ओपन फायर किया, जिसमें ड्राइवर घायल हुआ और उसका बस से कंट्रोल खो गया। इसके चलते बस खाई में गिर गई। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 लोग घायल हो गए।

मोहिता शर्मा ने बताया कि बस में सवार अन्य यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है। यात्रियों की पहचान नहीं हो पाई है। ज्यादातर श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के हैं। सुरक्षाबलों ने शिव खोड़ी मंदिर इलाके को सिक्योर करके अपने कब्जे में ले लिया है। आतंकियों ने बस पर ओपन फायर किया था। घटनास्थल पर गोलियों के कार्टरिज बरामद हुए हैं। आतंकियों ने बस पर ओपन फायर किया था। घटनास्थल पर गोलियों के कार्टरिज बरामद हुए हैं।

## सूबे के जिलों में 2578 शिक्षा सेवकों की होगी बहाली

निज संवाददाता | पटना

नालंदा में 81 समेत बिहार के अन्य जिलों में 2578 शिक्षा सेवकों की बहाली होगी। जन शिक्षा निदेशक अनिल कुमार ने सभी डीएम को पत्र भेजा है। जून में ही शिक्षा सेवकों के बहाली प्रक्रिया पूरा कराने का अनुरोध किया है। नालंदा जिले के उत्थान केन्द्रों में 54 तो तालीमी मरकज केन्द्रों में 27 शिक्षा सेवकों समेत सूबे के उत्थान केन्द्रों में 1465 तो तालीमी मरकज केन्द्रों में 1113 शिक्षा सेवकों की बहाली की जानी है। नालंदा जिले के उत्थान केन्द्र में 448 तो तालीमी मरकज केन्द्रों में 101 शिक्षा सेवक कार्यरत हैं। जबकि, सूबे के तमाम उत्थान केन्द्रों में 18 हजार 467 तो तालीमी मरकज केन्द्रों में आठ हजार 58 शिक्षा सेवक पहले से तैनात हैं। निदेशक ने डीएम को भेजे गये पत्र में कहा है कि महादलित, दलित व अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत जिलों में उत्थान केन्द्रों व तालीमी मरकज केन्द्रों में शिक्षा सेवकों के रिक्त पदों पर शिक्षा सेवकों के चयन की प्रक्रिया शुरू करायी गयी थी। कई जिलों में शिक्षा सेवकों का चयन कर प्रशिक्षण भी करा लिया गया था। लेकिन, लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण कई जिलों में शिक्षा सेवकों के चयन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी थी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के आदेश पर चुनाव आचार संहिता समाप्त होने पर तत्काल रिक्त पदों के विरूद्ध चयन प्रक्रिया शुरू कराने का आदेश दिया गया है।

महादलित, दलित व अल्पसंख्यक, अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत दलित टोलों में ही 25 बच्चों को स्कूल पूर्व एक या दो घंटे की कोचिंग कराने कराने का प्रावधान है। इसके बाद इन बच्चों को स्कूल भेजने की जिम्मेवारी भी शिक्षा सेवकों को सौंपी गयी है। साथ ही, 20 असाक्षर महिलाओं को एक घंटे की कोचिंग कराकर साक्षर बनाने की जिम्मेवारी भी शिक्षा सेवकों को दी गयी है।

### क्या कहते हैं पदाधिकारी?

महादलित व दलित टोलों के सर्वे की सूची बीडीओ से मांगी गयी है। 10 प्रखंडों के बीडीओ ने सूची नहीं भेजी है। इस वजह से रिक्ति का संधारण नहीं हो सका है। संबंधित बीडीओ से फिर से सूची मांगी गयी है। ताकि, निर्धारित समय पर शिक्षा सेवकों की बहाली प्रक्रिया पूरी की जा सके। मो. शाहनवाज, डीपीओ, साक्षरता, नालंदा

## 25 जून से अग्निवीर भर्ती, 11 जिलों के युवा लगाएंगे दौड़

निज संवाददाता | गया



सेना में भर्ती के लिए गया में 25 जून से अग्निवीरों की शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू होगी। बोधगया में बिहार स्पेशल आर्म्स पुलिस कैंप के ग्राउंड में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन होने वाला है। 11 जिलों के लगभग साढ़े 4 हजार अभ्यर्थी दौड़ में शामिल होंगे। अग्निवीर बहाली में लगभग 11 हजार अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी थी। इसमें साढ़े 4 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए। ये अभ्यर्थी दौड़ और मेडिकल में भाग लेंगे। 5 जुलाई तक दौड़ चलेगी। शारीरिक दक्षता में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जमा कराए जाएंगे। उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सेना बहाली के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर जिला प्रशासन तैयारी शुरू कर दी है। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि जून माह में हीट वेव की पूरी संभावना है। हर अभ्यर्थी के पास ओआरएस का पैकेट उपलब्ध करवाएं। पर्याप्त मेडिकल टीम, पैरासिटामोल दवा के साथ आइस पैक, जार, मटका का ठंडा पानी की पूरी व्यवस्था हो। वाटर कूलर की भी पूरी व्यवस्था रखें। इसके साथ साफ-सफाई, बिजली व सुचारू यातयात व्यवस्था की इंतजाम करें।

जिला प्रशासन की ओर से भर्ती में आने वाले युवाओं की सुविधा के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। भर्ती रैली में 11 जिलों के युवा भाग लेने वाले हैं जो पहले दौड़ लगाएंगे और उसमें क्वालिफाई करने के बाद उनका मेडिकल चेकअप कराया जाएगा। इनकी लिखित परीक्षा पहले ही हो चुकी है जिसमें करीब 11 हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। उनमें से लगभग साढ़े चार हजार आवेदकों को फिजिकल टेस्ट के लिए योग्य पाया गया।

## नीट परीक्षा ने 24 लाख से ज्यादा बच्चों के परिवार को तोड़ दिया है : राहुल

**नयी दिल्ली (ए.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है। श्री गांधी ने रविवार को कहा, 'नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

शुक्र के उदय होने के बाद शादी-ब्याह का सिलसिला हो जाएगा आरंभ

## शादी-ब्याह के लिए जुलाई में 10 दिनों का शुभ मुहूर्त

निज संवाददाता | पटना



शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण जून मास में शादी-विवाह पर विराम है। महीने भर लोगों को इंतजार करना होगा। जुलाई में शादी के गिने-चुने दिन है। ज्योतिष आचार्यों के अनुसार जुलाई में शुक्र के उदय होने के बाद शादी-ब्याह का सिलसिला आरंभ हो जाएगा। हालांकि, 17 जुलाई को हरिशयन एकादशी के बाद से चार माह तक मांगलिक कार्य बंद रहेंगे। विवाह माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ एवं अगहन मास में हो तो अत्यंत शुभ होता है।शादी-विवाह के शुभ लग्न मुहूर्तः मिथिला पंचांग के अनुसारजुलाईः 10,11,12 बनारसी पंचांग के मुताबिक जुलाईः 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 नवंबरः 16, 17, 22, 23, 24, 25, 26, 28, 29 दिसंबरः 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11, 14, 15 है।

मिथिला पंचांग के अनुसार जुलाई में तीन दिन व बनारस पंचांग के अनुसार सात दिन शादी का मुहूर्त है। चार्तुमास के दौरान मांगलिक कार्य नहीं होंगे। शादी ब्याह के लिए शुभ लग्न व मुहूर्त निर्णय के लिए वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु एवं मीन लग्न में से किन्ही एक का होना जरूरी है। वहीं नक्षत्रों में अश्विनी, रेवती, रोहिणी, मृगशिरा, मूल, मघा, चित्रा, स्वाति,श्रवणा, हस्त, अनुराधा, उत्तरा फाल्गुन, उत्तरा भद्र व उत्तरा आषाढ़ में किन्ही एक का रहना जरूरी है । अति उत्तम मुहूर्त के लिए रोहिणी, मृगशिरा या हस्त नक्षत्र में से किन्ही एक की उपस्थिति आवश्यक है।

## भारी बारिश होने की संभावना, आंधी तूफान की भी चेतावनी

एजेंसी | नई दिल्ली



उत्तर भारत में पड़ रही गर्मी के बीच मौसम विभाग ने अहम जानकारी दी है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों तक दक्षिणी कोंकण, गोवा, दक्षिणी मध्य महाराष्ट्र, तटीय और उत्तरी इंटीरियर कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश होने वाली है। ऐसे में लोगों को अलर्ट रहने की भी जरूरत है। हालांकि, उत्तर पश्चिम भारत के राज्यों में 9 जून से हीटवेव चलने का फिर से अनुमान है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में अगले पांच दिनों तक हीटवेव जैसी स्थिति रहने वाली है।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार में हीटवेव चली। पूर्वी यूपी में सबसे ज्यादा तापमान 42-45 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। कोंकण, गोवा, असम, मेघालय, सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मराठवाड़ा, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल आदि में भारी से बहुत भारी बारिश हुई।

मौसम विभाग ने साउथवेस्ट मॉनसून पर भी अपडेट दिया है और कहा है कि 9 जून को यह महाराष्ट्र के मुंबई, सेंट्रल अरेबियन सी आदि में पहुंच गया है। वहीं, अगले सात दिनों तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालाय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने वाली है। इसके अलावा, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कर्नाटक, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल में अगले चार से पांच दिनों के बीच बारिश होगी।



# बिहार में एक अप्रैल से लागू नई बिजली दर पर कंपनी ने जताई आपत्ति

**पटना , एजेंसी।** बिहार में एक अप्रैल से लागू नई बिजली दर पर कंपनी ने आपत्ति जताई है। उसने बिहार विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर की है। याचिका में कंपनी ने कहा है कि आयोग ने नुकसान का अधिक आकलन किया है। इस कारण कंपनी की आय में वृद्धि हो गई है। अब आयोग कंपनी की इस दलील को आधार पर याचिका पर विचार कर रहा है। अप्रैल में बिजली दर में 3.03 फीसदी वृद्धि के कंपनी के प्रस्ताव को बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने खारिज कर दिया था। आयोग ने बिजली लगभग दो फीसदी सस्ती भी कर दी थी। सस्ती बिजली होने से सभी श्रेणियों की बिजली दर में 15 पैसे प्रति यूनिट की कमी हो गई। दरअसल एक मार्च को विनियामक आयोग ने नई बिजली दर तय की घोषणा की। लेकिन कंपनी आयोग के फैसले से सहमत नहीं है। कंपनी का कहना है कि आयोग की ओर से कंपनी के नुकसान आकलन में गड़बड़ी हुई है। इससे कंपनी के वास्तविक खर्च का सही तरीके से आकलन नहीं हुआ है। इस आकलन में कंपनी को जितना पैसा खर्च के लिए मिलना चाहिए वह नहीं मिल सका है।

कंपनी ने इस तर्क के आधार पर आयोग से फिर से टैरिफ पिटिशन पर विचार करने का आग्रह किया है। कंपनी की दलील पर आयोग ने कहा है कि वह पुनर्विचार याचिका को सार्वजनिक करे। समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों को बताए कि कहां गड़बड़ी हुई है। इसके बाद इस पुनर्विचार याचिका पर आम लोगों से राय भी ली जाएगी। इसके बाद ही आयोग कंपनी की पुनर्विचार याचिका पर कोई निर्णय लेगा।

## कंपनी के पक्ष में फैसला आया तो बढ़ सकती है बिजली दर

अगर आयोग कंपनी की पुनर्विचार याचिका को मानकर फैसला सुनाता है तो बिहार में बिजली दर में वृद्धि हो सकती है। इसका सीधा असर राज्य के दो करोड़ बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। यही नहीं, उपभोक्ताओं को अप्रैल से ही नई दर के अनुसार बिजली बिल का भुगतान करना होगा। हालांकि इसकी संभावना कम है। आयोग सूत्रों के अनुसार अगर दुबारा आकलन में कंपनी के नुकसान में कुछ बदलाव भी आएगा तो उसे अगले साल की याचिका में स्वीकार किया जाएगा। चूंकि नई दर के प्रभावी हुए तीन महीने हो चुके हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं से नए सिरे से बिजली बिल वसूलने में भी परेशानी होगी। नॉर्थ एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 35 हजार 303 करोड़ 67 लाख रुपए मांगे थे। लेकिन आयोग ने 32 हजार 741 लाख की ही मंजूरी दी और 1614.12 करोड़ सरप्लस आमदनी बताई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोग ने एनबीपीडीसीएल के लिए वितरण हानि 14.55 फीसदी और एसबीपीडीसीएल के लिए 17.49 फीसदी तय किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेड पर ही मरीजों को मिलेगी सारी सुविधाएं

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** अनुमंडलीय अस्पताल नवगछिया में शनिवार को बीएम एसआई सीएल के सौजन्य और उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल और अस्पताल प्रबंधक के प्रयास से 52 बेडों पर मल्टी पैरामीटर मॉनिटर का इंस्टॉलेशन और दो ऑटोमेटिक लेबर टेबल का इंस्टॉलेशन किया गया। अस्पताल प्रबंधक रमन कुमार ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में मल्टीपल मॉनिटर 5 1.1 के सिस्टम से काम करता है जिसमें एक सीओ 2 बीपी टेंपरेचर और भी अन्य फंक्शन हैं। इससे बीपी, ऑक्सीजन और पल्स और ईसीजी जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे आने वाले पेशेंट के इलाज और ऑपरेशन में सुविधा मिलेगी। इमरजेंसी 7, ओटी में 8, लेबर रूम 9 और बाकी फेब्रिकेटेड भवन में मल्टी पैरामीटर मॉनिटर लगाया गया है।

### सुल्तानगंज में बिना एनओसी लिए बनाया सड़क

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** नगर परिषद के कचरा डंपिंग स्थल का निरीक्षण नगर परिषद के सभापति और कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा किया गया। सभापति राजकुमार गुड्डू ने बताया कि कचरा डंपिंग स्थल मिरहट्टी के निरीक्षण में पाया गया कि आरडब्लूडी विभाग द्वारा एक सड़क का निर्माण कराया गया है। जो डंपिंग एरिया में पड़ता है। आरडब्लूडी विभाग द्वारा नप से बिना एनओसी लिए सड़क निर्माण कराया गया है। जो नियमानुकूल नहीं है। इस मामले में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। इधर नप कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सीओ को इस संबंध में जानकारी दी गई है। उन्होंने अमीन भेजकर सीमांकन कराने का आश्वासन दिया है। संबंधित विभाग को भी लिखा जाएगा।

### मानपुर में चालक से मारपीट कर टोटो लेकर फरार

**भागलपुर, एजेंसी।** मानपुर(ए स) गया नवादा मुख्य मार्ग के मुफस्सिल थाना के रसलपुर रेलवे गुमटी के पास तीन चार की संख्या में अपराधियों ने टोटो चालक से मारपीट की। फिर टोटो ले भागे। इस मामले में टोटो चालक आदित्य कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चालक ने बताया कि बाईपास मोड़ के पास तीन चार लोग टोटो पर बैठकर रसलपुर जा रहे थे। रेलवे गुमटी के पार होते ही चारो युवकों में मारपीट की और टोटो ले भागे।

### नवगछिया बाजार में डिक्की से गायब किया 2,40 लाख कोढ़ा से बरामद

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** नवगछिया पुलिस ने बाजार में एक दुकान के बाहर लगी बाइख की डिक्की को तोड़कर ढाई लाख रुपये गायब करने के मामले में कार्रवाई करते हुए कटिहार के जिले के कोढ़ा नया टोला जुराबगंज में अपराधी के घर छापामारी करते हुए 2.40 लाख रुपया बरामद कर लिया है। नवगछिया थाना अध्यक्ष रविशंकर सिंह ने बताया कि 6 जून को कदवा थाना के व्यवसाई अमित कुमार अपने भाई के साथ नवगछिया आए थे और उन्होंने एक्सिस बैंक से 2.55 लाख रुपया निकाला और अपने भाई की बाइक की डिक्की में रुपया रख करके एक दुकान के अंदर खरीदारी के लिए गए। जब वे लौट कर आए तो उनके मोटरसाइकिल के डिक्की से रुपया गायब मिला। इस संबंध में अमित कुमार के बयान पर नवगछिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। नवगछिया पुलिस ने दुकान में लगी सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान की। इसके बाद नवगछिया एसडीपीओ ओमप्रकाश के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष रविशंकर सिंह, दरोगा संतोष शर्मा सहित पुलिस वालों द्वारा कटिहार जिला के कोढ़ा थाना अंतर्गत नया टोला जुराबगंज में अपराधियों के घर छापेमारी की गई और घर में छुपा कर रखा हुआ 2.40 लाख रुपया बरामद किया गया। पुलिस की भनक मिलते ही अपराधी फरार हो गए। एससीडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है जल्द ही वह पुलिस पकड़ में होगा।

# बिहार में गर्मी ने तोड़ा 55 साल का रिकॉर्ड

## 18 जिलों का पारा 40 के पार



**पटना, एजेंसी।** बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। प्रदेश में गर्मी ने 55 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 24 घंटे में औरंगाबाद का तापमान 44.6 डिग्री तो पटना में 43 डिग्री के पार रहा। जबकि बक्सर सबसे गर्म जिला रहा। यहां का तापमान 46 करीब पहुंच गया।बिहार के 18 जिलों का पारा 40 के पार चला गया। मौसम विभाग की माने तो 72 घंटे में 4 डिग्री और बढ़ेगा टेंपरेचर बढ़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 जून तक गर्मी से राहत मिलने की भी संभावना नहीं है। रविवार को राज्य के 20 जिलों में लू चलने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने भागलपुर, बांका, जमुई, भोजपुर, अरवल, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, जहानाबाद, नालंदा, गया, नवादा, लखीसराय, शेखपुरा, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया और पश्चिम चंपारण में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है।

### 55 साल का टूटा रिकॉर्ड

इस सीजन में बिहार के 55 साल का गर्मी का रिकॉर्ड टूट चुका है। 29 मई को औरंगाबाद का अधिकतम पारा 48.2 डिग्री था। इससे पहले 14 मई 1970 को गया का पारा 47.1 डिग्री था। पटना का अधिकतम तापमान ऑल टाइम रिकॉर्ड 9 जून 1966 मं 46.6 डिग्री दर्ज किया गया था।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम

10 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य, दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम और उत्तर-मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहेगा। उत्तर-पूर्व भाग के एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश और आकाशीय बिजली के साथ साथ तेज हवा चलने की संभावना है। 11 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-मध्य भाग के एक या दो स्थानों पर लू की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहेगा। राज्य के दक्षिण-पूर्व और उत्तरी हिस्सों के एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवा चलने की संभावना है।

### अधिकतम तापमान में गिरावट, फिर भी गर्मी से राहत नहीं

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, 11 जून तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी, लेकिन लू जैसी स्थिति बनी रहेगी। राज्य के 15 जिले लू की चपेट में रहे। इसमें पटना, गया, शेखपुरा, गोपालगंज, जमुई, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, बांका, औरंगाबाद, नवादा, राजगीर, रोहतास अरवल और मुंगेर शामिल है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचे। अपने आप को हाइड्रेटेड रखें। ओआरएस के साथ साथ लस्सी, नींबू पानी और छाछ का सेवन करें।

### गर्मी से राहत नहीं

अगले दो-तीनों तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। दक्षिण बिहार में कम से कम एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। ऐसा इसलिए क्योंकि बंगाल के इस्लामपुर में मानसून ठहरा हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 31 मई से इसी स्थान पर मानसून रुका है।

### 10 लोगों को रोजगार से जोड़ा

# डेयरी प्रोडक्ट बना कमा रही 8 लाख रुपए सालाना नौकरी देने की चाहत ने बनाया महिला उद्यमी

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय की तिलरथ निवासी नीतू कुमारी आज काफी चर्चित शख्सियत के रूप में सामने आई हैं। लोग उन्हें कहते थे पंचायत शिक्षक बन जाओ। हालांकि, उनका सपना नौकरी पाना नहीं, बल्कि महिला उद्यमी बनना था। जिससे वो लोगों को नौकरी दे सकें। मेहनत रंग लाई और उन्होंने डेयरी प्रोडक्ट बनाना शुरू किया।

काम इतना अच्छा चला कि बेगूसराय में दूध के कारोबार से जुड़े लोग नीतू को पहचानने लगे। आज नीतू ने 10 लोगों को रोजगार से जोड़ा है। नीतू सालाना साढ़े 8 लाख रुपए तक कमाई भी कर रही हैं। बेगूसराय के महिला उद्यमियों में पहली पंक्ति में उनका नाम शामिल है। उनके वंदना एग्रो डेयरी उद्योग में दही, पनीर, पेड़ा, घी और लस्सी तैयार की जाती है। इसकी चर्चा आसपास के गांव ही नहीं, मोकामा तक हो रही है। किसी भोज में जब लोग इनकी डेयरी से तैयार दही खाते हैं तो



मलाईदार रहने के कारण इसकी चर्चा जरूर होती है और डिमांड भी तुरंत बढ़ जाती है। नीतू ने अपने डेयरी प्लांट और प्रोडक्ट का नाम बेटी के नाम पर रखा है। नीतू बताती हैं कि 2017 में उन्होंने अपने घर पर ही दूध समिति खोला। लेकिन, जब कोरोना आया तो दूध समिति की स्थिति काफी खराब हो गई। बाहर सप्लाई बंद रहने के कारण डेयरी में काफी दूध बर्बाद होने लगा। इससे डेयरी ने उनके सेंटर से दूध लेना बंद कर दिया।

ऐसे में किसान भी परेशान हो गए। इसी दौरान नीतू ने सोचा क्यों न वह अपने सेंटर पर जमा होने वाले दूध से डेयरी प्रोडक्ट तैयार कर बेचना शुरू कर दे। इसके बाद नीतू ने घर में ही यह काम शुरू कर दिया।

### 100 से अधिक पशुपालक दूध जमा कराते हैं

इसके बाद नीतू ने अपने घर से दो किलोमीटर दूर लगौली में 6 कट्ठा जमीन लीज पर लेकर सितंबर 2023 में वंदना एग्रो डेयरी उद्योग की शुरुआत की। अब वह किसी अन्य डेयरी के लिए दूध समिति नहीं चलाती हैं, बल्कि अपने डेयरी के लिए उन्होंने अपना दूध सेंटर खोल रखा है। जहां कि 100 से अधिक पशुपालक वहां दूध जमा कराते हैं।

अकेले ही दही, घी, लस्सी, पनीर और पेड़ा बनाने लगी और पति अमरेन्द्र के सहयोग से सारा प्रोडक्ट बेचती थीं। धीरे-धीरे जब यह काम चल पड़ा तो लोन के लिए अप्लाई किया। उद्योग विभाग से लोन पास हो गया तो बैंक वाले 30 लाख का हैवी अमाउंट देने के लिए तैयार नहीं थे। पर बाद में नीतू के प्लान और प्रोजेक्ट को देख बैंक ने लोन दे दिया।

### फतेहपुर थाना क्षेत्र चार जगहों से चार बाइक चोरी, एक बरामद

**भागलपुर/फतेहपुर, एजेंसी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में चार जगहों से चार बाइक की चोरी हो गई। इसमें से पुलिस ने एक बाइक को सड़क किनारे लावारिश हालत में बरामद किया है। बताया गया है कि थाना क्षेत्र के हरदतबीघा गांव निवासी प्रभात कुमार का हीरो ग्लैमर बाइक घर के बाहर दालान से चोरी हो गई। वहीं विक्की कुमार की बाइक रुपिन मोड़ के पास से चोरी हो गई। इसी तरह डुमरीचट्टी गांव निवासी रमेश कुमार की बाइक घर के दरवाजे पाए से रात में चोरी हो गई। वहीं मोरहे गांव निवासी पवन केसरी की बाइक भी घर के बाहर से चोरी हो गई है। रमेश की बाइक को चोरी कर भाग रहे चोर पेट्रोल खत्म हो जाने पर बाइक को फतेहपुर-वजीरगंज सड़क में छोड़ दिया जिसे पुलिस ने बरामद किया।



## तेजस्वी का यादवों पर फोकस आरजेडी को पड़ा भारी? लोकसभा में हार पर लालू की पार्टी करेगी मंथन

**पटना , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की 23 सीटों पर लड़ी लालू एवं तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ( आरजेडी ) महज चार पर ही जीत दर्ज कर सकी। आरजेडी को 19 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। अब पार्टी के नेता हार की समीक्षा करने में जुट गए हैं। आरजेडी सूत्रों की मानें तो लोकसभा चुनाव में तेजस्वी का यादवों पर फोकस पार्टी के लिए भारी पड़ गया। पूर्व डिप्टी सीएम की अधिकांश रैलियां यादव बाहुल्य इलाकों में ही हुई। इससे अन्य जातियों के वोट छिटक गए। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बिहार में महागठबंधन यानी इंडिया गठबंधन के प्रचार की कमान पूरी तरह तेजस्वी यादव के हाथ में थी। उन्होंने राज्यभर में ताबड़तोड़ 251 चुनावी रैलियों को संबोधित किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि तेजस्वीकी अधिकांश सभाएं यादव बहुल इलाकों में हुईं। इसका असर भी चुनाव परिणाम पर पड़ा है। इन क्षेत्रों में आरजेडी के परंपरागत वोट के अलावे अन्य वोट को एकजुट करने में विफलता मिली। तेजस्वी की रैलियों में हुई अफरातफरी और बल प्रदर्शन ने अन्य पिछड़ी जातियों को साथ आने से रोक दिया। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इसकी भी समीक्षा की जाएगी। आरजेडी ने चुनाव में 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे जबकि 4 सीटों बक्सर, औरंगाबाद, जहानाबाद व पाटलिपुत्र पर ही सफलता मिली। कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों को निकटतम प्रतिद्वंद्वी से कम वोट मिले हैं। इसकी समीक्षा की जाएगी, उन विधानसभा क्षेत्रों में कमी कहां रह गई। आरजेडी विधायकों की भूमिका की भी समीक्षा होगी।

# पटना के नालों को अब चमकाएंगे रोबोट, सैदपुर से होगी शुरूआत

**पटना , एजेंसी।** पटना में अब तक नालों और मैनहोल की सफाई के लिए सक्कर मशीन, जेटिंग मशीन, उच्च दबाव वाली क्लीनर मशीन तथा ड्राई क्लीनिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब रोबोट से इसकी सफाई होगी। सैदपुर नाला का डिजाइन भी इसी प्रकार से किया जा रहा है कि इसकी नियमित सफाई रोबोट की जा सके। नाले का सुरक्षा दीवार, गहराई, ढलान और रैंप भी उसी के मुताबिक बनाया जा रहा है। शहर का यह पहला नाला होगा, जो रोबोट सफाई के मद्देनजर बनाया जा रहा है। सोमवार को नगर विकास एवं आवास विभाग में इस विषय पर वरीय अधिकारियों की बैठक होनी है, जिसमें प्रेंजेटेशन होना है। बुडको के अधिकारियों का कहना है कि सैदपुर नाले में तीन रैंप बनाए जाएंगे,



जिसके जरीये रोबोट नाले के नीचे उतरेगा। नाले की गहराई साढ़े तीन मीटर तक होगी। रोबोट पूरी तक आटोमेटिक संचालित होगा। नाले में काम करते समय रोबोट की मॉनिटरिंग ऊपर से मॉनिटर के माध्यम से की जाएगी। इसमें चार कैमरे लगे रहते हैं जिसके जरीये तकनीकी कर्मचारी देख सकते हैं कि नाले के नीचे क्या है। यदि कहीं ब्लॉकेज रहेगा, तो रोबोट में लगे कटर उसे हटा देंगे। इसके अलावा इसमें चार लेग भी रहेगा जिस पर रोबोट खड़ा होकर नाले की सफाई करेगा। नाला से कचरा निकालने के लिए जगह जगह पर मैनहोल बनाया जाएगा। रोबोट कचरे की सफाई कर मैनहोल के पास रख देगा, जिसे दूसरी मशीन के जरीये बाहर निकाला जाएगा।

मुंबई महानगर पालिका, मेरठ, कानपुर, कोलकाता, इंदौर आदि शहरों में मैनहोल की सफाई रोबोट से की जा रही है। हालांकि मेरठ के नालों की सफाई रोबोट से करने के लिए ट्रायल किया गया है। देश के कई अन्य बड़े शहरों में नई तकनीक से मैनहोल और नालों की सफाई करने की योजना है। बुडको और नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है रोबोट से नालों की सफाई की व्यवस्था निजी एजेंसी को देने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सोमवार को इस विषय पर विभाग में वरीय अधिकारियों की बैठक होनी है। कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन होना है। इसके बाद अगली पहल शुरू होगी। रोबोट का रख रखाव एवं सैदपुर नाले की नियमित सफाई की जिम्मेदारी निजी एजेंसी को देने की योजना है।

## संक्षिप्त समाचार

### गया कॉलेज के दो शिक्षकों को किया निलंबित

**बोधगया।** गया कॉलेज के प्राचार्य द्वारा शनिवार को गया कॉलेज, गया अन्तर्गत प्रबंधन विभाग के दो शिक्षक दीपचंद गुप्ता एवं रवि शेखर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, इसकी सूचना मगध विश्वविद्यालय को प्रेषित कर दिया गया है। दोनों शिक्षक संविदात्मक रूप से कार्यरत थे। ज्ञातव्य हो कि गया शहर में दोनों शिक्षक सात मई को नशे में गाड़ी चलाते हुए एक ऑटो को धक्का मार दिया था। घायल व्यक्ति को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया था। वहीं दोनों शिक्षकों को पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई थी।

### नाबालिग का हुआ अपहरण, प्राथमिकी

**गया।** शहर के रमना मोहल्ले से एक नाबालिग का अपहरण किये जाने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस मामले की पड़ताल कर नाबालिग को सकुशल बरामद करने के प्रयास में जुट गई है। सिविल लाइन थाना में शुक्रवार को नाबालिग की मां ने एक आवेदन दिया है। कहा गया है कि उनकी बेटी नवमी कक्षा की छात्रा है। करीब दो साल से कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद रोड का रहने वाला ईदु नामक लड़का स्कूल जाते-आते छेड़खानी करता था। इससे परेशान होकर करीब छह माह पहले स्कूल से नाम कटवा दिया था। इसके बावजूद ईदु मोहल्ले में चक्कर काटते रहता था। इसी बीच शुक्रवार की शाम जब उनकी बेटी सामान लाने बाजार गई, तो ईदु ने उसका अपहरण कर लिया। जब ये लोग ईदु के परिवार से मिलकर इसकी शिकायत की, तो परिवार वालों ने धमकी देना शुरु कर दिया। नाबालिग की मां ने बेटी की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस से गुहार लगायी है।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत परोरिया बाजार से बाइक लिफ्टर गिरोह का एक सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ा, जिसके निशानदेही पर गुरपा थाना क्षेत्र से एक चोरी की बाइक बरामद की गई। युवक की पहचान गोपी बिगहा निवासी रवि मांझी के रूप में हुई। बताया जाता है कि युवक अपने तीन साथियों के साथ परोरिया बाजार आया हुआ था। समान खरीदारी के बाद एक बाइक चोरी कर भाग रहा था, तभी बाइक मालिक को इसकी भनक लग गई और लोगों ने पकड़ कर जम कर पिटाई कर दी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आक्रोशित भीड़ के चंगुल से गिरोह के सदस्य को निकाल कर थाना लाया।

### ठाकुर मुनेश्वर नाथ सिंह की स्मृति पार्क का उद्घाटन

**गया।** औरंगाबाद जिले के गोह में अकौना स्थित ठाकुर बी डी सिन्हा जनता महाविद्यालय के संस्थापक सचिव ठाकुर मुनेश्वर नाथ सिंह का 26 वां स्मृति दिवस समारोह शनिवार का धूमधाम से मनाया गया। श्री सिंह एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार सरकार के मंत्री थे। उनके बड़े पुत्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि बिहार विधान सभा के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह ने ठाकुर साहब स्मृति पार्क का उद्घाटन किया। वहीं, वशिष्ठ अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ शशि प्रताप शाही ने ठाकुर साहब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर मुख्य अतिथि अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि ठाकुर साहब सादगी और सौम्यता के प्रतिक थे। गरीबों-शोषितों के मसीहा थे। वहीं वशिष्ठ अतिथि डॉ शशि प्रताप शाही ने कहा कि ठाकुर साहब का शिक्षा से काफ़ी लगाव था। ग्रामीण इलाकों में विद्यालय-महाविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने शिक्षा को एक नई दिशा प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता कर रहे ठाकुर संजय सिंह चौहान ने मंच से महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की वेतन राशि में डेढ़ गुना वृद्धि किए जाने की घोषणा की। प्राचार्य अरविन्द कुमार सिंह,रफीगंज पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, गोह के पूर्व विधायक मनोज कुमार शर्मा, शिक्षक प्रतिनिधि एमएलसी जीवन कुमार, पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह, प्रो विजय कुमार सिंह, प्रो शुशील सिंह, प्रो उपेंद्र कुमार, डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

### 12 को बैंक ऑफ इंडिया का समझौता दिवस

**गया।** बैंक ऑफ इंडिया देश भर में अपनी सभी शाखाओं/अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए 12 जून को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है जो उधारकर्ता व्यवसाय/चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है। बैंक की ओर से सभी एनपीए उधारकर्ताओं से अपील क गई है की वो 12 को समझौता दिवस पर अपने एनपीए ऋण खातों का निपटान कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### दो बाइकों की भिड़ंत में 3 लोग हुए जख्मी

**करायपरसुराय।** हिलसा-फतुवां सड़क मार्ग पर पेट्रोल टंकी के समीप दो बाइक के बीच हुई टक्कर में 3 लोग जख्मी हो गए। जख्मी में मां-बेटा भी शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी लोगों को इलाज के लिए पीएचसी करायपरसुराय ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच रेफर कर दिया गया। जख्मी लोगों की पहचान बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेका विगहा गांव निवासी कामता सिंह का पुत्र चंदन कुमार तथा दनियांवा थाना क्षेत्र के नेटार गांव निवासी लक्ष्मी नारायण प्रसाद की पत्नी मंत्रा देवी तथा उसके पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिन्हा ने बताया कि प्राथमिक इलाज के बाद मंत्रा देवी तथा उसके पुत्र नीतीश कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है।

### शहादत दिवस को ले 40 दिनों से चल रहे सुखमणि साहिब के पाठ का समापन

**गया।** सिखों के पांचवें गुरु गुरु अजुन देव जी महाराज का शहादत दिवस 10 जून को है। शहादत दिवस के पूर्व शहर के स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु को समर्पित स्त्री सत्संग की ओर से पिछले 40 दिनों से चले रहे सुखमणि साहिब पाठ का समापन शनिवार को किया गया। आखिरी दिन दीवान सजाकर शब्द कीर्तन कर संगत को नेहाल किया गया। बता दें कि समापन को लेकर पूरा गुरुद्वारा परिसर गुरुबाणी के पाठ से गूंजता रहा। गुरुद्वारा के ज्ञानी दयाल सिंह जी और सेवादार भाई हरदीप सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के पास अरदास लगाकर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। स्त्री सत्संग की प्रधान बीबी कवलजीत कौर ने बताया कि सांसारिक विषयों से हट कर एकाग्रचित रूप से जो भी प्राणी सुखमणि साहिब के पाठ का उच्चारण करता है और उसका श्रवण करता है उसके जीवन में सुख समृद्धि और खुशियां आती है। नियमित रूप से सुखमणि साहिब का पाठ करने वाले की काया निरोगी होती है। मौके पर रजनी छाबड़ा, वीणा गंभीर, सिमरन कौर, सोनिया छाबड़ा, मोना पूरी, परमजीत कौर, हरप्रीत कौर, जूही कौर मौजूद थीं।

### खरीफ महाअभियान सह प्रशिक्षण में किसानों को योजनाओं के बारे में बताया

**करायपरसुराय।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ई - किसान भवन परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ महाअभियान सह एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख संगीता देवी ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा प्रायोजित कृषि योजनाओं का भरपूर लाभ लेने एवं आगामी खरीफ धान की खेती नई तकनीक से करने की सलाह दी। उद्यान महाविद्यालय नूरसराय की कृषि वैज्ञानिक डॉ. माला सिन्हा एवं अनुमंडलीय कृषि पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी जन्मेजय सिन्हा ने केंद्र और राज्य सरकार की योजना के तहत रही श्री विधि एवं हाइब्रिड धान बीज के जरिए आगामी धान की खेती करने और बिचड़ा गिराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस विधि से खेती करने से कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों को अपनी समस्याओं से अवगत कराने की सलाह दी।

# आधा किमी की दूरी पर मिला पति-पत्नी का शव

## जुए की लत के कारण दंपती में होता था झगड़ा, थाने से सुलह के बाद दोनों पटना निकले थे

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 12 घंटे के अंदर पति-पत्नी का 5 सौ मीटर की दूरी पर शव मिला है। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगी बीघा गांव का है। मृतकों की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के उगन वीघा निवासी अरविंद कुमार के (25) वर्षीय पुत्र शिशुपाल कुमार और शिशुपाल कुमार की (20) वर्षीय पत्नी अंशु कुमारी के रूप में की गई। दोनों का लव मैरिज हुआ था। शनिवार की शाम अंशु कुमारी का शव जागो बीघा के बटिया खंधा के पास मिला। अंशु चार माह की गर्भवती थी। रविवार की सुबह आधा किलोमीटर दूर मोहना पर खंधा के समीप से पति की लाश मिली।

**शुक्रवार को पटना के लिए निकला निकले थे दंपती:** अंशु कुमारी के भाई चण्डी थाना क्षेत्र के रईसा गांव निवासी अंकित कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दोनों पटना जाने के लिए घर से निकले थे। शनिवार की शाम बहन के शव मिलने की सूचना मिली। पहले लगा कि बहन की हत्या कर दी गई। फिर सुबह बहनोई का शव मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मायके वालों ने बताया कि साल भर पूर्व



दोनों का कोर्ट मैरिज हुआ था। जुए की लत के कारण अक्सर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। जिसके कारण अंशु ज्यादा समय मायके में ही रहती थी।

**आठ लाख रुपए के कर्ज में डूबा था:** अंशु की मां जुली देवी ने बताया कि उनके दामाद को जुए का लत था। वह करीब आठ लाख रुपए के कर्ज में डूबे हुए थे। उन लोगों ने भी बंधन बैंक और गांव से सूद पर पैसे लेकर 1 लाख रुपए दामाद को दिया था। उनका दामाद पटना में रहकर गाड़ी चलाने का काम करता था। इन्हीं सब कारणों की वजह से पिछले 2 महीने से उनकी बेटी अंशु कुमारी मायके में ही रह रही थी। शुक्रवार को थाना में समझौता हुआ था। इसके बाद उनका दामाद बेटी को लेकर पटना के लिए निकला था। रास्ते मे ही इन्ही कारणो की वजह से जहर खाकर दोनों ने आत्महत्या कर ली होगी।

**कर्ज का बोझ काफी बढ़ गया था:** युवक के भाई निर्मल कुमार ने बताया कि जब से उसके भाई ने लव मैरिज शादी की थी तब से उन लोगों से कोई विशेष मतलब नहीं रख रहा था। पुलिस उसे पकड़ कर थाने लाई इसके बाद उसे भाई की मौत की जानकारी मिली। उसका भाई जुए की लत में डूबा हुआ था। जिसके कारण उस पर कर्ज का बोझ बढ़ गया था। उसने किससे कर्ज ले रखा था इसकी जानकारी उन लोगों को नहीं है।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई होगी:** चण्डी थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया जांच में पता चल रहा दोनों ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली है। मुंह से हल्का झाग भी निकल रहा था। युवक के भाई ने बताया कि वह जुए में 8 लाख रुपया हार गया था। जिसके कारण वह डिप्रेशन में रह रहा था। ग्रामीणों की शनिवार शाम महिला के शव पर नजर पड़ी थी। रविवार की सुबह युवक के शव को देखा गया। फिलहाल पुलिस दोनों ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई होगी।

# गया में पति की पीट-पीटकर हत्या

निज संवाददाता। गया

गया जिले के टनकुप्पा थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में पत्नी ने आज दोपहर पति की पीटकर हत्या कर दी है। घटना के बाद आरोपी पत्नी अपने बच्चों के साथ फरार है। मामला अवैध संबंध का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान मानिकपुर निवासी ज्ञानी मांझी के बेटे विजय मांझी के रूप में हुई है। वह छत्तीसगढ़ के रायपुर में मजदूरी करता था। शुक्रवार को ही वह अपने गांव लौटा है। टनकुप्पा पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीणों के अनुसार, प्रेम प्रसंग को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। गांव के ही युवक से महिला का प्रसंग चल रहा था। इसके बाद पत्नी ने विजय मांझी को बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का सिर बुरी तरह से जख्मी था। घटना की सूचना ग्रामीणों ने ही पुलिस को दी है। ग्रामीणों ने बताया कि विजय मांझी शुक्रवार को ही रायपुर शहर से मजदूरी कर घर लौटा था। मृतक की पत्नी अपने घर मे अपने 5 बच्चों के साथ रहा करती थी। इसके अलावा कोई और घर में नहीं रहता था। बताया जा रहा है कि मृतक का कोई गोतिया भाई भी गांव में फिलहाल नहीं है। एक भाई कमलेश मांझी है पर उसकी ओर से



♦ ग्रामीण बोले- प्रेम प्रसंग का है मामला, घटना के बाद पांच बच्चों को लेकर पत्नी फरार

कोई पहल नहीं की गई है।

**क्या बोली पुलिस:** टनकुप्पा थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद के कारण पत्नी ने पति की हत्या की है। हत्या के बाद पत्नी और बच्चे मौके से फरार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गया भेज दिया गया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। इस मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं आया है।

# महाबोधि मंदिर के केयर टेकर से 8.50 लाख की ठगी

निज संवाददाता। गया

बोधगया महाबोधि मंदिर के केयर टेकर भंते दीनानंद साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनसे 8.50 लाख ठग लिए गए। जब तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ तब तक ठगों ने 3.50 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस को सारी बात बताई। जिसके बाद 5 लाख रुपए होल्ड करा दिए गए। फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर अपराधियों ने भंते को फोन किया था। कहा था विदेश से आपके नाम का पासपोर्ट और एटीएम मिला है। मुंबई पुलिस से संपर्क करें। फिर पर मुंबई पुलिस का नाम लेकर दूसरे युवक से बात कराई। उसने पुलिसिया अंदाज में भंते से बात की और बुरी तरह डरा दिया। भंते से 10 लाख ठगों ने मांगे, लेकिन फिर साढ़े आठ लाख देने की बात हुई। भंते ने बिना देरी किए एक्सिस बैंक से दो बार में साढ़े आठ लाख अपराधियों के बताए



खाते में ट्रांसफर कर दिए। बौद्ध भिक्षु दीनानंद ने बताया कि ठगों ने इतना डरा दिया कि मेरे सोचने की शक्ति चली गई। उसके जाल में फंसकर खाते से 4 लाख एक बार फिर 4.50 लाख दूसरे दफे ठग लिया। उन्होंने बताया कि रुपए ट्रांसफर करने के कुछ ही क्षण बाद मन में ठगों की कुछ बातों पर शक हुआ। जिसके बाद मैंने बोधगया पुलिस से संपर्क किया। पुलिस की मदद से 5 लाख रुपया होल्ड करा दिए गए, लेकिन तब तक साढ़े 3 लाख रुपया ठगों ने निकाल लिए थे।

# जहरीली शराब कांड के आरोपी की मौत, बाथरूम में गमछे के सहारे लटक खुदकुशी का किया प्रयास

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के बिहार शरीफ मंडल कारा में बंद विचाराधीन कैदी की संदिग्ध हालत में रविवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान की सोहसराय थाना क्षेत्र के मंसूर नगर निवासी स्वर्गीय देव पासवान के वर्षीय पुत्र जितेंद्र पासवान उर्फ बोकरवा (32) के रूप में की गई है। बिहार शरीफ में 2022 में जहरीली शराब कांड हुआ था। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में जितेंद्र उर्फ बोकरवा भी आरोपी था। वह पिछले दो सालों से बिहार शरीफ मंडल कारा में बंद था। मृतक की बहन पुतुल देवी ने बताया कि शराब कांड के मामले में उसके भाई को फंसा दिया गया था और पिछले दो वर्षों से जेल में बंद था। 2 दिन पहले उसकी कोर्ट में सुनवाई थी उस दिन भी काफी अच्छे तरीके से वह बातचीत कर रहा था।



आज भी वह उससे मिलने गई थी, जहां चचेरे भाई कारू पासवान से मुलाकात हुई उसने बताया कि जितेंद्र ठीक-ठाक है। इसके उपरांत वह घर की ओर लौट पड़ी। वह अभी घर भी नहीं पहुंची थी कि उसे जेल से फोन आया की उसके भाई की तबीयत खराब हो गई है। अस्पताल पहुंचिए, जब अस्पताल पहुंचे तो देखा कि भाई की मौत हो चुकी है।

**पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप:** परिजन पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस वालों के ही कारण जितेंद्र की मौत हुई। वहीं सुरक्षा के लिहाज से सदर अस्पताल में भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात कर दिया गया।

**क्या बोले जेल अधीक्षक:** बिहारशरीफ मंडल कारा के अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि दोपहर के समय जितेंद्र कुमार उर्फ बोकर द्वारा शौचालय में आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। बाथरूम में लगे पानी के पाइप पर गमछी का फंदा बनाकर बंदी ने आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में जेल प्रशासन के द्वारा जांच की जा रही है, जिनकी भी संलिप्ता इसमें सामने आएगी उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में पुलिस जुट गई है। जितेंद्र पर कई मामले दर्ज थे। जिसके कारण वह डिप्रेशन में चल रहा था। 20-25 दिन पूर्व उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

# बाइक सवार को बचाने में आम लदा पिकअप पलटा, सड़क पर बिखरे फल समेट ले गए ग्रामीण

♦ बेतिया से नवादा जा रहा था वाहन

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार की सुबह बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आम से लदा पिकअप बीच सड़क पलट गया। मामला बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग के सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलाव हाईस्कूल के समीप बाइपास इलाके का है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेतिया से पिकअप पर आम लोड कर नवादा के हिसुआ ले जाया जा रहा था। इसी बीच नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईस्कूल के समीप अचानक से एक बाइक सवार सड़क क्रॉस करने लगा। जिसे बचाने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित होकर बीच सड़क पलट गया। आम सड़क पर बिखर गया। मॉर्निंग वॉक कर रहे और आसपास के ग्रामीणों ने सड़क पर पलटे पिकअप को फिर से खड़ा कर दिया। इस बीच कुछ लोग सड़क पर बिखरे



आम को समेट कर अपने साथ लेकर चले गए। पिकअप पर कच्चा आम लोड था। गनीमत रही कि पिकअप चालक बाल-बाल बच गया।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई होगी:** सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकअप नवादा के हिसुआ जा रहा था। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## व्यक्ति की संदिग्ध स्थिति में मौत, पत्नी ने देवर सहित तीन लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

# 8 दिन पहले दिल्ली से आया था शख्स

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सन्दिग्ध स्थिति में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गांव गांव का है। मृतक भोला सिंह का (45) वर्षीय पुत्र सुनील सिंह हैं। संपत्ति विवाद में हत्या की बात पत्नी ने कही है। घटना के संबंध में अमिता देवी ने बताया कि ससूर, भैसूर और देवर ने मिलकर पति की फंदे से लटका हत्या कर दी। वह बीती रात घर के नीचे थी। इसी बीच उन लोगों ने मिलकर पति को ऊपर के कमरे में ले गए। जहां उनकी हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस ने आत्महत्या की बात बताई।

**8 दिन पूर्व दिल्ली से आया था सुनील सिंह:** परिवार वालों ने बताया कि सुनील सिंह 8 दिन पूर्व ही दिल्ली से लौटे थे। संपत्ति बंटवारे



को लेकर पिता और भाइयों ने घर बुलाया था। वह दिल्ली में सपरिवार पिछले 20 साल से रह रहे थे। फिलहाल घटना के बाद सभी सदस्य घर छोड़ फरार है।

**कमरा अंदर से बंद था:** नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि अधेड़ ने खुदकुशी की है। कमरा अंदर से बंद था। दरवाजे को तोड़कर फंदे से लटके शव को उतरा गया है। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। परिजन संपत्ति विवाद में हत्या की बात बता रहे हैं।

# 80 की उम्र में पहली बार सांसद, केंद्रीय मंत्री भी बनेंगे

निज संवाददाता। गया

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी मोदी कैबिनेट 3.0 में शामिल होंगे। पीएम मोदी ने आज शपथ ग्रहण से पहले संभावित मंत्रियों के साथ मीटिंग की है। इसमें जीतन राम मांझी भी मौजूद रहे हैं। मोदी कैबिनेट का आज शाम 7:15 बजे शपथ ग्रहण होगा। जीतन राम मांझी आज बिहार में दलितों के बड़े नेता के तौर पर जाने जाते हैं। लेकिन उन्होंने काफी संघर्ष के बाद राजनीति में कदम रखा था। इसके बाद कभी पीछे नहीं देखा। साल 2014 में वो बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। आगे जानते हैं जीतन राम मांझी के निजी और राजनीतिक जीवन के बारे में...

**पिता मजदूरी करते थे, खुद तार विभाग में की जॉब:** जीतन राम मांझी का जन्म 1944 में गया जिले के मोहड़ा प्रखंड के महकार में हुआ था। इनके पिता रामजीत मांझी थे। रामजीत मांझी गांव के एक सम्पन्न किसान के यहां मजदूरी किया करते थे। इसके एवज में कुछ पैसे मिल जाया करते थे। मांझी के माता-पिता एक साथ ताड़ी पिया करते थे। एक दिन दोनों बाजार गए थे और लौटते वक्त दोनों ने ताड़ी पी। इसके बाद आपस में झगड़ गए। यह देख मांझी को बुरा लगा। पिता को कहा कि आप मां को पीटेंगे तो हम पढाई नहीं करेंगे। इसके बाद दोनों के बीच कुछ स्थिति सुधरी



और पढाई शुरू हुई। इस बीच मांझी की शांति देवी से शादी हुई। इनके चार बेटी और दो बेटे हैं। दो बेटों में से एक संतोष सुमन वर्तमान प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। जीतनराम मांझी ने गया कॉलेज से स्नातक किया और घर की स्थिति बेहतर नहीं होने की वजह से उन्होंने तार विभाग में सरकारी नौकरी प्राप्त की। मन शुरू से ही राजनीति की ओर खींचा

♦ जीतन राम मांझी ने तार विभाग में जॉब की, मन राजनीति में खींच लाया

चला जा रहा था। लेकिन घर की स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से छोटे भाई को पुलिस में नौकरी नहीं मिलने तक तार विभाग में नौकरी की।

**कांग्रेस के टिकट पर लड़े चुनाव:** मांझी ने तार विभाग की नौकरी छोड़ दी और राजीनीति में आ गए। पहली दफा उन्होंने 1976 में कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगा पर नहीं मिला। लेकिन 1980 में कांग्रेस ने उन्हें बुलाकर फतेहपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया। इसके बाद जीतन राम मांझी ने कभी मुड़कर पीछे नहीं देखा। साल 1980 से लगातार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। यही नहीं समय की नजाकत को भांप कर समय-समय पर पार्टियां बदलीं और चुनाव जीतते चले गए। 2015 में उन्होंने अपनी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा बनाई। इससे पूर्व वे 9 महीने के लिए प्रदेश के 23वें मुख्यमंत्री बने थे। इस बीच उन्होंने तीन बार विधान सभा का चुनाव लड़ा। 2009, 2014 और 2020 में सांसद का भी चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं मिली। इस बार 2024 में एनडीए से सांसद का चुनाव लड़ा तो जीत गए।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रावास में नामांकन के लिए आवेदन हुआ शुरू

**बक्सर**। बक्सर स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास बक्सर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अति पिछड़ा वर्ग के प्रवेशिकोतर वर्गों में अध्ययनरत छात्रों से नामांकन हेतु आवेदन शुरू हो गया। 22 जून को अपराह्न 4 बजे तक आवेदक आवेदन दे सकेंगे। जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि छात्रावास में आवासन करने वाले छात्रों को सरकार द्वारा मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान योजना एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना अंतर्गत लाभ देने का प्रावधान है। छात्रावास में नामांकन हेतु आवेदन पत्र अति पिछड़ा वर्ग के ही योग्य छात्र दे सकते हैं। आवेदक अति पिछड़ा वर्ग के सदस्य होंगे तथा न्यूनतम 11वीं कक्षा में अध्ययनरत होना चाहिए एवं आवेदन जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा बक्सर में जमा किया जाएगा। छात्रावास में रैगिंग नहीं करने संबंधित शपथ पत्र, अभिप्रमाणित जाति प्रमाण पत्र, अभिप्रमाणित अपडेट आय प्रमाण पत्र, अभिप्रमाणित निवास प्रमाण पत्र, वर्तमान में अध्ययनरत संस्थान द्वारा निर्गत पहचान पत्र की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति, विगत वर्ष के कक्षा का परीक्षा फल का अंक पत्र का स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति, स्वयं शपथ पत्र एवं तीन स्व अभिप्रमाणित फोटो, नामांकन संबंधित रसीद, आवेदन पत्र संबंधित अध्ययनरत संस्थान के प्राचार्य द्वारा सत्यापित अग्रसारित कराकर ही जमा करना होगा।

### धोखाधड़ी मामले में दर्ज हुई एफआईआर

**बक्सर**। धोखाधड़ी के मामले में शनिवार को एसपी के निर्देश पर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। ठठेरी बाजार के बृजकिशोर गुप्ता जमीन खरीदने के लिए शहर के ही रामजी वर्मा को करीब साढ़े सात लाख रुपए दिए थे। तय समय पर जमीन का रजिस्ट्री नहीं किया गया। काफी प्रयास के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं होनें पर बृजकिशोर अपने पैसों की मांग करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आरोपी ने दो चेक लौटाया। चेक बैंक में डालने पर बाउंस हो गया। पीड़ित ने इसकी जानकारी आरोपित को दी। उसके केस नहीं करने की बात कह जल्द ही पैसा लौटाने की बात कही। इस दौरान उसके कुछ पैसे वापस भी कर दिया। बाकी पैसे मांगने पर नहीं लौटाने और धमकी दी जाने लगी। पैसा नहीं मिलने पर पीड़ित ने घटना की सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। हालांकि टाउन थाना पुलिस ने मामले को टाल दिया। पीड़ित ने इसकी जानकारी एसपी मनीष कुमार को दी। थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### कार ने बाइक में मारी ठोकर, युवक घायल

**आरा**। शनिवार को आरा सलेम पुर रोड में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सनदिया गांव के समीप अनियंत्रित कार ने बाइक में ठोकर मार दिया। ठोकर लगने के बाद बाइक सड़क पर गिर गया। जिसके कारण बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। घायल युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गंगहर गांव निवासी अमन सिंह है जो योगेंद्र सिंह का पुत्र है। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक कार लेकर भागने में सफल रहा। वही मौके पर उपस्थित लोगों ने घायल को इलाज के लिए घटना की। सूचना घायल के परिवार के लोगों को दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग सदर अस्पताल पहुंच घायल का इलाज कराया।

### 10 जून से सुबह 6.30 बजे से चलेंगे जिले के सरकारी स्कूल

**आरा**। शिक्षा विभाग ने दस जून से नए समय सारणी से विद्यालय संचालित करने का निर्देश जारी कर दिया है। प्राप्त निर्देश में विद्यालय सुबह 6.30 में शुरू होगा और 10.50 तक सात घंटी कक्षा चलेंगी 11.30 तक मिशन दक्ष कि कक्षाएं संचालित किया जाएगा। वर्ग 9 से 12 तक कक्षाएं चलते रहेंगी,जो छात्र-छात्राएं मिशन दक्ष में नहीं रहेंगी उनके लिए पेंटिंग, खेल, अन्य गतिविधियां संचालित कराया जाएगा।11.30 से 12.10, तक मध्याह्न भोजन और वर्ग 9 से 12 के लिए विशेष कक्षाएं संचालित किया जाएगा।

### खरीफ कार्यशाला में दी जाएगी तकनीकी जानकारी

**बक्सर**। जिले के किसान खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों की तकनीकी जानकारी से लैस होंगे। इसके लिए कृषि विभाग की ओर से जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आगामी 11 जून को नगर भवन में होगा। जिला स्तरीय खरीफ अभियान के समापन के बाद सभी ग्यारह प्रखंड मुख्यालय में आगामी 13 जून से 24 जून तक प्रखंड स्तरीय खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक के आधुनिक तकनीक व वैज्ञानिक विधि की जानकारी देंगे। कृषि विशेषज्ञ किसानों को खरीफ मौसम में धान के अलावा मोटे अनाज की उपज बढ़ाने की जानकारी देंगे। साथ ही मक्का, ज्वार, अरहर की खेती में अच्छी उपज लेने की विधि बताएंगे। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सभी प्रखंड मुख्यालय में निर्धारित अलग-अलग तिथि पर खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 13 जून को बक्सर प्रखंड मुख्यालय में खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी तरह से 14 जून को चौसा, 15 जून को राजपुर, 19 जून को इटाढी और डुमरांव, 20 जून को केसठ और नावानगर, 21 जून को सिमरी और चौगाई, 24 जून को ब्रह्मपुर और चक्की प्रखंड मुख्यालय में खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रशिक्षण को लेकर किसानों में उत्साह है।

### 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**डुमरांव**। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बीवी गिरि हाल्ट के समीप एक किशोर को बीस लीटर शराब के साथ पकड़ा गया। वह सोवा गांव का रहने वाला है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को पूर्व में भी शराब के साथ पकड़ा गया था, जिसे कोर्ट के द्वारा चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। उसके बाद शनिवार को शराब के साथ गिरफ्तार हुआ है। इसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नवोदय विद्यालय में शिक्षक पद पर चयन



**बक्सर**। प्रतिभा अपनी जगह खोज लेती है चाहे समय प्रतिकूल भी हो| बक्सर जिला के मुफस्सिल थाना बक्सर के बोक्सा निवासी दीपक यादव ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। रासबिहारी यादव माता धनराजी देवी के बड़े पुत्र दीपक यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय अरुणाचल प्रदेश में संगीत शिक्षक के रूप में हुआ है। दीपक यादव बीपीएसी द्वारा आयोजित शिक्षक परीक्षा में चयनित होकर बतौर संगीत शिक्षक के पद पर उच्च माध्यमिक विद्यालय नचाप में कार्यरत हैं। दीपक यादव की इस उपलब्धि पर गाँव सहित पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है। मुक्तेश्वर प्रसाद, अमित कुमार ,पवन कुमार सिंह,सोनू कुमार यादव,अमित कुमार सिन्हा, अतुल कुमार सिंह, संजय तिवारी, आशुतोष कुमार, नरेंद्र राम, श्वेता कुमारी, दिप्ती कुमारी, प्रीति कुमारी, वसीम अख्तर, धनजी सिंह ,रविशंकर यादव नें मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# शादी से इनकार करने पर प्रेमी ने फोटो-विडियो किया वायरल

## एफआईआर दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू

निज संवाददाता। बक्सर




बक्सर में एक प्रेमी ने अपने प्रेमिका के साथ बिताए पल का फोटो-विडियो वायरल कर दिया है। मामले को लेकर प्रेमिका के परिजनों ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। वहीं मामला दर्ज होने के बाद महिला थाना की पुलिस जांच में जुट गई है। इसके साथ ही आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को धनसोई थाना क्षेत्र के भरखरा गांव के चंदन के साथ दो साल पहले प्रेम हो गया। युवती के अनुसार युवक का रिश्तेदारी उसके गांव में रहते है। वह उसी बहाने उसके गांव में आना जाना करता था। इस दौरान दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। दोनों दो सालों तक एक-दूसरे के साथ रहे। वहीं प्रेमी कुछ दिनों से युवती के ऊपर शादी करने को लेकर दबाव बना रहा था। जब युवती ने उसके साथ शादी करने से साफ मना कर दिया तो प्रेमी ने उसके साथ खींची फोटो और वीडियो को वायरल करना शुरू कर दिया। प्रेमी ने प्रेमिका के कई जानने वालों के मोबाइल पर फोटो और वीडियो भेज दिया। इसके साथ ही प्रेमी शादी नहीं करने पर युवती को की और तरह की धमकी भी देने लगा। अब बात अधिक बिगड़ने पर प्रेमिका ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले को लेकर महिला थानाध्यक्ष सुजाता कुमारी ने बताया कि जांच कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खेलो इंडिया के लिए भारोत्तोलन खिलाड़ी रूबी लेगी प्रशिक्षण

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले की भारोत्तोलन खिलाड़ी रूबी कुमारी को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के लिए खेलो इंडिया के तहत पटना में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण बिहार भारोत्तोलन के नवनियुक्त मुख्य कोच, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित, हंसा शर्मा के नेतृत्व में 18 जून से पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में होगा। रूबी के रहने और भोजन की व्यवस्था भी सरकार के द्वारा की जाएगी। रूबी भोजपुर जिले के सन्देश प्रखंड के सुरांगपूर गाँव की निवासी है। भारोत्तोलन खेल के लिए 23 और 24 अप्रैल को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में खेलो इंडिया योजना के तहत ट्रायल हुआ था, जिसमे पूरे बिहार से लगभग 170 खिलाडियों ने भाग लिया था। इनमें से 60 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर इन्हे पन्द्रह दिनो का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें चार खिलाड़ी भोजपुर जिले से चयनित हुए थे। प्रशिक्षण के उपरान्त अंतिम चयन सूचि में सुरांगपूर संदेश निवासी रूबी कुमारी का चयन किया गया है। भोजपुर जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि द्रोणाचार्य अवार्डी हंसा शर्मा से ट्रेनिंग लेकर राष्ट्रीये एव अंतर राष्ट्रीये स्तर पर जिले एव राज्य का नाम रूबी रौशन करेंगी। जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष राम दिनेश यादव, खेल प्रेमी राम मुर्ती प्रसाद, यंशवंत सिंह, डॉ विजय गुप्ता, सतोष कुमार, कुमार मंगलम, जय शंकर, अभय पान्डेय व संघ के संयोजक कुमार विजय रूबी की इस उपलब्ध पर हर्ष व्यक्त किया है।

# पैक्स चुनाव . प्राधिकार को निर्वाचन प्रस्ताव भेजने का निर्देश

निज संवाददाता। बक्सर

◆ गलत लिस्ट सौंपी तो होगी कार्रवाई

जिले में इसी वर्ष पैक्स का चुनाव सम्पन्न होने को है। इस बीच मतदाता सूची के प्रारूप को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस सबंध में राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव पुरुषोत्तम पासवान ने संबंधित विभाग को पत्र के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। जिसके अनुसार प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची के लिए सदस्यता सूची तीन भागों में रहेगी। पहली विगत निर्वाचन की अंतिम मतदाता सूची, दूसरी विगत मतदाता सूची के बाद नए जोड़े गए सदस्यों, ऑनलाइन बनाए गए सदस्यों सहित जहां लागू हो की सूची, इसके बाद फिर तीसरी सूची होगी। तीसरी सूची में विगत मतदाता सूची से हटाए गए सदस्यों का नाम कारण सहित बताना होगा। इसके साथ तीनों सूचियों का जिक्र करते हुए देय निर्वाचन के लिए वैध मतदाताओं की संख्या, पिछली सूची से नए बने व हटाए गए सदस्य एवं कुल वैध मतदाता व विवरणी से आच्छादित रहेगी। इसी आधार पर प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची की समेकित सूची तैयार की जाएगी। पैक्स सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी एवं प्राधिकार को समय पर निर्वाचन प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया है। सचिव द्वारा जारी पत्र में सहकारी समितियों द्वारा गलत प्रारूप मतदाता सूची समर्पित करने पर संबंधित समितियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई भी होगी। पत्र में इस यह लिखा गया है कि प्रारूप मतदाता सूची समिति की प्रबंधकारिणी द्वारा ही तैयार की जाएगी। यदि प्रबंधकारिणी द्वारा जान-बूझकर गलत कूटरचित प्रारूप मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाती है और उक्त संबंधित पदाधिकारी को अभिलेखों के आधार पर जांच में प्रारूप मतदाता सूची में संशोधन की ज़रुरत पड़ी तो संबंधित पदाधिकारी द्वारा सहकारिता अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत प्रबंध समिति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# DDC कार्यालय का जिला परिषद सदस्यों ने किया घेराव, विकास कार्यों को बाधित करने का आरोप

◆ अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में डीडीसी कार्यालय का जिला परिषद सदस्यों ने घेराव किया है। समाहरणालय स्थित डीडीसी कार्यालय के मुख्य गेट के सामने दर्जनों की संख्या में जिला परिषद सदस्य बैठ गए है। जिप सदस्यों ने अधिकारी पर मनमानी का आरोप लगाया गया है। उनका यह कहना है कि साल 2022 में जब से उनका चुनाव हुआ है, तब से लेकर आज तक विकास कार्यों को बाधित करके रखा गया है। जो भी एजेंसियां कार्य करती है, उनके साथ उप विकास आयुक्त का समन्वय स्थापित नहीं हो पाता और विकास काम शुरू तक नहीं हो पाता है।

**उप विकास आयुक्त ने आरोप से किया इनकार**: हालांकि, इस संबंध में डीडीसी ने कहा कि आरोप बे-बुनियाद है। घेराव कर रहे जिला परिषद सदस्य डॉक्टर राजीव कुमार का यह कहना है कि जनता जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछती है और जनप्रतिनिधि जब उप विकास आयुक्त के यहां उन सवालों को लेकर आते हैं, तो वह हमेशा टालमटोल भरा रवैया अपनाते हैं। ऐसे में आज कार्यालय कक्ष का घेराव किया गया है और जल्द ही कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला, तो अनिश्चितकालीन धरना भी दिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सरोज देवी, उपाध्यक्ष नीलम देवी, राजपुर की जिप सदस्य गायत्री देवी, सिमरी के जिप सदस्य केदार यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। इस मामले में उप विकास आयुक्त डॉक्टर महेंद्र पाल से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि वह किसी काम के कारण डुमरांव आए हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जो आरोप जिला परिषद सदस्य लगा रहे हैं, वह सही नहीं है।

# 750 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, 1 बदमाश पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार

निज संवाददाता। बक्सर



◆ बाइक जब्त

बक्सर के मुरार थाना की पुलिस ने गांजा के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। इसके पास से 750 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को थाना क्षेत्र के बैदा मोड़ में हुई है। इसके पास से एक अपाची बाइक भी पकड़ा गया है। जबकि, एक तस्कर पुलिस को चकमा दे भगाने में सफल रहा। इसकी जानकारी प्रेस वार्ता कर डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने दी है। डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि मुरार थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि नावानगर इलाके से गांजा की खेप आने वाली है। तुरंत टीम का गठन कर जगह पर नाका पर लगा दिया गया।

**पांच हजार रुपया नकदी भी बरामद**: एक मोटर साइकिल पर सवार होकर दो लोग आ रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही भागने लगे। लेकिन, पुलिस के जवानों ने भाग रहे एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया। जबकि, एक साथी भागने में सफल रहा है। विधिवत जब उस व्यक्ति की जांच की गई, तो उसके शरीर में बांधे गये पैकेट में सात सौ ग्राम गांजा और पांच हजार रुपया नकदी राशि मिली। गांजा के साथ धराया व्यक्ति की पहचान नावानगर निवासी विनोद कुमार के रूप में हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब गांजा तस्कर विनोद से सघन जांच पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि गांजा का डिलीवरी देना है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गांजा के तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीमा पर पहले से गश्त को और तेज कर दिया गया है।

# 14 तक प्रथम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों का होगा नामांकन

निज संवाददाता। आरा

आरा वीर कुंवर सिंह विवि ने चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन सत्र, 2024-28 में नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची शनिवार को जारी कर दिया है। प्रथम मेधा सूची के तहत 67 हजार 800 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। ये चयनित अभ्यर्थी भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के कॉलेजों में 14 जून तक ऑफर लेटर डाउनलोड कर नामांकन कराएंगे। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि आवेदनकर्ता जिस कॉलेज का चयन प्राथमिकता के तौर पर किए थे उसी कॉलेज में नामांकन के लिए इस बार मौका दिया गया है। पिछले वर्ष की तरह तीन कॉलेजों का विकल्प न देकर एक कॉलेज में नामांकन के लिए मेधा सूची जारी किया गया है। पहले तीन कॉलेजों का विकल्प देने पर नामांकन की प्रक्रिया में काफी विलंब हो जाता था। अभ्यर्थी तीन में से एक कॉलेज का चयन करते थे तो दो कॉलेजों में सीटें रिक्त रह जाती है। वह रिक्त सीटें अगली मेधा सूची में जाकर जुटता था। इससे नामांकन प्रक्रिया में काफी समय लगता था। इस बार बदलाव किया गया है। चयन के लिए एक ही कॉलेज दिया गया है जहां अभ्यर्थी को नामांकन लेना होगा। उन्होंने बताया कि 17 जून को विश्वविद्यालय दूसरी मेधा सूची जारी करेगा।

गौरतलब हो कि भोजपुर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले के 19 अंगीभूत कॉलेजों एवं 59 संबद्ध कॉलेजों में नामांकन के लिए एक लाख 23 हजार 800 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। कोटे का दावा करने वाले अभ्यर्थियों का नामांकन बाद में होगा चार वर्षीय पाठ्यक्रम स्नातक सेमेस्टर वन में कोटे का लाभ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को ही मिलेगा जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन के समय संबंधित कोटे का प्रमाण-पत्र पोर्टल पर अपलोड किया है।

# 45.3 डिग्री की लू ने झुलसाया

निज संवाददाता। बक्सर

शनिवार को जिले का तापमान पूरे राज्य में सबसे अधिक रहा। अधिकतम तापमान 45.3 पहुंच गया, जो सामान्य से 7.1 डिग्री अधिक रहा। सीवियर हीट वेव पूरे दिन चलती रही। वहीं न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रहा। सुबह 7 बजे से ही धूप के तेवर से लोगों के पसीने छूटने शुरू हो गए। कार्यालय जाने वाले लोग किसी प्रकार मजबूरीवश कार्यालय पहुंचे। दोपहर में तेज गर्मी के चलते सड़कें भी तप गईं। सुबह 7 बजे 29 डिग्री तापमान था। लेकिन, 1 घंटा बाद 8 बजे इसमें 9 डिग्री की वृद्धि होकर पारा 37 डिग्री पहुंच गया। 9 बजे 41, 10 बजे 42 डिग्री, 11 से 12 बजे के बीच 44 डिग्री, लेकिन, दोपहर एक बजे 41 व उसके बाद 2 से 4 बजे तक 45.3 डिग्री सेल्सियस था। इस दौरान सीवियर हीट वेव चली। अगले 72 घंटे में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। मानसून आने में अभी देरी है। जब आकाश के निचले भाग में बादल बनने लगेंगे तब मानसून की इंट्री के संकेत मिलेंगे। जिले में मौसम के शुष्क बने रहने व उमस भरी गर्मी के बीच सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लग रही है। बड़ी संख्या में लोग डायरिया, बुखार,चर्म रोग व डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। फिर तापमान में 1-2 डिग्री गिरावट आने लगी। गर्मी से बचाव के लिए लोग शीतल पेयजल, आइसक्रीम, सत्तू, बेल, आम का शरबत पी कर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते रहे। अस्पतालों में मरीज बढ़े सदर अस्पताल में लगभग सभी जगहों से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। जिले के प्रखंड के पीएचसी व सीएचसी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के ओपीडी में आधे से अधिक मरीज मौसम जनित रोगों के पहुंच रहे हैं। इधर,डायरिया,तेज बुखार,बदन पर चकत्ता होने व लू लगने के मरीजों से जिले के प्राइवेट अस्पताल व नर्सिंग होम भी पट गए हैं। अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत कुमार ने बताया कि डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल लू के लक्षण वाले मरीज नहीं आ रहे हैं। 16 जून से शुरू होगी प्री-मॉनसून की वर्षा इस उमस भरी गर्मी से जल्द हीं राहत मिलने की संभावना है। क्योंकि जिले में 16 जून के बाद से प्री मानसून की गतिविधियां शुरू होगी। आसमान में बादलों का आवागमन होगा। हवा की दिशा बदलेगी। इसके 4-5 दिनों बाद बारिश होने की संभावना जताई गई है। 20 जून से बारिश होने की संभावना बन रही है। जिससे किसानों को खेतीबारी में लाभ होगा।

किसान अपने खेतों में धान का बिचड़ा डाल सकते हैं। आमजनों के साथ पशु-पंक्षियों को भी गर्मी से राहत मिलेगी। बारिश होने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कमी होगी। अधिकतम तापमान 37-38 तो न्यूनतम तापमान 29-30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। यह जुलाई महीना के शुरूआत से ही मानसून जिले को कवर कर लेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर के धक्के से युवक जख्मी, रेफर

**कहलगांव**। एनएच-80 पर शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के समीप शनिवार शाम करीब 4 बजे ट्रैक्टर के धक्के से एक युवक घायल हो गया। जख्मी युवक बिशनपुर निवासी सचिन कुमार (22) पिता विनोद कुमार यादव अपनी बाइक का पंक्चर बनवा रहा था। इसी बीच शिवनारायणपुर की ओर से तेज गति से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सचिन की बाइक में धक्का मार दिया। इससे वह जख्मी हो गया। साथ ही उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों व परिजनों ने पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल कहलगांव पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देख डॉक्टर ने उसे मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया।

### सांप के काटने से बच्चे की मौत

**पीरपैंती**। मानिकपुर दियारा के वार्ड 12 स्थित बिंदटोली में शनिवार को सांप के काटने से रामाशीष सिंह के 9 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार की मौत हो गई। पिता ने थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि अत्यधिक गर्मी के कारण पुत्र कच्चे घर में नीचे चटाई पर सोया था। इसी क्रम में किसी विषैले सांप ने उसे काट लिया। इसके बाद वह चिल्लाने लगा। हाथ से खून निकलने लगा। परिजनों के साथ रेफरल अस्पताल पीरपैंती लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। उधर मुखिया अरविंद साह ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

### आरपीएफ ने यात्री को बैग वापस किया

**भागलपुर**। बड़हरवा से भागलपुर तक 13404 वनांचल एक्सप्रेस में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात एएसआई मंटू सिंह ने ट्रेन के सामान्य बोगी से एक पिट्ठू बैग बरामद किया। बोगी में बैठे यात्रियों से बैग के बारे में जानकारी ली तो कोई जानकारी नहीं दे सका। आरपीएफ ने बैग से एक मोबाइल फोन, पहचान पत्र, पर्स, एटीएम कार्ड और कुछ कपड़े बरामद किए। आरपीएफ बैग को थाने ले आई। कुछ समय बाद एक व्यक्ति थाने पहुंचा। उसने अपनी पहचान कोकराडी बंगाल के रूप में इंद्रजीत कुमार बताया। उसने बताया कि वो आसनसोल से मिर्जाचौकी आ रहा था। गंतव्य स्टेशन पर उतरने के दौरान जल्दबाजी में वो अपना एक बैग ट्रेन में भूल गया। आरपीएफ ने टिकट और पहचान पत्र से मिलान करने के बाद आवेदन लेकर बैग यात्री को सौंप दिया।

### महिला ग्राहक और दुकानदार में मारपीट

**भागलपुर**। भीखनपुर में एक महिला ग्राहक व मोबाइल दुकानदार के बीच विवाद हो गया। महिला ने आरोपी दुकानदार पर मारपीट व अभद्रता का आरोप लगाते हुए तिलकामांझी थाने में शिकायत की। वहीं, दुकानदार ने भी महिला पर दुकान में आकर हंगामा व बदसलूकी का आरोप लगाया। हालांकि बाद में दोनों पक्ष ने केस आपस में समझौता कर लिया। शनिवार को महिला ग्राहक व दुकानदार तिलकामांझी थाने पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार महिला ने मोबाइल दुकान से ईयर बड्स खरीदी थी, लेकिन वह जल्द खराब होने पर उसने सर्विस के लिए दुकान में दी थी। महिला का आरोप है कि दुकानदार सर्विस में देरी कर रहा है।

### मेयर को ज्ञापन देकर पेंशन की मांग

**भागलपुर**। नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों ने मेयर डॉ. बसुंधरा लाल को ज्ञापन सौंपकर पेंशन दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देनेवालों में मनीष प्रसाद यादव, देवेंद्र कुमार मिश्र, शांति पोद्दार व अन्य शामिल हैं। उन लोगों का कहना है कि 1981 से ही दैनिक मजदूरी पर कार्य कर रहे थे। 25 अगस्त 2011 को सेवा स्थायी हुई, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद भी पेंशन से वंचित हैं। जबकि, इस श्रृंखला के कई कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्हें अन्य लाभ के अलावा पेंशन भी मिल रही है। लेकिन हम पुराने कर्मचारियों को पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। सभी ने जल्द पेंशन की मांग की।

### शास्त्रीय वादन में 'राग रस बरसे' की धुन ने मोहा मन

**भागलपुर**। किलकारी की ओर से शनिवार को गोशाला परिसर में 'राग रस बरसे' कार्यक्रम के तहत शास्त्रीय सितार वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश के युवा सितार वादक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने शास्त्रीय सितार वादन किया। दर्शकों ने राग रस आंनद लिया। आगे वादन में गीतमाला की प्रस्तुति हुई। जिसमें भजन व पुराने फिल्मी गीत की प्रस्तुति हुई। सुनील जैन ने कहा हरियाणा से आए सितार वादक डॉ. सुरेंद्र कुमार का अंग की इस धरती पर स्वागत हैं। सितार वादक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि किलकारी के बच्चे काफी मेहनती करके सितार वादन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सितार गुरु प्रवीर और साहिल के प्रयास से सितार की एक पीढ़ी तैयार हो रही है। मौके पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी साहिल राज, गिरधारी केजरीवाल मौजूद रहे।

### घायल युवक को लेकर अस्पताल पहुंची पुलिस

**मुंगेर**। कासिम बाजार थाना पुलिस ने कोणार्क सिनेमा के समीप से एक युवक को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घायल युवक ने अपना नाम प्रमोद सहनी, पिता विशुनदेव सहनी लल्लू पोखर बताया है। उसने बताया कि वह शनिवार को अपने पड़ोसी बब्लू से पांच साल पहले उधार दिया 5 हजार रुपये मांगने गया था। जिसे लेकर बब्लू ने अपने एक मित्र देवा के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। जिसके बाद वह शिकायत करने थाना जा रहा था। जहां कोणार्क सिनेमा के पास से पुलिस उसे लेकर अस्पताल आ गयी। हालांकि कासिम बाजार थाना पुलिस ने बताया कि युवक कोणार्क सिनेमा के समीप घायल हालत में खड़ा था, जिसे पुलिस द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल लाया गया है।

### शहीद बिरसा ने लिया था अंग्रेजों से लोहा

**भागलपुर**। सामाजिक संस्था स्वाभिमान द्वारा प्रगति शिक्षण संस्थान मंदरोजा में क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का 124वां शहादत दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता संस्था के संस्थापक जगतराम साह कर्णपुरी ने की। शहीदी दिवस का शुभारंभ क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर रंजन कुमार राय ने किया। अन्य सदस्यों ने भी चित्र पर पुष्पांजलि कर क्रांतिकारी बिरसा मुंडा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रंजन कुमार राय ने कहा कि आज जिस आजादी के वट वृक्ष के नीचे हम सभी खुली सांसे ले रहे हैं उसे सजाने-संवारने में क्रांतिकारी आदिवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उसी आदिवासी क्रांतिकारियों में एक थे शहीद बिरसा मुंडा, जिसने जल, जंगल और जमीन पर संपूर्ण अधिकार के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लिया था। इस मौके पर अजय शंकर प्रसाद, चंदन कुमार, गोपाल, नवल आदि मौजूद रहे।

### विवि की जमीन के लिए छात्र राजद करेगा आंदोलन

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के बने हुए 6 वर्ष से अधिक हो गए। लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय के uअपना भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। यहां तक विश्वविद्यालय के लिए जमीन का भी अधिग्रहण नहीं हो पाया है। जबकि मुंगेर विश्वविद्यालय के साथ ही पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की भी स्थापना हुई। आज पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में है और मीठापुर बस स्टैंड की जमीन पर ही पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय 8 एकड़ में बनेगा। लेकिन मुंगेर विश्वविद्यालय के लिए अभी तक जमीन भी चिन्हित नहीं किया गया है। यह बातें छात्र राजद के प्रदेश महासचिव ईशु यादव ने कही। छात्र राजद नेता श्रवण कुमार और मनीष यादव ने कहा कि आरडी एंड डीजे कॉलेज के परीक्षा भवन में मुंगेर विश्वविद्यालय का कब तक संचालन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में अभी तक पीएचडी सेन्टर नहीं हो पाया है और ना ही पीजी डिपार्टमेंट ही बनाया गया है। इस प्रकार बिहार सरकार मुंगेर विश्वविद्यालय के साथ अन्याय कर रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय के लिए अविलंब जमीन चिन्हित कर विश्वविद्यालय का भवन बनाया जाए। अन्यथा बहुत जल्द छात्र राजद मुंगेर प्रमंडल के सभी जिले में जनआंदोलन खड़ा करेगा।

# शिव मंदिर डीप बोरिंग में आता है करंट, स्कूल के बच्चों के लिए खतरा

## ग्रामीण बोले- शिकायत के बाद भी एक्शन नहीं

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में नगर निगम की लापरवाही लोगों की जान ले सकती है। शहर के वार्ड संख्या 46 स्थित छत्रपति पोखर स्थित शिव मंदिर परिसर में नगर निगम के द्वारा डीप बोरिंग का निर्माण कराया गया है। डीप बोरिंग में बिजली का करंट आता है। जिसकी सूचना स्थानीय दो दर्जन लोगों ने नगर आयुक्त को लिखित रूप से भी दिया है। कई बार लिखित रूप से देने के बाद भी नगर निगम प्रशासन के तरफ से कोई भी एक्शन नहीं लिया गया। शिव मंदिर परिसर में सरकारी स्कूल भी है। जहां छोटे बच्चे एवं बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। भीषण गर्मी में अपने प्यास बुझाने के लिए स्कूली बच्चे बोरिंग तक आते हैं और खुद से चालू करते हैं इसके साथ-साथ बारिश का मौसम भी आने वाला है। अगर समय रहते नगर निगम प्रशासन इस पर एक्शन नहीं लिया तो आने वाले समय में यह नगर निगम प्रशासन की बड़ी लापरवाही होगी और बच्चों की जान जा सकती है।

**बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खतरा**: स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार लिखित रूप से नगर आयुक्त को आवेदन दिया गया लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इलाके के



सैकड़ों बच्चे शिव मंदिर परिसर स्थित स्कूल में पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। भीषण गर्मी होने के वजह से सभी बच्चे डीप बोरिंग में ही पानी पीने के लिए जाते हैं। जहां पर करंट लगने की संभावना बनी रहती है। इसको जल्द दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को कई बार लिखित रूप से आवेदन दिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। समय रहते अगर नगर निगम प्रशासन इस पर संज्ञान नहीं लिया तो बच्चे करंट के चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द निगम प्रशासन इस पर ध्यान दे। क्योंकि सैकड़ों बच्चों की जिंदगी दाव पर है।

# आरटीई आवेदन में नजदीक के पांच स्कूल का छात्रों को देना होगा आवेदन

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निजी स्कूलों में नामांकन के लिए एक जून से ज्ञानदीप पोर्टल को सक्रिय कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होगी। 18 जून तक छात्रों का पंजीकरण होगा। 18 से 19 जून तक ऑनलाइन स्कूल का आवंटन किया जाएगा। 20 से 30 जून तक चयनित बच्चों का सत्यापन और एडमिशन होगा। जिले में शिक्षा विभाग से प्रस्वीकृति प्राप्त सभी निजी विद्यालयों में बच्चों का कक्षा एक में नामांकन लिया जाएगा। इस पोर्टल पर बच्चों का प्रारंभिक पंजीकरण किया जाएगा : अभिभावक अपने मोबाइल नंबर के साथ इस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन करते समय माता-पिता या अभिभावक के आधार कार्ड का सत्यापन अनिवार्य होगा जबकि बच्चों के आधार कार्ड का सत्यापन वैकल्पिक होगा। बच्चे का आधार कार्ड आवेदन के समय अनिवार्य नहीं होगा लेकिन नामांकन के तीन महीने के अंदर बच्चों का आधार कार्ड अनिवार्य रूप से संबंधित विद्यालय में जमा करना है। स्कूल के हेडमास्टर बच्चों के आधार को पोर्टल पर अपलोड कराएंगे। पंजीकरण के बाद आवेदन अभिभावक के मोबाइल नंबर पर एसएमएस से यूजर आईडी भेजा जाएगा। इस आईडी से लॉगइन करने के बाद ही अभिभावक नामांकन फॉर्म भर सकेंगे। 12 जून तक भरा जाएगा पीजी सेम-4 का परीक्षा फॉर्म मुंगेर। मुंगेर विवि में पीजी सेमेस्टर-4, सत्र 2022-24 के लिए शनिवार से परीक्षा फॉर्म भराया जा रहा है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अमर कुमार ने बताया कि इस सत्र के लिए 8 जून से परीक्षा फॉर्म भराया जा रहा है। जिसके लिए बिना विलंब शुल्क के 12 जून तक का समय दिया गया है। जबकि 13 से 14 जून के बीच 100 रुपए अतिरिक्त विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने का समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर-4 के लिए विशेष मौका दिया जा रहा है। जिसमें उक्त अवधि तक वैसे विद्यार्थी, जो सेमेस्टर-1 व 2 उत्तीर्ण है तथा सेमेस्टर-3 में प्रमोटेड है, वैसे विद्यार्थी भी इस बार सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। हालांकि सेमेस्टर-3 में फेल विद्यार्थियों को सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का मौका नहीं दिया जाएगा। जबकि परीक्षा फॉर्म भरने के पूर्व विद्यार्थियों को अपने संबंधित पीजी विभाग या पीजी सेंटर में दस्तावेज सत्यापित करना अनिवार्य है।

# हैमबर्ग में आयोजित हुआ ट्रायथलॉन यूरोपीयन चैंपियनशिप

निज संवाददाता। मुंगेर

◆ डॉ. सुभाष वल्लभ विजेता ने जर्मनी में जीता आयरन मैन का खिताब

जर्मनी के हैमबर्ग शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ट्रायथलॉन यूरोपीयन चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मुंगेर के नेत्र सर्जन डॉ. सुभाष वल्लभ विजेता ने आयरन मैन का खिताब जीता। बता दें कि जर्मनी के हैमबर्ग में 02 जून को अंतर्राष्ट्रीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्विमिंग के बाद साइकलिंग और उसके तत्काल बाद रनिंग होता है। जिसमें स्विमिंग 3.8 किलोमीटर, साइकिलिंग 180.2 किलोमीटर एवं रनिंग 42.2 किलोमीटर (मैराथन) के बराबर है। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इस तीनों स्पर्धा को पूरा करने के लिए तथा आयरन मैन का खिताब जितने के लिए कुल 16 घंटे निर्धारित किए गए थे। डॉ सुभाष ने संयुक्त रूप से कुल 12 घंटे 59 मिनट में सफलतापूर्वक इसे पूरा कर आयरन मैन का खिताब जीता। साथ ही अपने पिछले रिकार्ड को भी बेहतर बनाया। पिछले साल ही स्वीडन के कलमार शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के तीनों स्पर्धा को 13 घंटे 7 मिनट में पूरी किए थे। उनकी इस सफलता को लेकर जमालपुर रेलवे से जुड़े कई अधिकारी एवं कर्मचारी, जमालपुर विकास मंच, नागरिक मंच, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, लायंस क्लब एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुंगेर के कई सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं डॉ सुभाष ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति खेल एवं प्रकृति से जुड़कर ही स्वस्थ रह सकता है। मैंने मात्र 2 साल का प्रतिदिन 8 घंटा समय देकर इस प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार किया।

# भागलपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, घर में रखा सारा सामान जलकर राख

## घटना के वक्त घर में नहीं था कोई

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शनिवार को अचानक आग लगने से एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना बबरगंज थाना क्षेत्र के महमदाबाद का है जहां पर हादसा हुआ है। अचानक लोगों ने आग की लपटे घर से निकलते देखा। इसके बाद शोर मचाना शुरू किया। घटना की जानकारी के बाद आसपास के दर्जनों लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाने की कवायद शुरू की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। आग की लपेटे इतनी तेज थी कि लोगों के बीच भगदड़ का माहौल हो गया। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को मिलने के बाद मौके पर पहुंची, जिसके बाद घंटों कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं हादसे के वक्त घर में कोई नहीं था। आसपास के लोगों ने दरवाजे का ताला तोड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि अजय शर्मा के घर में आग लगी थी, हादसे के वक्त अजय शर्मा का परिवार घर में नहीं



था। लोगों ने बताया कि अजय शर्मा के घर से अचानक आग की लपटे निकलते देखा। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से हादसा हुआ है।

**लाखों रुपए के सामान जलकर राखः** इधर, मामले को लेकर वार्ड पार्षद पंकज गुप्ता ने बताया कि हम लोगों को जानकारी मिली कि अजीत अजय शर्मा के घर में आग लग गई है। घटना की जानकारी के बाद तुरंत हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड टीम को दिया है हादसे में लाखों रुपए की सामान जलकर राख हो चुका है। इधर, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जर्दालू आम और नवगछिया की लीची से सजा बाजार, भागलपुर में 60 से 70 रुपए किलो बिक रहा है

## प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भी भेजा गया है

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर का मशहूर जर्दालू आम और नवगछिया की लीची से बाजार सच चुका है। शहर के सैंडिस कंपाउंड के चारों तरफ और मुख्य बाजारों में भी भागलपुरी जर्दालू आम और नवगछिया की लीची खूब बिक रही है। इस साल सीजन के हिसाब से बिल्कुल सही समय पर जर्दालू आम बाजार पहुंचा है। लोग जर्दालू आम और लीची की जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। सुबह ग्राहकों की संख्या कम होती है। लेकिन शाम होते ही आम और लीची के लिए लोगों की भीड़ लग जाती है। हालांकि पिछले साल की तुलना में इस साल आम की कीमत ज्यादा है। भागलपुर के बाजार में जर्दालू आम 60 से 70 रुपए किलो बिक रहा है। बता दें कि देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को



भागलपुर का जर्दालू आम सौगात के रूप में हर साल भेजा जाता है।

**60 से 70 किलो तक बिक रहा है जर्दालू आमः** स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार कारोबार काफी ठीक-ठाक है। ग्राहकों की भीड़ सुबह से लेकर शाम तक लगी रहती है। यहां जर्दालू आम के लिए लोग ज्यादातर पहुंचते हैं। पिछले साल आम 20 किलो तक बिका, लेकिन इस बार आम 60 से 70 किलो तक बिक रहा है। जर्दालू आम की बिक्री अच्छी है।

**प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति को भी भेजा गया है आमः** ग्राहक सत्यम वर्मा ने बताया कि इस बार जर्दालू आम की कीमत थोड़ा ज्यादा है, लेकिन सब ठीक है। भागलपुर का फेमस आम है। हम लोग प्रत्येक साल अपने जिले के आम का स्वाद लेते हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार आम की कीमत बढ़ी है, लेकिन कोई बात नहीं। बता दें कि पिछले दिनों भागलपुरी जर्दालू आम देश के प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति और कई गणमान्य को करीब 2 हजार पेटी भागलपुर से भेजा गया है।

# 10 जून से सेमेस्टर-वन की नामांकन प्रक्रिया होगी शुरू

निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू में छात्रहित को देखते हुए स्नातक सेमेस्टर वन में रुकी हुई नामांकन प्रक्रिया को फिर से अविलंब शुरू किया जाएगा। 10 जून से रुकी हुई नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। डीएसडब्ल्यू को इस आशय का पत्र सभी कॉलेजों को जारी करने का निर्देश दिया है। नामांकन शुल्क मामले में सिंडिकेट ने स्पष्ट कहा कि डीएसडब्ल्यू की ओर से 12 जून को जारी पत्र को ही प्रभावी बनाते हुए इसे लागू किया जाए। नामांकन के समय एससी, एसटी कोटि के छात्र और सभी कोटि की छात्राओं से नामांकन शुल्क नहीं लिया जाना है। प्रथम मेधा सूची का प्रकाशन 10 जून को होगा। जबकि 6 जुलाई से वर्ग अध्यापन कार्य प्रारंभ होगा। सिंडिकेट सदस्य व एमएलसी



डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि केवल नामांकन शुल्क माफ किया जा सकता है। लेकिन यदि सभी तरह के शुल्क को माफ कर दिया जाएगा तो अंगीभूत और सम्बद्ध महिला महाविद्यालयों में ताला लटक जाएगा। चौक और डस्टर पर भी आफत हो जाएगा। कॉलेज चलाना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि छात्र-छात्राओं का शुल्क ही महाविद्यालय का मुख्य आंतरिक स्त्रोत है। उन्होंने कहा की शिक्षा विभाग की ओर से जारी दोनों पत्र विरोधाभासी हैं।

# नक्सल प्रभावित डंगरा पहाड़ी पर 3 मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, 2 धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

जिले में अवैध हथियार का धंधा बंद होने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस द्वारा लगातार इस पर कार्रवाई की जा रही, बावजूद हथियार निर्माण और उसकी खरीद-फरोख्त पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग रहा। अब तक इस वर्ष पुलिस ने दर्जन भर से अधिक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। बावजूद हथियार तस्करी का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की देर शाम टेटियाबंबर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित डंगरा पहाड़ी जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर 3 मिनी गन फैक्टरी का उद्भेदन किया। इस छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने निर्मित देशी कट्टा, मैगजीन, बैरल, जिंदा कारतूस, खोखा सहित अर्धनिर्मित पिस्तौल व हथियार बनाने के उपकरण की बरामदगी के साथ ही दो धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो तस्कर पहाड़ और जंगल का फायदा उठा कर वहां से भागने में सफल रहा। तस्करों के खिलाफ टेटियाबंबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया सूचना मिली थी कि टेटियाबंबर थाना क्षेत्र के डंगरा के समीप पहाड़ी जंगल में बड़े पैमाने पर हथियार का निर्माण कार्य किया जा रहा है। खड़गपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शुक्रवार की देर शाम जंगल में छापेमारी की गई। इस दौरान की गई छापेमारी में पुलिस ने तीन मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया।

# एचआईएमएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए 15 नर्सिंग होम को मिला आईडी-पासवर्ड

निज संवाददाता। मुंगेर

संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन और नियमित टीकाकरण के अद्यतन डाटा से स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराने को लेकर शनिवार को आईएमए हॉल में पब्लिक - प्राइवेट इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल या नर्सिंग होम में होने वाले संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन के स्थाई साधन के रूप में महिला बंध्याकरण और बच्चों के नियमित टीकाकरण के अद्यतन डाटा से स्वास्थ्य विभाग अवगत नहीं होने से विभाग के द्वारा ऐसा मान लिया जाता है कि महिलाओं का प्रसव संस्थागत नहीं होकर घर पर हो रहा है। इसके साथ ही परिवार नियोजन के तहत महिला बंध्याकरण लक्ष्य



के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा प्राइवेट हॉस्पिटल में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं का नियमित टीकाकरण भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राइवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग होम के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न इंडिकेटर्स के अनुसार डाटा अपलोड करने के लिए एचआईएमएस पोर्टल लॉन्च किया गया है। शहर के 15 प्राइवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग होम का आईडी और पासवर्ड बनाया गया है। आने वाले किसी एक दिन शहर के विभिन्न प्राइवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग होम में कार्यरत डाटा ऑपरेटर को सदर अस्पताल में एक उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कर एचएमआईएस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग कि सहयोगी संस्था पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनएफएचएस 5 के आंकड़ों के अनुसार संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण में पब्लिक और प्राइवेट हॉस्पिटल के योगदान का डाटा शेयर करते हुए उसमें सुधार कि संभावनाओं पर चर्चा किया। इस मौके पर सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रमन कुमार, डॉ. सुभाष चंद्रा, राहुल कुमार, डॉ. नील केतु, डा. कविता बरनवाल आदि मौजूद थे।






# मृदा परीक्षण करवायें उत्पादन बढ़ायें

कई वर्षो पूर्व से ही मृदा परीक्षण का उपयोग मिट्टी में किसी तत्व विशेष की कमी को ज्ञात करने के लिए किया जा रहा है, परन्तु वर्तमान में दिन प्रति दिन उर्वरको के मूल्यों में हो रही वृद्धि तथा इनके अत्याधिक उपयोग से पर्यावरण की गुणवत्ता प्रभावित होने के कारण इसका उपयोग ऐसी मृदाओं की पहचान करने के लिए किया जा रहा है जहॉं पर्याप्त या आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। मृदा परीक्षण जहॉं यह सकेंत देती है कि, कौन सी मृदा में किस तत्व की कमी है, वहॉं यह परीक्षण यह भी बताती है कि किन मृदाओं में उर्वरकों की अधिकता है अथवा किन मृदाओं में उर्वरको के उपयोग से लाभ नही है जिसके अनावश्यक उपयोग से पर्यावरण को हानि हो सकती है।



## अत: मृदा परीक्षण करवाना अति आवश्यक है क्योकि :

- मिट्टी के सर्वेक्षण एवं वर्गीकरण हेतु।
- मिट्टी में सुलभ पोषक तत्वों की मात्रा ज्ञात कर विभिन्न फसलों में खाद एवं उर्वरको की सिफारिश हेतु।
- किसी मृदा में उर्वरक उपयोग से लाभदायक प्रतिफल प्राप्त करने की संभावनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु।
- सघन खेती के कारण खेत की मिट्टी में उत्पन्न विकारों की जानकारी एवं मृदा सुधारकों के उपयोग हेतु और
- मृदा की अम्लीयता एवं क्षारीयता के निर्धारण हेतु।

## क्या है मृदा परीक्षण ?

किसी भी रासायनिक या भौतिक पैनाने को जो मृदा पर की जाती है, मिट्टी परीक्षण कहते है। परन्तु सामान्यतः इसका अर्थ मिट्टी के रासायनिक परीक्षण से लिया जाता है।

## कब कराये मृदा परीक्षण ?

मिट्टी का परीक्षण सामान्यतः कभी भी किया जा सकता है, परन्तु गर्मियों का समय इसके लिये आदर्श अथवा उपयुक्त होता है। क्योकि प्रक्षेत्र की परिस्थितियॉं नमूना एकत्र करने के लिए आदर्श होती है, तथा परीक्षण के परिणाम खरीफ की फसल के पहले प्राप्त किये जा सकते है। इसके अलावा प्रत्येक तीन वर्षों में फसल मौषम के शुरू होने से पूर्व एक बार मृदा परीक्षण अवश्य ही करवाना लेना चाहिए।

## नमूना लेने के लिए आवश्यक उपकरण कौन-कौन से है?

नमूना एकत्र करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया जाता है। सामान्यतः इसके लिये आगर या साइल प्रोन (गिरमिट), खुरपी या फावड़ा, चाकू, साफ बाल्टी या तसला तथा कपड़े या पालिथीन की थैलियॉं उपयोग की जाती है। यदि भूमि नम हो तो ट्यूब आगर और यदि कड़ी सूखी जमीन हो तो स्क्रू आगर उपयोगी है। आगर नमूना लेने के लिए सबसे उपयोगी है, क्योंकि इनसे मिट्टी का एकसार भाग तथा निश्चित गहराई से लिया जाता है। यदि ये उपलब्ध न हो तो खुरपी या फावड़े से नमूना लिया जा सकता है। परन्तु इस परिस्थिती में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि प्रत्येक स्थान से समान गहराई से तथा एकसार मिट्टी की मात्रा ली जायें।

क. कृषक का नाम तथा डाक का पूरा पता

ख. पिछली ली गई फसल तथा उपयोग की गई उर्वरकों की मात्रा

ग. नमूना लेने की तिथि

घ. ली जाने वाली फसल (सिंचित या असिंचित)

ड. भूमि का स्थलाकृति

च. लक्षित उपज



## मृदा नमूना एकत्र करने के लिए कौन सी विधि अपनायें ?

- मिट्टी की उपरी सतह (निर्धारित किये गये स्थान से) घास-फूस पत्थर के टुकड़े आदि साफ कर लें।
- ट्यूब आगर को रखकर घुमाते हुये अदंर दबाये जब यह 15 सेमी. अन्दर चला जाये तो उसे बाहर निकाल लें। अन्दर की मिट्टी निकाल कर तसले में रख लें। ट्यूब आगर के अभाव में खुरपी या फावड़े से ष्ष् आकार के 15 सेमी. गहरा गड्ढा बना लें। तिकोन की उपरी सतह से खुरपी या फावड़े की सहायता से दीवार के साथ-साथ पूरी गहराई तक मिट्टी की 1 या 2 इंच मोटाई की एक समान परत निकालें।
- इस तरह 10-15 स्थानों से एकत्र की गई मिट्टी को साफ तसले, बाल्टी या टेऊपर इकठ्ठा करें।
- एकत्रित की गई मिट्टी के बड़े ढेलों को हाथ से या लकड़ी से पीटकर बारीक कर लेवें तथा अच्छी तरह मिला लेवें।
- मृदा परीक्षण के लिये करीब 500 ग्राम मिट्टी की आवश्यकता होती है। यदि नमूने की मिट्टी इससे अधिक हो, तो चार भागों में बांट लेवें तथा दो परस्पर आमने सामने के भागों को रखकर बाकी मृदा फेंद दें। यह प्रक्रिया तब तब दुहराएँ जब तक की आवश्यक मात्रा (500 ग्राम) मिट्टी शेष न रह जाए।
- इस मिट्टी को साफ कपड़े या प्लास्टिक की थैली में भरकर इसके साथ दो मोटे कागज के टुकड़ों पर निम्न सूचना लिखकर एक टुकड़ा थैली के अंदर व दूसरा थैली के मुहॅं पर बॉंध देना चाहिए। यह नमूना पूरे खेत का प्रतिनिधित्व करता है।

## नमूना लेते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

- असाधारण क्षेत्र जैसे- रास्ता, सिंचाई की नाली, पुरानी मेंड, खाद का ढ़ेर, पेड़-झाड़ आदि के आस-पास के स्थानों से नमूना न लें।
- दलदल वाली जगह, निचले क्षेत्र गढ्ढों से नमूना न लें।
- वर्षा के तुरंत बाद या खाद व उर्वरक उपयोग के तुरंत बाद नमूना न लें।
- तैयार नमूना खुला न छोड़ें।
- नमूना लेते समय यह ध्यान रखे कि किसी भी परिस्थितियों में उर्वरको के खाली बारों का उपयोग मृदा नमूना को एकत्रित करने के लिये न करें।

मृदा परीक्षण से कौन-कौन से लाभ होते है?

- मृदा में उपस्थित पोषक तत्वों का पता लगा करके जिस पोषक तत्व की कमी हो उसे पूरा किया जाता है जिसमें मृदा की उर्वरकता तथा उत्पादकता बनी रहें।
- मृदा में उपस्थित पदार्थों की मात्रा का पता लगाकर उसमें पाये जाने वाले विभिन्न सूक्ष्म जीवाणुओं की क्रियाओं का पता लगाया जा सकता है।
- मृदा के उचित परीक्षण से फसल का चुनाव संबंधित निर्णय पूर्ण ढ़ग से लिया जा सकता है, जिसमें कि अधिक से अधिक उपज ली जा सकें।
- मृदा परीक्षण से प्राप्त परिणामों के अनुसार मृदा में उपस्थित पोषक तत्वों का पता लगाकर फसलो के लिये उर्वरकों की मात्रा की सिफारिश की जाती है।
- इसके आधार पर कार्बनिक खाद व रासायनिक उर्वरकों पर लगने वाले अतिरिक्त मूल्यों को कम किया जा सकता है।
- अम्लीयता तथा क्षारीयता का पता लगाकर उसे सुधारने हेतु उचित प्रबंध किये जा सकते है, तथा साथ ही साथ इनके आधार पर फसलों का उचित चुनाव किया जा सकता है।

# धान के फसल हेतु नीत हरित कई के उपयोग कैसे करें



छत्तीसगढ में और क्षेत्रों की अपेक्षा धान की औसत उत्पादन कम होने के प्रमुख कारणों में यहां के करीब 80 से 85 प्रतिषत धान उत्पादकों का छोटे और सीमांत किसान होना है जो अपनी कमजोर आर्थिक परिस्थितियों के कारण आधुनिक कृषि तकनिक को सफलतापूर्वक नही अपना पाते विषेष कर दिनों दिन बढ़ते रासायनिक उर्वरकों की किमत इन रासायनिक उर्वरकों में नत्रजन युक्त उर्वरक जैसे यूरिया आदि के उपयोग का अपना स्थान है। जिसकी मांग तथा खपत और उर्वरकों में ज्यादा ही रहती है। किसानों को अब यह भी मालूम हो चला है कि धान के  फसल में डाले गये नत्रजन उर्वरक का सिर्फ 30 - 35 प्रतिषत भाग ही उपयोग हो पाता है। शेष नत्रजन किन्ही कारणों से पौधों को उपलब्ध नही हो पाता साथ ही रासायनिक उर्वरकों के साल दर साल लगातार उपयोग करते रहने से भूमि की गुणवत्ता में कमी आने लगती है जो धीरे - धीरे उत्पादन को प्रभावित करती है। दूसरी ओर वायुमण्डल में उपस्थित 78 प्रतिषत नत्रजन तत्व का उपयोग पौधे अपने लिये सीधे तरीके से नही कर पाते है। प्रकृति में कुछ ऐसे सुक्ष्म जैव की प्रजातियां पाई गई है जो वायुमण्डलीय नत्रजन को स्थापित कर धान के फसल को आंषिक मात्रा में नत्रजन की पूर्ति करता है। यही वह प्रकृतिजन्य जैव पदार्थ है जिसे हम नील हरित काई कहते है। यह विषेष काई एक जैविक खाद है जो नत्रजन धारी रासायनिक उर्वरक का सस्ता व सुलभ विकल्प है जो धान के फसल को न सिर्फ 25 - 30 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टेयर की पूर्ति करता है बल्कि उस धान के खेत में नील हरित काई के अवषेष से बने सेन्द्रीय खाद के द्वारा उसकी गुणवत्ता व उर्वरता कायम रखने में मद्द गार साबित हुई है। साथ ही इसके उपयोग से धान के फसल में लगने वाले नत्रजन युक्त रासायनिक उर्वरक की तिहाई मात्रा की भी कटौती की जा सकती है। यह भी देखा और पाया गया है कि नील हरित काई से इस फसल में उपचार से धान का बीज जल्द अंकुरित होता है तथा पौधा अपेक्षाकृत ज्यादा स्वस्थ होता है इसके कारण करीब 15 प्रतिषत अतिरिक्त उत्पादन मिलने में सहायक सिध्द हुई।

## धान के खेत में नील हरित काई के उपचार

छत्तीसगढ़ में प्रमुख रूप से ब्यासी अथवा रोपा पध्दति से ही धान की खेती की जाती है। इन दोंनों ही विधि में नील हरित काई का उपयोग लाभ प्रद सिध्द हुआ है। धान के ब्यासी और चलाई करने के अथवा रोपा वाले खेत में धान के पौधों को रोपने के 6 से 10 दिन के भीतर, नील हरित काई के 10 किलोग्राम सुखे पाउडर को पूरे खेत में छिड़क कर उपचारित कर दिया जाता है। ध्यान रहे नील हरित काई को उपचारित करने के पूर्व उस खेत में आवष्यकता से अधिक पानी को निकाल कर करीब 8 से 10 सें.मी. पानी ही रखें और इतना ही पानी स्थिर रूप से कम से कम 20 दिनों तक इस खेत में कायम रखें। इससे नील हरित काई की बढ़ोतरी और फैलाव ठीक तरह से होता है। काई की यही बढ़ोतरी और फैलाव वायुमण्डलीय नत्रजन को स्थिर करने में उपयोगी होता है। नील हरित काई के उपचार में निम्न प्रमुख बातों पर अवष्य ध्यान देना चाहिए।



1. ब्यासी करने के बाद अथवा रोपा लगने के 6 से 10 दिन के भीतर ही नील हरित काई का उपचार किया जाना आवष्यक है। इस काई के उपचार के पहले ध्यान रहे धान के खेत में 8 से 10 सें.मी. से ज्यादा पानी न हो। खेत सुखने न पाये इसके लिये खेत के मेड़ों में से चूहे के बिल आदि को तथा मुही को बंद कर दिया जाय।
2. ब्यासी के समय अथवा रोपा के लिये तैयार करने के समय  ही स्फुर की पूरी मात्रा डाल दें। स्फुर की उपस्थिति नील हरित काई की वृध्दि के लिये आवष्यक होता है।
3. धान के खड़े फसल में नील हरित काई की सिर्फ 10 किलों ग्राम सुखे पाउडर प्रति हैक्टेयर की आवष्यकता होती है जिसे पूरे खेत में छिड़क कर बिखेर दिना चाहियें।
4. खेत में जलीय कीड़े लगने पर आवष्यक कीट नाषक दवाइयों का उपयोग किया जा सकता है इन कीट नाषक दवाइयों का प्रतिकूल प्रभाव नील हरित काई के वृध्दि में नही होता।
5. यदि धान के खेत में गहरे रंग के हरे रेषे दार स्थानी काई दिखे जो कि धान के फसल के लिये नुकसान दायक होता है उसे नष्ट करने के लिये नीला थोथा (कापर सल्फेट) का 0.05 प्रतिषत घोल (1 ग्राम एक लीटर पानी में) का छिड़काव किया जाय। इसें हर तीन चार दिन में दुबारा छिड़कें इससे हरा काई समूल नष्ट हो जायेगा।
6. इस जैविक खाद के साथ ही नत्रजन धारी रासायनिक उर्वरक का भी सीमित मात्रा में उपयोग किया जा सकता है। यदि ऐसे रासायनिक उर्वरक का उपयोग करना चाहे तो कंसा निकलने के समय या सिफारिष के मुताबित एक तिहाई यूरिया की मात्रा को बचाकर बाकी यूरिया के उपयोग से ज्यादा उत्पादन लिया जा सकता है।
7. एक बार जिस खेत में नील हरित काई जैविक खाद का प्रयोग किया गया हो वहां यही कोषिष रहे कि उस खेत में लगातार 3 से 4 वर्षो तक इस जैविक खाद का प्रयोग हो रहे। इससे आने वाले वर्षो में इस काई के पुर्नउपचार व आवष्यकता नही होती। साथ ही उस भूमि की उर्वरता बन रहती है।
8. जिस खेत में नील हरित काई का उपचार किय गया हो अगले उन्हारी सीजन में कोई भी फसल विषेष क चना लेना अत्यंत लाभ प्रद पाया गया है।

## नील हरित काई के उपयोग से लाभ

1 नील हरित काई एक जैविक खाद है जिसे धान उत्पादक किसान अपने स्तर पर आसानी से तैयार कर सकते है।

2. नील हरित काई सामान्य रूप से धान के फसल को करीब 25 से 30 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर नत्रजन की पूर्ति करता है।

3. यह काई उपचार के पश्चात प्रत्येक सीजन में अपने अवषेषो के द्वारा करीब 800 से 1200 किलो ग्राम तक सेन्द्रीय खाद प्रति हैक्टेयर की पूर्ति भी करता है जिसका वजह से खेत के मिट्टी की गुणवत्ता और उपजाऊ क्षमता कायम करती है।

4. अघुलनषील व अनुपलबध स्फूर तत्व जो कि किसी भी फसल के लिये आष्यक होता है नील हरित काई ऐसे तत्व को उपलब्ध कराने में सहायक होता है।

5. नील हरित काई के द्वारा कृछ ऐसे रासायनिक पदार्थ स्त्रावित होता है जिससे बीजों का अंकुरण और फसलों में समान रूप से वृध्दि होती है।

6. लगातार 3 - 4 वर्षो तक यदि धान के उसी खेत में नील हरित काई का उपयोग किया जाये तो आने वाले कई सीजन तक पुनः उपचार करने की आवष्यकता नही होता साथ में इस काई के उपयोग का लाभ आगामी उन्हारी फसल पर भी देखा गया है।

7. जैविक खाद के रूप में नील हरित काई के उपयोग के फलस्वरूप  अतिरिक्त उपज हमलने से करीब 1400 रू. से 1500 रू प्रति हैक्टेयर तक शुध्द आमदनी होती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# जनादेश का संदेश

अठारहवीं लोकसभा चुनाव के परिणाम न केवल चौंकने, बल्कि सोचने पर भी मजबूर कर रहे हैं। कोई बहुत बड़ा उलट-फेर नहीं है, पर जो हुआ है, उसकी तरह-तरह से विवेचना संभव है। अगर शुद्ध गणितीय दृष्टि से देखें, तो कुल मिलाकर, केंद्र में सत्तारूढ़ प्रमुख पार्टी को जोर कम हुआ है। चार सौ पार पहुंचने का उसका मनसूबा पूरा नहीं हुआ। पिछले चुनाव में भाजपा को अकेले ही 303 सीटों के साथ भारी बहुमत मिला था, पर इस बार बहुमत दरकता दिखा है। वैसे, भारत जैसे राजनीतिक, सामाजिक विविधता वाले देश में यह कोई कम बड़ी बात नहीं कि एक पार्टी-एक नेता नरेंद्र मोदी लगातार दो बार सत्ता में रहने के बावजूद तीसरी दफा भी मिले-जुले जनादेश के बाद सरकार बनाने में सक्षम हो गए हैं। उन्हें न जाने क्या-क्या कहा गया, लेकिन व्यापकता में लोगों की नजरों में वह अभी भी देश के नंबर वन नेता हैं। हां, यह जरूर है कि साल 2014 और साल 2019 के चुनाव में भाजपा को अकेले ही बहुमत हासिल था और अन्य सहयोगियों के साथ वह बहुत आसानी से दस साल तक सरकार चला पाई। अब ताजा चुनावी नतीजे पहला इशारा तो यही कर रहे हैं कि तीसरी बार भाजपा को सरकार चलाने में उतनी सुविधा नहीं होगी। मतलब, देश में दस साल बाद फिर गठबंधन पर निर्भरता का दौर लौट आया है।विपक्ष के नजरिये से अगर परिणामों को देखा जाए, तो यह एक बड़ी कामयाबी है कि प्रमुख विपक्षी गठबंधन के पास सवा दो सौ से ज्यादा सीटें हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में विपक्षी गठबंधन यूपीए के पास 92 सीटें थीं, पर अब इंडिया ब्लॉक के पास इतनी सीटें हैं कि वह मजबूती के साथ सत्ता पक्ष को चुनौती दे सकता है। पिछले चुनाव में समाजवादी पार्टी विपक्ष में तो थी, पर कांग्रेस के साथ नहीं थी, इस बार कांग्रेस के साथ उसका होना खासतौर पर उत्तर प्रदेश में रंग लाया है। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ ही कांग्रेस को भी बहुत लाभ हुआ है। समाजवादी पार्टी देश में तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है, तो देश में दूसरे नंबर की पार्टी के रूप में कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन को बहुत सुधारा है। पिछले दो चुनावों में वह 44 और 52 सीटों पर सिमट गई थी, जिससे मुख्य विपक्षी पार्टी और नेता प्रतिपक्ष का आधिकारिक दरजा भी उसे नहीं मिल सका। इस बार कांग्रेस के पास 20 प्रतिशत के करीब सीटें हैं और उसे मुख्य विपक्षी होने का आधिकारिक दर्जा मिल जाएगा। अत- लोकसभा में कांग्रेस के पास एक नई शुरुआत करने का मौका है। गौर करने की बात है कि इस चुनाव में गठबंधन की बहुत बड़ी भूमिका रही है।

# कैंसर के दायरे में युवा

देश में कैंसर को लेकर जैसी जागरूकता होनी चाहिए, वह भी संतोषजनक नहीं है। इसका इलाज अब भी सामान्य आयवर्ग की क्षमता से बाहर है। यह गंभीर चिंता की बात है कि देश के युवाओं की एक बड़ी संख्या कैंसर जैसे रोग की चपेट में आ रही है। यह स्थिति तब है जब पिछले कुछ दशक के दौरान आय के स्तर से लेकर खानपान और रहन-सहन आदि के मामले में ज्यादातर लोगों के बीच गुणात्मक सुधार देखा गया है। मगर इसके समांतर यह भी सच है कि इसी बीच सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ एक बड़ी आबादी खाने-पीने की चीजों और जीवनशैली को लेकर लापरवाह भी हुई है। इसका नतीजा यह है कि सामान्य से लेकर कुछ जटिल बीमारियां भी चुपके से लोगों के बीच अपने पांव फैला रही हैं। कैंसर भी उन्हीं घातक रोगों में से एक है। हाल में आई एक रपट में बताया गया है कि कैंसर रोगियों में से बीस फीसद की उम्र चालीस वर्ष से कम थी। इससे पता चलता है कि देश की युवा आबादी के बीच कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। कहा जा सकता है कि इस तरह के अध्ययन से कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने और देश को कैंसर मुक्त बनाने में सहायता मिल सकती है। मगर इससे यह भी साफ है कि कई वजहों से युवा इस रोग की जद में आ रहे हैं। फिलहाल इसकी चपेट में आए युवाओं में सिर और गर्दन के कैंसर के लक्षण पाए जा रहे हैं, मगर इस रोग की जैसी प्रकृति रही है, उसे देखते हुए इसके विस्तार से उपजे खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस बीमारी के इलाज के मामले में अब तक जो सीमित उपाय हैं, उसमें इसे जीवनशैली में सुधार, टीकाकरण और समय पर जांच से रोका जा सकता है, मगर अफसोस की बात है कि ज्यादातर मामलों में चूंकि लोगों को पता नहीं चल पाता और इसी वजह से जांच में देरी होती है, इसलिए इसके शरीर में जानलेवा स्तर तक फैलने का खतरा पैदा हो जाता है। आज अक्सर लोगों को अपने संपर्क के ही किसी व्यक्ति के कैंसर से पीड़ित होने या उसकी मौत की खबर सुननी पड़ती है।

# उत्तर भारत में फिर गठबंधन की गूंज

**(नीरजा चौधरी, वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक)**

*समाजवादी पार्टी इतना अच्छा करेगी या कांग्रेस इतनी सीटें ले आएगी, यह किसी ने नहीं सोचा होगा। इसका एक बड़ा कारण है, सपा का नया प्रयोग। उसने 'एमवाई' का विस्तार किया, यानी मुसलमान व यादव प्रत्याशियों को बहुत कम सीटें दीं। दो दर्जन से अधिक उम्मीदवार उसने गैर-यादव ओबीसी के उतारे, दलित व जाटव को टिकट दिए। यह भी एक वजह है कि दलितों के मत सपा को गए। लगता यही है कि बसपा का आधार उससे छिटक रहा है।*

इस बार का लोकसभा चुनाव अंकुश लगाने वाला साबित हुआ है। लगातार दो बार अपने बूते बहुमत पाने वाली भाजपा मानो थम गई है। लोगों के मन में चुनाव से पहले कई तरह की आशंकाएं थीं- कहीं हम एकदलीय निरंकुश सरकार की ओर तो नहीं बढ़ रहे? क्या संविधान में मनमर्जी का बदलाव होने जा रहा है? राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के दलित टोलों में डर था कि यदि संविधान बदल दिया गया, तो क्या उनका आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा? उत्तर प्रदेश के राजपूत चिंतित थे कि यदि बेलगाम सरकार आई, तो शायद वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल्ली बुला ले? सवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा के आपसी रिश्ते को लेकर भी थे। इस बार कई जगहों पर संघ उस तरह सक्रिय नहीं दिखा, जितना वह पिछले चुनावों तक था। फिर, टिकट बंटवारा भी एक बड़ा मसला रहा। बाहरी लोगों को टिकट देने से पुराने कार्यकर्ता खुश नहीं थे। वे इसे 'भाजपा का कांग्रेसीकरण' कहने लगे। इन सब विवादों को भाजपा नेतृत्व द्वारा नजरंदाज करने की नीति से यह शक गहराने लगा कि '400 पार' का नारा यूं ही नहीं दिया गया है। लिहाजा, इस जनादेश का संकेत यही है कि गठबंधन के बूते भाजपा सरकार तो बना सकती है, पर उसकी लगाम अब सहयोगी दलों के हाथों में होगी। हालांकि, यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ जरूर की जानी चाहिए, क्योंकि दस साल के शासन के बाद उनके नाम पर ही वोट मांगे गए और भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनने में सफल रही। मोदी पार्टी का चेहरा न होते, तो भाजपा के लिए इतनी सीटें जुटाना इस बार काफी मुश्किल होता। इस चुनाव की असली कहानी उत्तर प्रदेश ने लिखी है। बाकी राज्यों का नतीजा काफी कुछ प्रत्याशित है, बेशक कुछ सीटें ऊपर-नीचे हैं। मसलन, महाराष्ट्र में शुरुआत से ही 'इंडिया' ब्लॉक के असरदार रहने के कयास लगाए जा रहे थे, जिसकी वजह थी, उद्धव ठाकरे और शरद पवार के प्रति सहानुभूति। लोगों ने देखा था कि किस तरह से इनकी पार्टियों को तोड़ा गया। यहां तक कि इनके नाम और चुनाव-चिह्न तक छीन लिए गए। इसीलिए, तंत्र व विधायकों की जुगलबंदी पर सहानुभूति की लहर भारी पड़ गई। पश्चिम बंगाल में भी ममता बनर्जी का प्रदर्शन चौंकाता नहीं है। उन्होंने अकेले लड़कर न सिर्फ अपनी जमीन बचाई, बल्कि भाजपा से कई सीटें छीन लीं। इसी तरह, राजस्थान में यह अंदेशा था कि जाट और राजपूत की नाराजगी एनडीए को भारी पड़ सकती है और वह दिखा भी है। हरियाणा में जाट दो वजहों से सरकार से नाराज थे- किसान आंदोलन और महिला पहलवानों से दुर्व्यवहार। इसका असर नतीजों पर पड़ा। ओडिशा में भी भाजपा ने जो कमाल दिखाया है, उसकी चर्चा पहले से थी। वहां लोकसभा ही नहीं, विधानसभा चुनावों में भी बीजद को करारी मात मिली है। बिहार की तस्वीर भी अलग नहीं है। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजद छोड़ भाजपा का दामन थामना काम कर गया। गैर यादव, महादलित, पसमांदा मुसलमान जैसे पिछड़े समुदाय नीतीश के साथ रहे हैं, जिसमें सेंध लगाने की कोशिश तेजस्वी यादव ने चुनाव के दौरान की, मगर वह सफल नहीं हो सके। फिर, यहां भाजपा में उत्तर प्रदेश जैसा अंदरखाने कोई विवाद भी नहीं था। जाहिर है, चौंकाने वाले नतीजे सिर्फ उत्तर प्रदेश से आए हैं। यहां समाजवादी पार्टी इतना अच्छा करेगी या कांग्रेस इतनी सीटें ले आएगी, यह किसी ने नहीं सोचा होगा। इसका एक बड़ा कारण है, सपा का नया प्रयोग। उसने 'एमवाई' का विस्तार किया, यानी मुसलमान व यादव प्रत्याशियों को बहुत कम सीटें दीं। दो दर्जन से अधिक उम्मीदवार उसने गैर-यादव ओबीसी के उतारे, दलित व जाटव को टिकट दिए। यह भी एक वजह है कि दलितों के मत सपा को गए। लगता यही है कि बसपा का आधार उससे छिटक रहा है। माना जा रहा है कि मायावती के 25 फीसदी दलित वोट सपा को मिले हैं, जबकि 10 फीसदी भाजपा को। वैसे, उत्तर प्रदेश में भाजपा की इतनी बुरी स्थिति की एक वजह राजपूतों की नाराजगी भी है। पहले दो चरणों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजपूतों ने वोट देने के बजाय घर में रहने का फैसला किया था। नतीजतन, उनको मनाने के लिए भाजपा नेतृत्व को कई दौरे करने पड़े थे। यह आम चुनाव मतदाताओं के हिंदू-मुसलमान मुद्दे से छिटकने की मुनादी भी करता है। इस बार धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण की कई कोशिशें की गईं, लेकिन उसका जमीन पर कोई असर नहीं दिख रहा। बेशक लोग खुद को धर्म से जोड़ते हैं। यहां तक कि कई जाटवों का चुनाव-पूर्व कहना था कि यदि मायावती किसी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट देती हैं, तो वह भाजपा को वोट देंगे। मगर लगता यही है कि हिंदू-मुसलमान के नाम पर वे अब शायद ही तनाव चाहते हैं। कांग्रेस के लिए यह नतीजा संजीवनी है। विशेषकर उत्तर प्रदेश में उसे फिर से पांव जमाने का मौका मिल सकता है। अमेठी व रायबरेली घूमते हुए मुझे वीपी सिंह के समय की याद आ रही थी, क्योंकि कांग्रेस नेताओं की हर पंक्ति पर लोग उसी तरह उत्साहित होते दिखते थे, जैसे वीपी सिंह के भाषणों से। तब अंदेशा था कि कांग्रेस इस भीड़ को शायद ही वोट में बदल सकेगी, क्योंकि उसके पास सांगठनिक ढांचा तक नहीं है। पर अमेठी की जीत ठोस संकेत है कि उसका एक कार्यकर्ता किसी मंत्री को मात दे सकता है। लगता है कि पार्टी ने राज्य में अपने पुनरोद्धार की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। साफ है, विपक्ष ने पूरा दमखम दिखाया है। संसद में मजबूत विपक्ष की वापसी कई लोगों को सुकूनदेह लग रही होगी, क्योंकि इससे सरकार और संस्थान, दोनों पर अंकुश लगाने में मदद मिलती है। मगर इसे मोदी सरकार के खिलाफ मोहभंग की शुरुआत मान सकते हैं? इसके लिए फिलहाल हमें और आंकड़ों की जरूरत होगी। **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# दक्षिणी सूबों में इंडिया ब्लॉक ने अपना दमखम दिखाया

**(एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)**

दक्षिण की कहानी इस बार भी भाजपा के लिए कुछ निराशाजनक रही है। जिस पार्टी ने 2019 में अभूतपूर्व रूप से अच्छा प्रदर्शन किया था और उत्तर के कुछ राज्यों में लगभग शत-प्रतिशत और अन्य में संतोषजनक सीटें जीतने के बाद उसकी उम्मीदें दक्षिणी राज्यों पर टिकी थीं। उम्मीदें पूरी नहीं हुईं, क्योंकि कुल मिलाकर 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा को दक्षिण में सीटों का नुकसान हुआ है, लेकिन उसे इस बात से सांत्वना मिल सकती है कि वह वोट शेयर बढ़ाने और केरल में भी प्रवेश करने में कामयाब रही है। 'भगवान के अपने देश' में राज्य के प्रमुख मंदिर वाले शहर त्रिशूर में भगवा झंडा फहरा चुका है। अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री के करुणाकरण के बेटे और कांग्रेस उम्मीदवार मुरलीधरन को हराने में कामयाब रहे। भाजपा की सफलता का एक अन्य कारण उच्च जातियों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्र की संरचना और पार्टी के लिए ईसाई समर्थन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के कई दौरे किए थे, यहां तक कि सुरेश गोपी की बेटी के विवाह समारोह में भी वह दिखाई दिए। भाजपा विशेष रूप से केरल से आकर्षित रही है, क्योंकि यह वामपंथ का गढ़ रहा है और राज्य की राजनीति वामपंथियों और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के बीच बंटी हुई है। केरल की अद्वितीय जनसांख्यिकी के साथ, जहां अल्पसंख्यक (मुस्लिम और ईसाई) आबादी का 48 प्रतिशत हैं। इसलिए यह नतीजा भाजपा के लिए संतोषप्रद रहा होगा। जहां तक सीटों का सवाल है, पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में भाजपा को कोई सीट नहीं मिली है। उसके सभी उम्मीदवारों, जिनमें राज्य पार्टी प्रमुख के अन्नामलाई, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, पूर्व राज्यपाल तमीजसाई सुंदरराजन और पोन राधाकृष्णन शामिल थे, को हार का मुंह देखना पड़ा। तमिलनाडु की राजनीति में उथल-पुथल का एक और दौर आ सकता है, क्योंकि अन्नाद्रमुक को एक भी सीट नहीं मिली है। पार्टी के अन्य सभी पूर्व क्षत्रप टीटीवी दिनाकरन, ओ पनीरसेल्वम हार गए। चुनावों में डीएमके और उसके सभी सहयोगियों ने जीत हासिल की। हालांकि, सत्तारूढ़ द्रमुक के खिलाफ एक निश्चित सत्ता-विरोधी लहर रही थी, लेकिन अन्नामलाई द्वारा अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करने में विफलता के कारण हुए वोटों के विभाजन से यह खत्म हो गई। भाजपा को खुद को फिर से संगठित करना होगा, क्योंकि राज्य में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक में हाल के विधानसभा चुनावों में बाजी पलटने वाली कांग्रेस पार्टी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उसने नौ सीटों पर जीत दर्ज की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मे के दम पर भाजपा ने यहां 17 सीटें जीतीं। जद (एस) के साथ अंतिम समय में गठबंधन से पार्टी को दक्षिणी हिस्सों में मदद मिली। पड़ोसी तेलुगु राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिणाम काफी भिन्न रहे हैं। कांग्रेस के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाले तेलंगाना में पार्टी आठ सीटें (2019 की तुलना में पांच अतिरिक्त) हासिल करने में कामयाब रही। भाजपा ने आठ सीटें जीतीं और एक पर एआईएमआईएम को जीत मिली। चंद्रशेखर राव के बीआरएस को कोई सीट नहीं मिल सकी। आंध्र प्रदेश में, जहां विधानसभा चुनाव भी हुए थे, चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी ने विधानसभा और लोकसभा, दोनों में जीत हासिल की और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के जगन मोहन रेड्डी को हार का सामना करना पड़ा। जगन को गंभीर सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा। नायडू एक बार फिर शक्तिशाली क्षेत्रीय नेता के रूप में उभरे हैं, जो न केवल राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी एक कारक होंगे, क्योंकि भाजपा सरकार उन पर निर्भर होगी। कुल मिलाकर, भाजपा को सही मायनों में राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए उत्तर भारतीय पार्टी का तमगा तोड़कर सभी क्षेत्रों में जीत हासिल करनी होगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5395

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली 5396

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | | |
| | | | | 9 | | | |
| | 11 | | | 12 | | | |
| 13 | | 14 | | | | 15 | 16 |
| 17 | 18 | | | 19 | | | |
| 20 | | | 21 | | | 22 | |
| | | 23 | | | | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 21 जुलाई 1969 को अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग एवं एडविन एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे जो इस देश के है (4)
5. यथेष्ट, जरूरत से ज्यादा (3)
7. शास्त्रीय संगीत में एक राग (6)
9. धनुषधारी, शारंगधारी (4)
11. सप्ताह के दिनों में से एक (2)
12. किसी वस्तु के निर्माण में लगा खर्च (3)
14. सुंदर, रूपवान, संगीतकार नौशाद के पसंदीदा गीतकार (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
15. मशगूल, कार्य में लगा हुआ (2)
17. आदर्शवादी, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली एक फिल्म (3)
19. सच्चरित्र, पुण्यकर्ता, सदाशय (2)
20. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठन, शक्ति (2)
21. मार्ग, पथ, रास्ता (2)
22. बहुत बड़ा, उच्च, उत्तम (3)
23. इस्मत, प्रतिष्ठा, इज्जत (3)
24. हैसियत, भूगर्भसंस्तर (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मेहमान, शुभांगतुक (3)
2. एकता, मित्रता, डाक (अंग्रेजी) (2)
3. सिफारिश, को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
4. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने जाते थे, पिता के भाई (2)
5. असुंदर रंग वाला, विवर्ण (4)
6. शिष्टता, नम्रता, सभ्यीकरण (3)
8. इलाहाबाद के मशहूर वकील जो जलियांवाला बागकांड के बाद 19191 में अमृतसर में हुई कांग्रेस के पहली बार अध्यक्ष बने (7)
10. देने योग्य, देय, नैवेद्य, प्रदेय (3)
13. दुर्भाग्यशाली, शामत का मारा (4)
16. गले में पहनने का हार (4)
18. स्थित, दशा, अवस्था (2)
21. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
22. आनंदशील, आनंदित, मदोन्मत (2)

### वर्ग पहेली 5395 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | मं | धा | ना | | पे | रू |
| ति | | दि | न | क | र | | चि |
| ई | | थ | | में | में | ह | |
| रा | ल | | क | द | म | | ब |
| नी | च | ता | | म | | ग | या |
| | र | न | | हो | शि | या | र |
| मौ | | से | | ना | क | ना | |
| सा | व | न | | | वा | | |

# आज का राशिफल

## मेष

आज का दिन परिवार के लोगों के साथ खुशी में बीतेगा। आपको भाग्य की बदौलत कोई खुशी का समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है और शाम के वक्त कोई परिचित आपसे मिलने आ सकता है। अतिथि के आगमन से हर्ष होगा। रात में किसी मांगलिक कार्य में समय बीतेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा।

## वृष

आज का दिन लाभ देने वाला है। आज आपके कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं और इसमें आपको फायदा होगा। आपको अपने स्वभाव के अनुरूप दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन आपका दूसरों की मदद करने में बीतेगा। आप अपने अच्छे व्यवहार से सब कुछ हासिल कर लेंगे।

## मिथुन

आज दिन परेशानियों वाला हो सकता है। आज आपको अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ और अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके बारे में जांच पड़ताल कर लें। संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

## तुला

आज आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। आपकी स्थिति को सुदृढ़ करने का मौका मिलेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है। शाम से लेकर रात आपको जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। देव दर्शन का लाभ लें।

## वृश्चिक

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपकी तरक्की होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके घर में कोई प्रिय आपसे मिलने आ सकता है। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

## धनु

आज लाभ होगा और पिता के आशीर्वाद व उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी वस्तु को पाने की अभिलाषा पूर्ण होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी और बेहतर होगा कि आज व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। महापुरूषों का साथ मिलने से आपके ज्ञान में वृद्धि होगी।

## कर्क

आज का दिन काफी खर्च वाला रहेगा। आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। ऑफिस में किसी की वजह से आपको तनाव हो सकता है। जरूरी है कि आप रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, वरना आपका पैसा फंस सकता है। आपको आज फालतू की वजह से कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

## सिंह

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है और उसमें आपको परिणाम मन के अनुरूप मिलने से प्रसन्नता होगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। सायंकाल में धार्मिक स्थानों की यात्रा की योजना बन सकती है।

## कन्या

आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन आनंद में बीतेगा। किसी काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के वक्त घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## मकर

आज लाभ होगा और आपको शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे। वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा।

## कुंभ

आज का दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और मन खुशी से भरा होगा। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। श्शाम का वक्त प्रियजनों से भेंट करने में बीतेगा। सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा पर जाने से आपको लाभ होगा। सुखद और लाभप्रद स्थिति रहेगी।

## मीन

आज का दिन करियर में सफलता से भरा होगा और आज आपको मनचाहा लाभ होगा। आपको प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। पाचन क्रिया गड़बड़ होने से आपको नुकसान हो सकता है और बीमारी जैसा महसूस होगा। शाम से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### गोमिया बीआरसी में 26 को शिविर

**बोकारो/बेरमो, एजेंसी।** गोमिया प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 3 से 18 वर्ष की आयु वर्ग तक के सभी दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एलिम्को भुवनेश्वर एवं समग्र शिक्षा के सहयोग से निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र गोमिया (बीआरसी) में 26 जून को किया जायेगा। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगेगी। जांच के उपरांत अहर्ताधारी दिव्यांग बच्चों को निर्धारित समय के बाद सहायक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। यह जानकारी दिव्यांग प्रकोष्ठ गोमिया प्रखंड के अध्यक्ष चिंतामन कुमार महतो ने दी।

### मारूति गैरेज के बाहर खड़ी कार में लगी आग

**हजारीबाग/विष्णुगढ़, एजेंसी।** विष्णुगढ़-गोमियां रोड़ में मां काली मंदिर के पास स्थित एक मारूति गैरेज के बाहर खड़ी कार में शुक्रवार की देर शाम में आग लग गई। जिससे कार धू-धूकर जल गया। गनीमत रही कि आसपास खड़े अन्य वाहन आग की चपेट में आने से बच गए। बताया जाता है कि गैरेज के बाहर एक मारूति अल्टो कार वर्षों से मरम्मत के लिए खड़ी थी। लंबे समय से खड़ी रहने के कारण वह कबाड़ में तब्दील हो चुकी थी। गैरेज संचालक संजय बर्मन ने बताया कि शाम में गैरेज बंद कर किसी काम से सातमील मोड़ की ओर गए थे ।इसी दौरान अचानक कार में आग लग गई। लोगों ने फोन के माध्यम से सूचना दी तो तत्काल गैरेज पहुंचे और आग को काबू करने की कोशिश में जुट गए। हालांकि कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मुआयना किया। संचालक ने अज्ञात द्वारा सिगरेट पीकर फेंकने की वजह से आग लगने की संभावना जताई है।

### चंद्रपुरा में बोकारो के दो युवकों पर हमला

**बोकारो/चंद्रपुरा, एजेंसी।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में मारपीट व चाकूबाजी का मामला सामने आया। इस संबंध में चीरा चास बोकारो के भर्रा बस्ती निवासी मो गुलाम हुसैन ने चंद्रपुरा थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि मेरा पुत्र मो जिशान रजा एवं पुत्र का सहकर्मी सेक्टर 12 बोकारो उकरीद बस्ती निवासी दानिश रजा वोल्टास कंपनी का एसी काम करते हैं। बीते गुरुवार की शाम चंद्रपुरा से काम कर वापस लौट रहे थे कि इसी दौरान स्टेशन रोड में बाइक सवार दो युवकों ने तेज गति से आकर चकमा देने के बाद गाली-ग्लौज किया। मना करने पर बाइक सवार दोनों युवकों ने अपने अन्य करीब 8-10 दोस्तों को भी बुलाकर घेरकर लाठी-डंडे से मारपीट करने सहित एक युवक ने चाकू से भी हमला किया। साथ ही पिट्ठू बैग जिसमें सामान भी था, ले लिया। तब सूचना पाकर पुलिस पहुंची तब युवक भाग निकले। इसके बाद घायल जिशान व दानिश को डीवीसी अस्पताल चंद्रपुरा में इलाज के बाद बोकारो रेफर कर दिया गया। मामले में चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के ही प्रेम नगर पहाड़ी क्षेत्र निवासी चार नामजद के अलावा 7-8 अज्ञात को आरोपी बताया गया है।

### वंदे भारत के यात्री को बुखार आया, दवा से मिली राहत

**रांची, एजेंसी।** वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस में शनिवार को यात्री गौतम शर्मा की तबियत खराब होने पर चलती ट्रेन में ही तुरंत दवा उपलब्ध करायी गई। इससे शर्मा की तबियत में सुधार आयी और उनके परिवार के सदस्यों ने राहत की सांस ली। शर्मा और उनके परिजन बनारस से ही रांची के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। गौतम शर्मा और उनके परिजन सी-7 कोच में सफर कर रहे थे। इसी ट्रेन से सफर करते हुए डीआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बनारस से शनिवार को निर्धारित समय में प्रस्थान करने के बाद सी-सात कोच में यात्रा कर रहे शर्मा की तबियत खराब हो गयी। उन्हें पहले ही हल्का बुखार थी, जो गया पहुंचने से पहले काफी बढ़ गयी। उनके साथ सफर कर रहे परिजन चादर और कंबल आदि की मांग करने लगे। जब उन्होंने परिजन से मामला पूछा तो उन्होंने समस्या बतायी। जोशी ने शर्मा से ट्रेन में दवा और चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। शर्मा के हामी भरने पर उन्होंने ट्रेन के स्टाफ को समस्या बतायी। इसके बाद स्टाफ ने उन्हें तुरंत दवा दी। दवा खाने के बाद शर्मा के हालत में सुधार आने लगी। रात 8.30 बजे तक ट्रेन कोडरमा के करीब थी।

# झारखंड में नए सिरे से आदिवासी समुदाय को जोड़ेगी भाजपा, पार्टी का प्लान तैयार



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लोकसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर हार व बड़े पैमाने पर आदिवासी वोट के फिसलने के बाद भाजपा अब नए सिरे से आदिवासी समुदाय को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा को पांच जनजातीय आरक्षित लोकसभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन विधानसभा की पांच सीटों पर उसे बढ़त भी हासिल हुई है।

दुमका, जामा जैसे झामुमो के गढ़ में विधानसभा सीट पर बढ़त से भाजपा उत्साहित है। कोल्हान में भी साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने एक भी सीट नहीं जीती थी। वहां समान्य व जनजातीय आरक्षित सभी सीटें भाजपा हार गई थी। लेकिन, जमशेदपुर लोकसभा में आने वाली घाटशिला और पोटका की आरक्षित सीटों पर भी भाजपा को लीड मिली है, वहीं सभी लोकसभा में जीत-हार का अंतर काफी अधिक है। इसके अलावा सरायकेला में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सीट पर भी भाजपा ने बढ़त ली, जिसे लेकर पार्टी उत्साहित है।

**इन रणनीतियों पर किया जा रहा काम :** भाजपा ने आदिवासी समाज को आकर्षित करने के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था। इस साल भाजपा बिरसा मुंडा जयंती से एक साल तक राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाने जा रही है। खूंटी में भाजपा ने धरती आबा के वंशजों को भी साथ जोड़ने की कोशिश की है। शहीद बिरसा मुंडा के वंशजों के साथ-साथ संताल परगना में भी शहीद सिदो कान्हू, तिलका मांझी, वीर बुद्धू भगत के वंशजों को सम्मान देकर व उनसे जुड़े स्थलों के विकास की योजना है। बिरसा मुंडा के साथ-साथ उनके उलगुलान में शामिल गुमनाम नायकों को भी चिह्नित कर उन्हें सम्मान दिया जाना है, ताकि जनजातीय समाज को जोड़ा जा सके।

आदिवासी समाज को जोड़ने के लिए डिलिस्टिंग के फार्मूले पर भी भाजपा के द्वारा जमीनी स्तर पर काम किया जा रहा है। आदिवासी समाज से वैसे लोग जो धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, उनके आरक्षण के दायरे से बाहर करने के आंदोलन की तैयारी है। विपक्ष जहां सरना धर्म कोड को मुद्दा बनाता है, वहीं डिलिस्टिंग का मुद्दा भाजपा के लिए इसके काट के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है।संताल परगना में डेमोग्राफी बदलने की चर्चा लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक हुई, लेकिन इसका सियासी फायदा भाजपा को नहीं मिला। भाजपा इस मुद्दे को आगे भी उठाएगी। इसमें बांग्लादेशी घुसपैठ व आदिवासी जमीन पर कब्जे को प्रमुख मुद्दा बनाया जाएगा। संताल में आदिवासी जमीन के कब्जे का मुद्दा व जनजातीय समुदाय पर अत्याचार के मामलों को उठाया जाएगा।सीएनटी एक्ट के बावजूद राजनीतिक परिवारों के द्वारा जमीन लूट का मामला भी भाजपा विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से उठाएगी। रांची जमीन घोटाले में ईडी की जांच में आए तथ्यों को लेकर भाजपा हमलावर रहेगी। इसके निशाने पर खास तौर पर सोरेन परिवार को रखा जाएगा।

## 10 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : विनोद



**देवघर, एजेंसी।** उत्सव महल के सभागार में शनिवार को देवघर जिला नागरिक मंच की बैठक मंच के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता कुमार विनोद की अध्यक्षता में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मंच के संस्थापक ने कहा कि लंबे समय से जिला नागरिक मंच द्वारा मांझी परगना का सम्मान राशि, बीड़ी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी, मनरेगा में लूट, अबुआ आवास में भ्रष्टाचार तथा स्थानीय समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। लेकिन सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। करौं प्रखंड का आदिवासी बाहुल्य गांव कुचला पहाड़ी, करौंपहाड़ी, नंदुवाडीह, चोरवरिया, सिरिया सहित कई गांवों में जिला परिषद निधि से बनाए गए जलमीनार से ग्रामीणों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा है। बेलकियारी जलापूर्ति योजना बंद रहने के कारण करौं बेलकियारी, लकरछाड़ा, डिंढाकोली, गढ़वा सहित कई गांवों में पानी के लिए हाहाकार है। लेकिन विभाग एवं जिला प्रशासन मौन है। बीड़ी मजदूरों का 10 वर्षों से विभाग द्वारा सर्वे नहीं किया गया है।

जिस कारण जिले के हजारों बीड़ी मजदूरों को कोई सरकारी लाभ नहीं मिल रहा है। कहा कि सरकार का निर्देश न तो जिला प्रशासन द्वारा पालन किया जा रहा है, न ही जिला प्रशासन का निर्देश प्रखंड कार्यालय में पालन हो रहा है। जिस कारण आम जनता समस्याओं से काफी त्रस्त हैं। लेकिन किसी भी राजनैतिक दल को आम समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। कहा कि मंच द्वारा आंदोलन करने का निर्णय लेते हुए सरकार और जिला प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया है कि 10 दिनों के अंदर सरकार एवं जिला प्रशासन इन समस्याओं का निदान करें, नहीं तो मंच द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## गढ़वा में बढ़ी प्राइवेट स्कूलों की छुट्टी, इस तारीख तक विद्यालय बंद करने का फैसला

**गढ़वा, एजेंसी।** जिला पब्लिक स्कूल्स समन्वय समिति, गढ़वा की बैठक शनिवार को आरकेवी संस्थान में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने की। जबकि संचालन सचिव मदन केशरी ने किया। बैठक में बच्चों के स्वास्थ्य एवं पीड़ादायक बढ़ती तापमान व गर्मी के मद्देनजर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जूनियर सेक्शन कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के लिए उनके अध्यापन कार्य आगामी 17 जून तक स्थगित रहेगा।

जबकि, कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के लिए अपने निर्धारित तिथि 10 जून से सुचारू रूप से संचालित रहेगा। सभी कोटि के शिक्षक एवं शिक्षकेतर अपने संबंधित स्कूलों से जुडे रहेंगे। समिति की ओर से सभी विद्यालय का अध्यापन कार्य सुबह 6ः30 से सुबह 10 बजे तक किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अभिभावकों से अपील की गई है कि वे सभी अपने अपने बच्चों को इस बढ़ती गर्मी में खासतौर पर दोपहर में अन्यत्र कहीं भेजने में परहेज करें। स्कूल भेजने के दौरान उनके स्वास्थ्य का पूरा पूरा ख्याल रखा जाए।

स्कूल भेजने के क्रम में उनके साथ आवश्यक होममेड नास्ता, ग्लूकोज-पानी, तौलिया के साथ भेजें तथा उन्हें आवश्यक एहतियात बरतने का निर्देश भी दें। जूनियर वर्ग के बच्चों के अभिभावक नियमित विषय से संबंधित सिलेबस का अभ्यास भी कराएं जिससे वे बच्चे अपने पाठ्यक्रम से जुड़े रहें।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जैसे ही मौसम में अनुकूलता आएगी पुनः सूचना जारी किया जाएगा। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सह सचिव संजय सोनी ने की।

## जल, जंगल व जमीन पर, सिंहभूम लोकसभा सीट की नवनिर्वाचित सांसद ने बताई भविष्य की योजनाएं व प्राथमिकताएं

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** नवनिर्वाचित सांसद जोबा माझी ने उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासी-मूलवासियों का अधिकार रहेगा कायम रहेगा, तो इनके अस्तित्व की रक्षा हो सकेगी। मैंने और मेरे पति ने आजीवन इसी के लिए कार्य किया है। आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। आदिवासी-मूलवासियों के स्वाभिमान की रक्षा के साथ इनकी बेहतरी के लिए कार्य जारी रखूंगी।

उन्होंने क्षेत्र में बेरोजगारी व इसके कारण होने वाले बड़ी संख्या में पलायन के प्रश्न पर कहा कि क्षेत्र की बंद पड़ी खदानों के कारण क्षेत्र का आर्थिक तंत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सेल के पास कई खदानों की लीज है। इसमें पर्याप्त मात्रा में उत्खनन नहीं किया जाता।

सेल की चिड़िया माइन्स में ही उत्खनन बढ़ाने व बड़ी संख्या में स्थानीय बेरोजगारों के नियोजन की भरपूर संभावना है। इस दिशा में सेल के उच्चाधिकारियों के साथ



बैठक कर बात की जाएगी। साथ ही फिलहाल सेल महज लौह अयस्क का उत्खनन कर इन्हें स्टील प्लांट को भेजने तक सीमित है।

यहां मिनी स्टील प्लांट लगाकर इसके वैल्यू एडिशन किए जाने पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टील प्लांट क्षेत्र में लगाए जाने की वे पक्षधर नहीं है। इसमें बड़े पैमाने पर स्थानीय लोगों की जमीनें ली जाएगी। ऐसा नहीं होना चाहिए।

जबकि मिनी स्टील प्लांट के लिए सेल के पास जमीन और क्षमता दोनों है। सेल को जिले में पर्याप्त संख्या में आईटीआई खोलकर स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करना चाहिए। उन्होंने वनोत्पादों के प्रसंस्करण और विपणन की भी आवश्यकता बताई। इससे वनोत्पाद पर निर्भर लोगों की आमदनी बढ़ाई जा सकेगी।

अपनी दूसरी प्राथमिकता बताते हुए सांसद ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी आबादी की आजीविका का मुख्य आधार कृषि है। मौजूदा समय में नाम मात्र की ही सिंचाई सुविधा है। मैं पूरे संसदीय क्षेत्र में छोटी-छोटी परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं का जाल बिछाना चाहूंगी। खेतों को पर्याप्त जल मिला, तो किसान खुशहाल होंगे। इसी प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए रोडमैप तैयार कर काम किया जाएगा। उन्होंने अपनी बात विस्तार से समझाते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रसार से कई समस्याएं दूर होंगी। साथ ही अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले, तभी इन अस्पतालों व सारे तामझाम के होने का कोई मतलब है।

1978 में जंगल आंदोलन से राजनीतिक सफर शुरू करने वाले जोबा माझी के पति स्व. देवेन्द्र माझी ने दो बार लोस चुनाव में किस्मत आजमाई थीं। पहली बार 1980 के लोकसभा चुनाव में वे निर्दल खड़े हुए, तो उन्हें 33,287 मत मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। जबकि जनता पार्टी से बागुन सुम्बरूई सांसद बने व कांग्रेस के थियोडर बोदरा दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि देवेन्द्र माझी ने इसी वर्ष चक्रधरपुर से विस चुनाव लड़ा और जीता था।

दोबारा चक्रधरपुर से विधायक रहते हुए 1984 में पुनः निर्दलीय लोस चुनाव लड़ा। इस बार वे 42, 949 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे। इस वर्ष कांग्रेस के टिकट पर बागुन पुनः जीतकर सांसद बने।

## हेमंत से जेल में मिले सीएम चंपाई सोरेन और जेएमएम नेता, कई मुद्दों पर हुई बातचीत



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो समेत झामुमो के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इन नेताओं ने किस मुद्दे पर हेमंत सोरेन से बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक, झामुमो नेताओं ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ-साथ साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी की रणनीति पर बातचीत की।

झामुमो के एक नेता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं की हेमंत सोरेन के साथ यह पहली मुलाकात है। हेमंत सोरेन से मुलाकात करने वालों में चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन, सांसद जोबा माझी और विजय हांसदा शामिल थे। हेमंत सोरेन के साथ जेल में मुलाकात को लेकर भाजपा ने चंपाई सोरेन पर जोरदार हमला बोला। झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि चंपाई सरकार मुख्यमंत्री सचिवालय से नहीं बल्कि जेल सचिवालय से चल रही है। झारखंड विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो संवैधानिक पद पर हैं। विभिन्न मामलों पर पूर्व मुख्यमंत्री से सलाह लेना उस पद की गरिमा के खिलाफ है। बाउरी ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने परंपरा के खिलाफ जाकर उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। इसके साथ ही बाउरी ने महतो के इस्तीफे की मांग की। वहीं महतो ने आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार मुलाकात थी।

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा- मैं उनका (हेमंत सोरेन) हालचाल जानने के लिए वहां गया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने आठ सीटें और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी ने एक सीट जीती है। वहीं झामुमो तीन और कांग्रेस एक सीट पर विजयी हुई। कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा को 27,149 मतों से हराया था। यह सीट झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।

## 16 प्रोजेक्ट्स के आवेदनों को मिली स्वीकृति

**रांची , एजेंसी।** जियाडा द्वारा गठित प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी की बैठक जियाडा कार्यालय में क्षेत्रीय निदेशक सुधीर कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से शामिल हुए। चैंबर अध्यक्ष ने बताया कि यहां पेश किए गए सभी 16 प्रोजेक्ट्स के आवेदनों को स्वीकृति दी गई। स्वीकृति किए गए प्रोजेक्ट्स पतरातू, कोकर, तुपुदाना, बरही औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। इन प्रोजेक्ट्स में मुख्यतः सीमेंट प्लांट, होटल व रेस्टोरेंट, फर्नीचर मैनुफैक्चरिंग, हैंडीक्राफ्ट टेंपल, हेवी एंड लाइट व्हिकल बॉडी बिल्डिंग, वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टीक, फैब्रिकेशन वर्क्स, प्लास्टिक वाटर टैंक, पेट्रोल पंप, वॉल पुट्टी एंड रस्टिक मैनुफैक्चरिंग के उद्योग स्थापित होंगे। चैंबर अध्यक्ष ने प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी को महत्वपूर्ण बताते हुए इस बैठक का आयोजन प्रत्येक माह करने का आग्रह किया। यह भी कहा कि पीसीसी की बैठक में लिए जानेवाले निर्णयों का तुरंत एक्शन टेकन रिपोर्ट बनाया जाए, ताकि कार्यों में तेजी आ सके, जिसपर जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक ने सहमति जताई। राज्य के सभी जिलों में 100 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र आवंटित करने के साथ ही उसमें 5 से 20 हजार स्कवॉयर फीट तक के भूखंड छोटे-छोटे उद्योगों को आवंटित करने को भी जरूरी बताया।जिसपर क्षेत्रीय निदेशक ने अवगत कराया कि तत्काल में रामगढ़ के गोला क्षेत्र, चतरा और खूंटी में अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की उपलब्धता के लिए कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। चैंबर अध्यक्ष ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से यह आग्रह किया कि सरकार की सोलर बेस्ड योजनाओं के अनुसार ग्रामीण इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों में सोलर पैनल लगाए जाएं, ताकि बिजली पर से निर्भरता कुछ कम हो सके। बैठक में जियाडा के क्षेत्रीय उप निदेशक श्वेता बैद्य, एमएसएमई के इंद्रजीत यादव, पॉल्यूशन बोर्ड से रामप्रवेश सिंह, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार, बैंक ऑफ इंडिया, जिला उद्योग केंद्र के अलावा जेसिया के पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबडेवाल, अजय दधीच एवं अन्य औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड में 12 तक भीषण गर्मी और लू का अलर्ट, 13 जून से मिलेगी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में अभी 12 जून तक लू का कहर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने राज्य के सभी हिस्सों में 12 जून तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान संताल परगना का तापमान 45 डिग्री से ऊपर पहुंचने की संभावना है। वहीं पलामू प्रमंडल समेत चतरा, कोडरमा और हजारीबाग जिले में भी भीषण गर्मी रह सकती है।

इस दौरान रांची समेत राज्य के दक्षिणी भाग में भी अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री वृद्धि की संभावना है। 12 जून तक राज्य में कहीं-कहीं हल्के बादल छा सकते हैं, लेकिन इससे उमसभरी गर्मी और बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 13 जून से गर्म पछुआ हवा का रुख बदलेगा। हवा का रुख दक्षिण-पूर्व की ओर से से कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।झारखंड में शनिवार को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्मी रही। संताल के देवघर से लेकर गोड्डा तक गर्मी बढ़ गई है। यहां करीब 17 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। सबसे अधिक तापमान देवघर और चतरा में 44.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मेदिनीनगर का तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची का तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।बीते 24 घंटों के दौरान गुमला में 26.4 मिमी बारिश हुई। लोहरदगा और गिरिडीह के कुछ इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के आसपास के राज्यों में आसमान साफ रहने से गर्म और पश्चिमी हवा सीधे झारखंड में प्रवेश कर रही है।

## लोकसभा चुनाव के बाद विधायक समीर ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक



**चाकुलिया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद चाकुलिया पुराना बाजार स्थित डाक बंगला परिसर में शनिवार को झामुमो पार्टी की एक समीक्षा बैठक प्रमुख धनंजय करुणामय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वहीं बैठक का संचालन प्रखंड सचिव बलराम महतो ने किया। इस अवसर पर बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक समीर मोहंती उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अपनी- अपनी बातों को रखा।

मौके पर घनश्याम महतो, समीर दास, गोपन परिहारी, विशाल बारिक, मुखिया शिव चरण हांसदा, मंजू टुडू, जादू हेंब्रम, राम बास्के, श्याम मांडी, पिंटू महतो, राकेश मोहंती, राजू कर्मकार, अमर हांसदा, संजीव मांडी, राहुल महतो, लालू हांसदा, मिथुन कर आदि मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रखंड में जिस बूथ में वोट का कमी हुआ है, उन सभी बूथों में जाकर लोगों के साथ बैठक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रखंड में किए गए विकास योजनाओं को गिनाया। साथ ही कार्यकर्ताओं से लोगों तक योजनाओं को रू ब रू कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विधायक ने प्रत्येक बूथ कमेटी का पुनर्गठन करने,

हर पंचायत में कम से कम महीने में एक बैठक करना, साथ ही पंचायत के लोगों से सीधा संवाद कर समस्या सुनने की योजना बनाई। बैठक में चुनाव में हुए हार का नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए नगर अध्यक्ष मो गुलाब और प्रखंड अध्यक्ष धनंजय करुणामय ने इस्तीफा दिया। इस दौरान पार्टी इसको स्वीकार नहीं किया है।सोनाहातु के मदन हेंब्रम ने कहा कि गांव में विकास योजनाओं का स्कीम आने से जानकारी नहीं मिलती है। कहा कि सोनाहातु गांव में रास्ता नहीं है, बताया कि पिछले साल मुरूम गिराने की बात कही गई थी। इस पर विधायक ने निजी सचिव को सड़क के लिए तत्कालीन मुरूम गिराने का निर्देश दिया। बेंद के कार्यकर्ता ने कहा कि चुनाव से पूर्व में नुक्कड़ नाटक व बैठक करनी चाहिए थी। कहा कि कार्यकर्ताओं में आपसी तालमेल नहीं होने के कारण हमारी यह स्थिति हुई है। जुगीतोपा के कार्यकर्ता ने कहा कि पंचायत में किसी भी ग्रामीण ने डिमांड नहीं किया। क्योंकि लोगों ने कहा कि सिजबेडिया गांव में विधायक ने रास्ता दिलाने का काम किया है। इसके बावजूद लोगों ने उन्हें वोट नहीं देकर गलत काम किया है। सिमदी के कार्यकर्ता ने कहा कि पहले से झामुमो को कम वोट मिला है। कहा कि सरस्वती पूजा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मेला में खर्च दिया गया था। जिस कारण वोट पड़ा है।

## पीजी की पढ़ाई शुरू होने से बढ़ेगी इलाज की गुणवत्ता




**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस सत्र से पीजी की पढ़ाई शुरू हो रही है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने यहां आठ सीटों पर नामांकन की अनुमति दी है। पीजी शुरू होने का सीधा लाभ इस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज के इलाज की गुणवत्ता को मिलेगा। अधिकारियों की मानें तो यहां पहले से और बेहतर इलाज मिल सकेगा।

बता दें कि एनएमसी ने इस मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग को पीजी की पांच सीटें और हड्डी रोग विभाग को तीन सीटें दी हैं। पीजी के लिए यहां एक साथ आठ डॉक्टर आएंगे। पहले साल में यह संख्या आठ रहेगी। दूसरे साल में छात्रों की संख्या 16 और तीसरे साल में बढ़कर 24 हो जाएगी। चौथे साल से यह 24 की संख्या लगातार बरकरार रहेगी। तीन साल की पीजी की पढ़ाई के बाद पहला बैच बाहर निकलेगा और उसके स्थान पर नया बैच पढ़ाई के लिए आ जाएगा। इससे यहां डॉक्टरों की कमी दूर होगी। सबसे ज्यादा फायदा मेडिसिन विभाग को होगा। इस विभाग में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं। मरीजों की भीड़ वाला दूसरे सबसे बड़े विभाग हड्डी रोग को भी इसका लाभ मिलेगा। अगले सत्र से कुछ और विभागों में भी पीजी मिलने की संभावना है।

**मरीजों की होगी बेहतर देखभाल :** अधिकारियों के अनुसार पीजी के छात्रा 24 घंटे ऑन ड्यूटी होते हैं। इसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा। उनकी बेहतर देखभाल हो सकेगी। मरीजों की देखभाल में आम तौर पर अभी जूनियर डॉक्टर होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत सेवाश्रम के साधु कार्तिक महाराज को केंद्रीय सुरक्षा मिली



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद जिले में बेंदांगा इकाई से जुड़े साधु कार्तिक महाराज को अब केंद्र सरकार ने केंद्रीय सुरक्षा कवर दिया है। कार्तिक महाराज पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया था। सीएम ममता बनर्जी ने पिछले महीने एक चुनावी रैली में कार्तिक महाराज पर भाजपा की ओर से काम कर मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए प्रभावित करने का आरोप लगाया था। सूत्रों के अनुसार, कार्तिक महाराज की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के चार जवानों को तैनात किया गया है। कार्तिक महाराज पर हमले की आशंका के बाद उन्हें केंद्रीय सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला लिया गया। पिछले महीने कार्तिक महाराज ने अपने आश्रम पर संभावित हमले के खिलाफ सुरक्षा की मांग करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने जनसभा को संबोधित करने के दौरान मुख्यमंत्री की टिप्पणियों को लेकर उन्हें कानूनी नोटिस भी भेजा था। अदालत में याचिका दायर करने के बाद कार्तिक महाराज ने मीडियाकर्मियों के सामने दावा किया था, उन्हें एक फोन कॉल आया था। फोन करने वाले ने बेलडांगा स्थित भारत सेवाश्रम संघ इकाई को ध्वस्त करने की धमकी दी थी।

### मराठा आरक्षण नहीं दिया तो जरांगे ने शुरू किया आमरण अनशन, बढ़ेंगी शिंदे सरकार की मुश्किलें?



**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने आज अपना आमरण अनशन शुरू कर दिया। इसको लेकर उन्होंने इस साल अप्रैल में ही संकेत दिया था। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने उन्हें अनिश्चितकालीन अनशन की अनुमति नहीं दी है। पाटिल ने कहा कि अगर इस बार मराठा आरक्षण नहीं दिया गया तो वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जो इस साल के अंत में अक्टूबर में होने की उम्मीद है। मनोज जरांगे ने मराठा समुदाय के लोगों के सभी रक्त संबंधियों को कुनबी के रूप में मान्यता देने संबंधी मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग को लेकर शनिवार को अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया। जरांगे ने कुनबी को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने की भी मांग की और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें स्वीकार नहीं की गईं तो वह आगामी विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र की सभी 288 सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। जरांगे ने महाराष्ट्र के जालना जिले की अंबड़ तहसील में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में सुबह करीब 10.30 बजे आंदोलन शुरू किया, जबकि जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार किया था। वह मराठों के लिए अन्य पिछड़ा समुदाय (ओबीसी) का दर्जा और पात्र कुनबी मराठों के रक्त संबंधियों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस साल की शुरुआत में जारी मसौदा अधिसूचना के कार्यान्वयन की मांग कर रहे हैं। कुनबी एक कृषि समूह है जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाणपत्र जारी किए जाएं ताकि वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। जरांगे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मराठा आरक्षण के मुद्दे पर ध्यान देने का आग्रह किया। मैदान में उतारूंगा। मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री फडणवीस पर मराठा आरक्षण प्रक्रिया में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए जरांगे ने कहा कि फडणवीस ने मराठा समुदाय के खिलाफ साजिश रची।

# महाराणा प्रताप ने संघर्ष की प्रेरणा दी, बोले राज्यवर्धन सिंह राठौड़

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराणा का जीवन, उनका संघर्ष व उनके संकल्प ने पूरे देश को स्वाधीनता और स्वाभिमान के लिए संघर्ष की प्रेरणा दी है।महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप समारोह समिति की ओर से आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राठौड़ ने कहा कि आज का यह अवसर विशिष्ट है। आज हम भारतीय शौर्य और वीरता के पर्याय रहे एक महान नायक को याद कर रहे हैं। महाराणा ने हमारे लोक संस्कार में गौरव के जो बीज डाले, वह आज पूरे देश के लोकमानस में सामाजिक-सांस्कृतिक बोध और संस्कार के रूप में दिखाई देते हैं। ऐसे महान वीरों के प्रति कृतज्ञता का भाव सही मायनों में हमारी ऊर्जा का स्रोत है।

**विजयी होने की महान प्रेरणा मिलती है:** राठौड़ ने कहा कि ऐसे महावीरों से हमें देश और समाज के लिए संघर्ष करने और विजयी होने की महान प्रेरणा मिलती है। हमें आगे बढ़ने का साहस मिलता है। हमें विपरीत स्थितियों में अपने मूल्य और आदर्श की रक्षा करने की शक्ति मिलती है। हम हर परिस्थिति में निर्भीक बने रहते हैं। राठौड़ ने कहा कि महाराणा की प्रेरक स्मृति और उनकी अदम्य वीरता के वर्णन के साथ जब हम इतिहास की तरफ लौटते हैं तो हम इस बात को समझ पाते हैं कि हमारे नायकों की यशस्विता, उनकी स्मृति कैसे शताब्दियों बाद भी जीवित है।राठौड़ ने कहा कि सैकड़ों वर्षों से महाराणा प्रताप अगर हमारे लिए लगातार श्रद्धेय बने हुए हैं, उनकी वीरता और साहस के प्रति हम सम्मान का भाव रखते हैं तो यह कोई साधारण बात नहीं है।

**युवा पीढ़ी को बता रहे असली इतिहास : बनवासा :** कार्यक्रम संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने बताया कि 13 वर्षों से महाराणा प्रताप जयंती पर इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का उद्देश्य युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के सिद्धांतों से परिचित कराना है। असली इतिहास बताना है, क्योंकि आजादी के बाद पाठ्यपुस्तकों में महाराणा प्रताप को नहीं, बल्कि अकबर को महान बताया जा रहा है। हमें इस पाठ्यक्रम को भी बदलना है। समारोह को श्री क्षत्रिय युवक संघ के केंद्रीय कार्यकारी गजेंद्र सिंह आऊ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी संजीव भार्गव, टोंक के पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई ने भी संबोधित किया। राष्ट्रवादी कवि उमेश उत्साई ने काव्य पाठ किया।



**महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर 484 किलो चूरमे के लड्डू का भोग लगाया:** राजस्थान में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विशेष आयोजन किए गए। उदयपुर में रविवार सुबह 7.30 बजे महाराणा प्रताप गौरव केंद्र स्थित 57 फीट की प्रतिमा का फायर ब्रिगेड से जलाभिषेक किया गया। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल ने उदयपुर में प्रताप गौरव केंद्र में आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और इसके लिए 100 करोड़ रुपयों की लागत से एक टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महाराणा प्रताप के संदेश को पूरी दुनिया में पहुंचाना चाहते हैं। प्रदेश में जो भी पर्यटक आए, वह अपने साथ महाराणा प्रताप की शौर्य की गाथा साथ लेकर जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावंड-हल्दीघाटी-गोगुंदा-कुंभलगढ़-दिवेर-उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित करने पर 100 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

उल्लेखनीय है कि मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप की जयंती हर साल बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाती हैं, जो कि आज 9 जून 2024 को मनाई जा रही हैं। साल 1540 में इसी दिन मेवाड़ के महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था, उनके पिता महाराणा उदय सिंह द्वितीय थे, जो मेवाड़ राज्य के शासक थे जिनकी राजधानी चित्तौड़ थी। मुगल शासन के दौरान राजा महाराणा प्रताप को उनके साहस के लिए याद किया जाता है।

## हरियाणा वालों के लिए खुशखबरी, राज्य में होगी 50 हजार पदों पर भर्ती, सीएम नायब सैनी का ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को राज्य के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों में 50,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, युवाओं को ग्रुप-डी की नौकरियां भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री की यह घोषणा हरियाणा में रोजगार के अवसर प्रदान करने और युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। नायब सिंह हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के नए चेयरमैन हिम्मत सिंह को हरियाणा निवास में शपथ दिलवाने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रणाली को जारी रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को पूरा मान-सम्मान दे रही है और जल्द ही सरकार 50,000 नए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने जा रही है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं और यह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, 'यह गर्व की बात है कि युवाओं का सरकार की कार्यप्रणाली में विश्वास बढ़ा है क्योंकि वे बिना किसी 'खर्ची-पर्ची' (रिश्वत और पक्षपात) के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं, जो पिछली सरकारों में चलती थी।'

ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के पदों के लिए सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अतिरिक्त 5 अंक देने पर पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को लेकर सवाल पूछा गया। इसके बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय की पहली पीठ ने गरीब परिवारों के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस मानदंड को सही ठहराया था। हालांकि, अगली पीठ का दृष्टिकोण अलग हो सकता है। उन्होंने कहा



कि राज्य सरकार उम्मीदवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम जल्द ही इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में पेश करेंगे और युवाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसकी पुरजोर वकालत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक मानदंड गरीब परिवारों के सदस्यों को अवसर प्रदान करने के लिए अपनाए गए थे, जिनके पास कोई सरकारी नौकरी नहीं थी। उन्होंने ऐसे परिवारों की उपेक्षा करने के लिए वर्ष 2014 से पहले की सरकारों की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर इस मुद्दे पर झूठे प्रचार करने के साथ जनता को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता युवाओं का भविष्य अंधकारमय बताकर उन्हें भड़का रहे हैं, जबकि हकीकत में स्वयं कांग्रेस का भविष्य अंधकार में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शनिवार को चंडीगढ़ के हरियाणा निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के नए चेयरमैन के पद की शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हिम्मत सिंह ने निष्ठा, पद व गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने कहा कि वे आयोग की गरिमा को बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शी और योग्यता के आधार पर चयन हो और यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। हिम्मत सिंह एचएसएससी के चेयरमैन नियुक्त होने से पहले हरियाणा महाअधिवक्ता कार्यालय में अतिरिक्त महाअधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे।

## उद्धव की शिवसेना में फिर सेंध लगाएंगे शिंदे? 6 सांसदों के संपर्क में होने का दावा

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना ने शनिवार को दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के दो नवनिर्वाचित सांसद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवसेना के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने दलबदल रोधी कानून का हवाला देते हुए दोनों लोकसभा सदस्यों का नाम बताने से इनकार किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि चार अन्य सांसद भी जल्द ही इन दोनों के साथ मिलकर शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो जाएंगे।

ठाणे से नवनिर्वाचित सांसद म्हस्के ने कहा, जिस तरह से उद्धव ठाकरे ने एक विशेष समुदाय से वोट मांगे हैं, उससे लोकसभा के दोनों सदस्य नाखुश हैं। म्हस्के ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के दो नवनिर्वाचित सांसद संपर्क में हैं तथा चार अन्य सांसद उनके साथ जुड़ेंगे और मनोनीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करेंगे। उनकी टिप्पणी शिवसेना नेता संजय राउत के इस दावे की पृष्ठभूमि में आई है कि



शिंदे गुट के कुछ विधायक और सांसद ठाकरे के साथ फिर से जुड़ने के इच्छुक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने राज्य की सात लोकसभा सीट जीतीं, जबकि ठाकरे गुट नौ सीट पर विजयी रहा। शिवसेना (यूबीटी) के नेता हमारी पार्टी में हो सकते हैं शामिलः एकनाथ शिंदे के समर्थक इससे पहले शिवसेना के विधायक संजय शिरसाट ने शुक्रवार को दावा किया कि अगले कुछ दिनों में प्रतिद्वंद्वी शिवेसना (यूबीटी) के कुछ नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को उद्धव ठाकरे के इस धड़े में गिरावट की वजह भी बताया। शिरसाट ने पत्रकारों से कहा, ''शिवसेना (यूबीटी) के कुछ महत्वपूर्ण लोग 10 जून से पहले हमारी पार्टी में शामिल होंगे।'' लोकसभा चुनाव के बाद शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेताओं ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के पांच-सात विधायक शीघ्र ही पाला बदल लेंगे। इस चुनाव में महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अच्छा प्रदर्शन किया है। शिरसाट ने उन्हें (शिवसेना यूबीटी के नेताओं को) उन विधायकों के नामों का खुलासा करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा, '' यह खबर बस अपने विधायकों को पार्टी छोड़ने से रोकने के लिए फैलायी गयी थी।'' शिरसाट के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (यूबीटी) के नेता सचिन अहीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव आगे आने वाली चीजों का बस एक 'ट्रेलर' है।

अहीर ने कहा कि चुनाव के बाद न केवल शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के, बल्कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के भी कुछ विधायक शिवसेना (यूबीटी) के संपर्क में हैं लेकिन उनकी पार्टी शायद ऐसे लोगों पर विचार नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''उन्हें (शिरसाट को) अपनी पार्टी के विषयों को देखना चाहिए। विधानसभा चुनाव जल्द होने वाले हैं और आपने (सत्तारूढ़ गठबंधन को) (शिवसेना में विभाजन) के परिणाम भुगते हैं।''

## छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा रायपुर में महिला गार्ड ने की आत्महत्या

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहार में एक महिला ने आत्महत्या कर ली है। जानकारी के मुताबिक यह महिला अस्पताल में सुरक्षा गार्ड का काम करती थी। जिस वक्त उसने आत्महत्या की वह अस्पताल में रेडियोलोजी विभाग में ड्यूटी कर रही थी। जानकारी के मुताबिक अपने ससुराल वालों को वीडियो कॉल करने के बाद महिला सिक्योरिटी गार्ड ने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस जानकारी के बाद इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस से मिरी जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना मौदहापारा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जहां मेकाहार अस्पताल में एक महिला सिक्योरिटी गार्ड जिसका नाम शकीला बानो है, उसने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। जानकारी के अनुसार महिला ने फांसी लगाते वक्त अपने ससुराल वालों को वीडियो कॉल किया था। जिसके बाद ससुराल वालों ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। लेकिन जब तक पुलिस अस्पताल और सिक्योरिटी गार्ड तक पहुंच पाती, तब तक महिला फांसी के फंदे पर झूल चुकी थी। घटना के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि महिला सीएमएस सिक्योरिटी एजेंसी की कर्मचारी थी। करीब दोपहर के 1:30 सोनोग्राफी रूम का दरवाजा बंद करने के बाद महिला ने इस खौफनाक कदम को उठाया है। हालांकि महिला ने किस वजह से आत्महत्या की है, इस बात की पूरी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पुणे पोर्श कांड के रईसजादे के परिवार पर नया ऐक्शन, रिसॉर्ट पर चलाया बुलडोजर

**पुणे, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के पुणे में पोर्श लग्जरी कार से दो युवकों को उड़ाने वाले रईसजादे के परिवार पर नया ऐक्शन हुआ है। सीएम एकनाथ शिंदे के आदेश पर पुलिस ने उसके पिता के रिसॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई रिसॉर्ट में अवैध निर्माण कार्य पर की गई है। ऐक्शन महाबलेश्वर में किया गया है। एक जिला अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महाबलेश्वर में रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल के पास एक रिसॉर्ट था। अग्रवाल पुणे पोर्श दुर्घटना के मुख्य आरोपी का पिता है। शनिवार को पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में महाबलेश्वर पारसी जिमखाना



(एमपीजी) क्लब में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सतारा कलेक्टर जितेंद्र डूडी को आदेश दिया था कि यदि रिसॉर्ट अवैध पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

जानकारी के अनुसार, अग्रवाल ने पारसी जिमखाना के 10 एकड़ भूखंड पर रिसॉर्ट का निर्माण किया, जबकि राज्य सरकार ने इसे आवासीय दर्जा दिया हुआ है। राज्य सरकार ने जिमखाना को 10 एकड़ जमीन पारसी ट्रस्ट के नाम 30 साल के लिए पट्टे पर दिया था। हालांकि, किशोर के दादा एसके अग्रवाल 2016 में ट्रस्ट की समिति के सदस्य बन गए। आरोपी की दादी उषा अग्रवाल का नाम भी समिति में जोड़ दिया गया।

गौरतलब है कि यह 10 एकड़ जमीन राज्य सरकार द्वारा पारसी ट्रस्ट को रहने के लिए दी गई थी। पहले यह पारसी समुदाय का जिमखाना था, लेकिन विशाल अग्रवाल ने जिमखाना को रिसॉर्ट में बदल दिया और इसका अपने लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

बता दें कि 17 वर्षीय आरोपी को सुधार गृह भेज दिया गया है, जबकि उसके पिता, रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और दादा सुरेन्द्र अग्रवाल को परिवार के ड्राइवर का अपहरण करने और उस पर दोष अपने ऊपर लेने का दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में नशे में धुत विशाल के बेटे ने अपनी पोर्शे कार से दो युवकों की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी।

# चुनाव के बाद ऐक्शन, यूपी में अवैध कब्जों पर आज से चलेगा बुलडोजर

**लखनऊ, एजेंसी।**
लखनऊ में कुकरैल नदी और बंधे के बीच हुए अवैध निर्माणों पर सोमवार से फिर कार्रवाई होगी। शनिवार को इसी क्रम में बादशाहनगर और शक्ति नगर के पास बैरीकेडिंग लगाकर मलबा हटाया गया। पूर्व में हुई कार्रवाई के दौरान कई इमारतें ध्वस्त हुई थीं लेकिन आचार संहिता लागू होने की वजह से मलबा हटाया नहीं जा सका था।

दिन में एक बजे के करीब सुरक्षा बलों के साये में एलडीए के डम्पर और जेसीबी मशीनें पहुंचीं और मलबा हटाना शुरू किया। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार से दो पालियों में ध्वस्तीकरण होगा। इसके लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। 10 जेसीबी, 6 पोकलैंड और 12 डम्पर तैनात किए गए हैं। 10 कंपनी पीएसी की मांग की गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए सुबह 7:00 से 12:00 बजे तक पहली पाली में काम होगा। इसके बाद दिन में 3:00 से शाम 8:00 बजे तक ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

**आवंटन की समस्या का तुरंत होगा निस्तारण :एलडीए:**



उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबर नगर के लोगों को कैम्प लगाकर आवंटन पत्र वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही विस्थापितों की सहूलियत के लिए सभी आवंटन पत्र एलडीए की वेबसाइट पर भी अपलोड किए गए हैं, इसे लोग आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। अभी तक अकबर नगर के लगभग 150 अध्यासियों को भवन का कब्जा दिया जा चुका है। वे लोग परिवार के साथ नए मकान में शिफ्ट भी हो गए हैं। उपाध्यक्ष ने अकबर नगर के लोगों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द आवंटन पत्र प्राप्त करके भवन का कब्जा ले लें। बताया कि आवंटन में कोई समस्या आती है तो टीम मौके पर निस्तारण कराएगी।

**कार्रवाई के बीच जाम:** कार्रवाई करने पहुंची एलडीए टीम की वजह से बैरीकेडिंग लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। इस दौरान आईटी से निशातगंज होकर पॉलीटेक्निक आने वाले वाहन सवारों को रोक दिया गया। इन्हें महानगर के रास्ते भेजा गया। निशातगंज में जाम की स्थिति बनी रही।

**कार्रवाई को बनी टीमें:** पहली पाली में कार्रवाई की जिम्मेदारी संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में विशेष कार्याधिकारी शशिभूषण पाठक, अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता और उप सचिव माधवेश कुमार को कार्रवाई के लिए नामित किया गया है। वहीं, दूसरी शिफ्ट में अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई होगी। सहयोग के लिए विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता राजकुमार व विशेष कार्याधिकारी रोहित सिंह को नामित किया गया है।

# फाइटर पूजा तोमर ने रचा इतिहास

## FC में जीत दर्ज करने वाली बनीं पहली भारतीय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

### इतिहास रचने के बाद पूजा ने क्या कहा?

पूजा ने मुकाबले के बाद कहा,'यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं। मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं।'

'साइक्लोन' के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं। अंशुल जुबली और भरत कंडारे ने यूएफसी में विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुधाना गांव में जन्मी पूजा पांच बार की राष्ट्रीय वुशु चैंपियन हैं और कराटे और ताइक्वांडो में भी भाग लेती रही है। पूजा ने कहा,'मुझे जीत की पूरी उम्मीद थी और मैंने काफी आक्रमण किया। लेकिन मैं अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन नहीं कर पाई। दूसरे राउंड में मैं दबाव महसूस कर रही थी। मुझे अभी काफी सुधार करने की जरूरत है।'

### कैसा रहा पूजा और डॉस सेंटोस का मैच?

दोनों के बीच की फाइट बहुत ही शानदार रही। पूजा और उनकी विरोधी दोनों ने ही अपने-अपने दमखम दिखाए। पहले राउंड में पूजा ने जबरदस्त किक मारे और दबदबा बना लिया। उनकी ये किकें डॉस के शरीर पर सीधे लग रहीं थीं। दूसरे राउंड में डॉस ने वापसी की। वो लगातार आगे बढ़ रहीं थीं और पूजा को पीछे हटकर वार करने के लिए मजबूर कर रहीं थीं। इस राउंड में ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने भी पूजा की तरह ही लात लगाने की तरकीब अपनाई और सफल भी रहीं। दोनों महिला फाइटर्स ने जमकर लड़ाई की। आखिरी राउंड बहुत ही रोमांचक था और बराबरी का रहा, लेकिन आखिर में पूजा ने तीसरा राउंड जीता और पहली बार यूएफसी में जीत हासिल की।



# दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाने के बाद मिलर ने दिया बड़ा बयान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 12 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्व कप मैच में उलटफेर से बचाने वाले डेविड मिलर ने टीम की जीत के बाद बड़ा बयान दिया है। मिलर ने कहा कि भले ही हम जीत दर्ज करने में सफल रहे लेकिन नीदरलैंड ने शानदार गेंदबाजी की। नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन बनाए थे, लेकिन जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 12 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

### मिलर ने दिलाई जीत

खराब शुरुआत के बाद दक्षिण अफ्रीका को अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर ने संभाला और 51 गेंद में 59 रन की अहम पारी खेल कर दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से जीत दिलाई। मिलर ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई जिससे टीम ने सात गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। मिलर ने अपनी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। उन्हें हालांकि शुरुआत में रन बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ा था। सस्ते में चार विकेट गंवाने के बाद भी मिलर टीम की जीत को लेकर आश्वस्त थे।

## भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी



**लंदन, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2023/24 में कड़े संघर्ष में 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। सुनेलिता टोप्पो (9') और दीपिका (15') ने भारत के लिए गोल किये जबकि विक्टोरिया हस (23, 32), स्टाइन कुर्ज़ (51) और जूल ब्लूएल (55) ने जर्मनी के लिए गोल दागे। जर्मनी ने पहले क्वार्टर में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की। भारतीय गोलकीपर बीचु देवी खरीबाम ने दूसरे क्वार्टर में कुछ अच्छे बचाव किये और भारत ने आधे समय तक 2-1 की बढ़त बनाये रखी। जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर में गोल से स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। जर्मनी ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल दागकर मैच 4-2 से अपने पक्ष में कर लिया। भारतीय टीम प्रो लीग के अपने आखिरी मैच में ग्रेट ब्रिटेन से नौ जून को भिड़ेगी।

# 134 रनों से मैच जीतकर वेस्टइंडीज ने रचा इतिहास

## टी-20 वर्ल्ड कप में लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज की टीम ने युगांडा के खिलाफ 134 रनों से जीत दर्ज की है। युगांडा के बल्लेबाज वेस्टइंडीज की मजबूत गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पाए और आउट हो गए। मैच में वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की टीम ने बैटिंग करते हुए 173 रन बनाए। जिसके जवाब में युगांडा की टीम 39 रनों पर ऑलआउट हो गई। मैच जीतकर वेस्टइंडीज ने कई बड़े रिकॉर्ड्स बना दिए हैं।

टी20 वर्ल्ड कप में दूसरी सबसे बड़ी जीत

वेस्टइंडीज की टीम ने युगांडा के खिलाफ 134 रनों से जीत दर्ज की है, जो टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत हासिल करने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम है। श्रीलंका ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 में केन्या के खिलाफ 172 रनों से मैच जीता था। साउथ अफ्रीका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी जीत हासिल करने के मामले में तीसरे नंबर पर है। अफ्रीका ने स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2009 में 130 रनों से मैच जीता था।

### टी-20 विश्व कप में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाली टीमों की लिस्ट

172 - श्रीलंका, 2007
134 - वेस्टइंडीज, 2024*
130 - साउथ अफ्रीका, 2009



130 - अफगानिस्तान, 2021
125 - अफगानिस्तान, 2024

### पहली बार इतने रनों से जीता मैच

वेस्टइंडीज की टीम ने 134 रनों से मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। वेस्टइंडीज ने पहली बार कोई टी20 इंटरनेशनल मैच 100 प्लस रनों से जीता है। इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2014 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच 84 रनों से अपने नाम किया था, जो उसकी सबसे बड़ी जीत थी। वहीं वेस्टइंडीज की ये टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार छठी जीत है।

### अकील हुसैन ने हासिल किए पांच विकेट

वेस्टइंडीज के लिए मैच में अकील हुसैन ने कमाल की गेंदबाजी की। उनकी कातिलाना बॉलिंग के आगे युगांडा के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और आउट हो गए। उन्होंने मैच के चार ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए हैं। टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के किसी भी बॉलर की ये बेस्ट बॉलिंग फिगर है।

## अर्जेंटीना कोपा अमेरिका का दावेदार है :मेसी



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ने अमेरिका में होने वाले कोपा अमेरिका कप के लिए अर्जेंटीना को प्रबल दावेदार बताया है। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन अपने खिताब बचाओ अभियान की शुरुआत 20 जून को कनाडा के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ग्रुप चरण में उसे चिली और पेरू से खेलना होगा। मेसी ने अर्जेंटीना न्यूज सर्विस इन्फोबे से कहा, मुझे लगता है कि अर्जेंटीना हमेशा दावेदार रहा है।

सफलता की मौजूदा अवधि से पहले भी अर्जेंटीना ब्राजील की तरह दावेदार था। यह कोपा अमेरिका भी अपवाद नहीं होगा। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने कहा,मुझे लगता है कि सभी दक्षिण अमेरिकी टीमें इस समय काफी ताकतवर हैं। उरुग्वे, कोलंबिया, इक्वाडोर सभी बहुत अच्छी हैं। हर मैच एक कड़ा मुकाबला होगा और यह एक मुश्किल टूर्नामेंट होगा। अर्जेंटीना दुनिया के सबसे पुराने महाद्वीपीय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अपनी तैयारियों को इक्वाडोर और ग्वाटेमाला के खिलाफ नौ और 14 जून को मैत्री मैचों से अंतिम रूप देगा।

फ्रेंच ओपन

## वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वियातेक ने जीता फ्रेंच ओपन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फ्रेंच ओपन 2024 के महिला सिंगल्स का खिताब पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जीत लिया है। इगा ने फाइनल मुकाबले में इटली की जैसमीन पाओलिनी को हराया है। शनिवार को रोलां गैरां के फिलिप चैटरियर कोर्ट पर खेल गए फाइनल मैच में वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वियातेक ने जैसमीन पाओलिनी को सीधे सेट में 6-2, 6-1 से हरा दिया। 12वीं सीड जैसमीन पाओलिनी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची थी।

### इगा ने अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता

इगा स्वियातेक का ये चौथा फ्रेंच ओपन और ओवरऑल पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब है। पोलैंड की इगा ने साल 2020, 2022 और 2023 में भी फ्रेंच ओपन जीता था। जबकि साल 2022 में इगा ओपन भी जीती थी। पिछले साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा ने चेक रिपब्लिक की कैरोलिना मुचोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराया था।

सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी ने रूस की 16 साल की मीरा एंड्रीवा को सीधे सेटों में 6-3,6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं चैंपियन इगा ने स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ को 6-2, 6-4 से हराया था। जिसके बाद दोनों का मुकाबला फाइनल में हुआ था।

टी-20 वर्ल्ड कप:2024

## रोवमैन पॉवेल के बल्ले से निकला टी20 वर्ल्ड कप का सबसे लंबा छक्का

क्रिकेट में छक्के मारने की बात आती है तो सबसे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों का ध्यान आता है। कभी विव रिचर्ड्स छक्के मारने के उस्ताद थे तो फिर क्रिस गेल आए। आज भी वेस्टइंडीज की टीम में ऐसे बल्लेबाज हैं जो गेंद से स्टेडियम से बाहर भेजने का दम रखते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सबसे लंबा छक्का मारने का रिकॉर्ड भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज के नाम दर्ज हो गया है। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का सबसे लंबा छक्का जड़ा है। उन्होंने युगांडा के खिलाफ मुकाबले में यह किया। 11वें ओवर की चौथी गेंद पर पॉवेल क्रीज से बाहर निकले।



उनका बैलेंस ठीक नहीं था। वह गेंद की पिच तक भी नहीं पहुंचे थे। इसके बाद भी बल्ला चला दिया। गेंद बल्ले के बीच में लगी और मीडिया स्टैंड्स के ऊपर से स्टेडियम के बाहर चली गई। इस छक्के की लंबाई 107 मीटर थी।

टी-20 वर्ल्ड कप:2024

## मिचेल मार्श के छक्के ने कर दिया भारी नुकसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिलेच मार्श ने छक्का लगाकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारी नुकसान कर दिया।

दरअसल मार्श के छक्के से स्टेडियम में लगे सोलर पैनल के परखच्चे उड़ गए. टी20 विश्व कप का 17वां मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला गया था. इसी मैच में मार्श के छक्के से भारी नुकसान हुआ, जिसका वीडियो भी सामने आया है. मार्श के इस छक्के का वीडियो आईसीसी ने आधिकारिक सोशल मीडिया के ज़रिए शेयर किया. वीडियो में देखा जा सकता है कि मार्श ज़ोर लगाकर छक्का लगाते हैं और गेंद स्टेडियम के स्टैंड्स के छत पर लगे सोलर पैनल से टकराती है. गेंद के टकराते ही सोलर पैनल टूट जाता है.

आईसीसी ने इस वीडियो को कैप्शन देते हुए लिखा, मिचेल मार्श ने केंसिंग्टन ओवल पर निशान छोड़ दिया. बता दें कि मार्श ने यह छक्का पहली पारी के 9वें ओवर की पांचवीं गेंद पर इंग्लिश स्पिनर आदिल रशीद के ऊपर लगाया था.

मार्श अच्छी लय में दिखाई दिए थे. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में 25 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रनों की पारी खेली थी.

## एक नजर

### नेहरू पथ और बोरिंग रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू

**पटना (नि.सं.)।** नेहरू पथ, बोरिंग रोड, पाटलिपुत्र, बोरिंग कैनाल रोड, बांकीपुर और कंकडबाग इलाके में सोमवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत होगी। जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से नेहरू पथ इसकी शुरुआत करेगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए जिला प्रशासन की ओर से 12 मजिस्ट्रेट और 200 पुलिसबल नगर निगम के अधिकारियों को उपलब्ध करा दिया गया है। निगम के अधिकारियों के नेतृत्व में यह अभियान चलेगा। दोबारा अतिक्रमण नहीं हो इसके लिए पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। सुबह 10 बजे से अभियान की शुरुआत होगी। नगर निगम की टीम अतिक्रमण के खिलाफ पूरी तैयारी के साथ सड़क पर उतरेगी। अभियान के दौरान विरोध की आशंका है। इसे देखते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट रहेंगे। पिछली बार अतिक्रमण हटाने के दौरान चार जगहों पर घटना हुई थी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि ठेला एवं अन्य सामग्री को जब्त किया जाएगा। नेहरू पथ को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त रखना है। इधर, फुटपाथ दुकानदार अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर गोलबंद हो रहे हैं। इसलिए प्रशासन इस बार कड़ी कार्रवाई करने के मूड में है। एडीएम विधि व्यवस्था राजेश रौशन ने बताया कि इस बार ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि दोबारा अतिक्रमण नहीं हो। नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी के मुताबिक बार-बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अतिक्रमणकारी मान नहीं रहे हैं। इसलिए इस बार ठोस पहल की जाएगी ताकि दोबारा ऐसी नौबत न आए।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी को कोर्ट ने दिया दोषी करार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बारूण थाना कांड संख्या -35/13 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को भादंवि धाराओ और पोक्सो एक्ट में दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि अभियुक्त मुन्ना यादव डिगर बिगहा बारूण को भादंवि धारा 376, 366ए तथा पोक्सो एक्ट की धारा 04,06 में दोषी करार दिया है सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई 11 जून 2024 को होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने 15 फरवरी 2013 को बताया कि उनकी नाबालिग लड़की किशोरी सिन्हा महिला विद्यालय औरंगाबाद के लिए 29 दिसम्बर 2012 को निकली मगर घर नहीं लौटी तो संन्हा दर्ज कराई थी, काफी खोजबीन करने पर अभियुक्त द्वारा घटना कारित करने को जानकारी मिली तो अभियुक्त के नाम पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# औरंगाबाद के विकास के लिए जारी रहेगा संघर्ष : सुशील कुमार सिंह

- विपक्षी पार्टियों ने चुनाव के दौरान झूठे वादे किए और दुष्प्रचार किया
- सुशील सिंह ने लोगों से संयम बरतने और किसी पर भी दोषारोपण नहीं करने की अपील की
- उन्होंने कहा कि वह 15 वर्षों में किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे और जनसेवा करते रहेंगे।




कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के विकास लिए मेरा संघर्ष जारी रहेगा। मैंने 15 वर्षों में जो भी विकास्त्मक कार्य किए उन्हें आगे बढ़ाता रहूंगा। उक्त बातें रविवार को निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने अपने आवास सिंह कोठी पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सुशील सिंह पहली बार मुखातिब हुए। उन्होंने सर्वप्रथम औरंगाबाद लोकसभा से जीते हुए प्रत्याशी को जीत की शुभकामनाएं दी तथा औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मुझे अपना मत दिया उनका आभार है, साथ ही जो लोग किसी शंका, बहकावे में आ गए, जात-पात में घिर गए, संकीर्णता में फंस कर मुझे पर अविश्वास जताते हुए मत नहीं दिया उन्हें भी धन्यवाद देता हूं कि लोकतंत्र के पर्व में उन्होंने अपनी भागीदारी निभाई।

### किसी के ऊपर कोई दोषारोपण नहीं, संयम से काम लेना चाहिए

नीवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मैं अपनी पराजय का दोष किसी के मत्थे नहीं मढ़ना चाहता। मेरी तरफ से किसी के ऊपर कोई दोषारोपण नहीं है। मैं जनादेश स्वीकार करता हूं। जनता का निर्देशों का स्वागत करता हूं। मगर मेरे किसी शुभचिंतक समर्थक द्वारा किसी के ऊपर दोषारोपण किया जाता है अथवा किसी विशेष को मेरी हार का कारण बताया जाता है तो मैं इसका समर्थन कतई नहीं करता और ना ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करता हूं। हां यह बात अलग है कि चुनाव हारने का दुख मेरे समर्थकों - शुभचिंतकों को है मगर मैं उन सभी लोगों से भावनाओं में न बनने की अपील करता हूं। मुझे हर वर्ग, हर समुदाय के लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ तभी मुझे 387000 मत प्राप्त हुए। यह लोकतंत्र है। चुनावी रण है। हार- जीत लगी रहती है। लेकिन एक नेता।को संयम बरतना चाहिए, मर्यादा में रहना चाहिए। यह पहली बार नहीं कि मैं कोई चुनाव हारा। और प्रत्येक पराजय को मैंने सहर्ष स्वीकार किया और आगे बढ़ता चला। आज तक किसी भी प्रतित्वंदी अथवा उम्मीदवार के साथ मेरी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं रही। मैं अपने विपक्षी दलों के समर्थकों, कार्यकर्ताओं तथा नेताओं से भी अपील करता हूं कि वह खुशी जरूर मनाएं लेकिन किसी को चिढ़ाकर नहीं। जीतने के बाद मेरे आवास के सामने जानबूझ कर आतिशबाजी करना, नारे लगाना उनकी संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उनके द्वारा एक विशेष समुदाय को टारगेट करने की बात कही जा रही है। वे लोग इस लोकसभा क्षेत्र तथा जिले का सौहार्द बिगड़ना चाह रहे हैं। आपसी फूट करवाना चाह रहे हैं। जात-पात में लोगों को भिड़ना चाह रहे हैं। अभी एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें एक जाति समुदाय के लोगों को काट देने की बात कही जा रही है। पुराना दौर वापस लाने की बात कही जा रही है। प्रशासन से अपील करता हूं कि ऐसे कृतों पर जल्द से जल्द रोक लगे और जो भी ऐसी बातों को बढ़ावा दे रहे हैं उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई हो।

### करता रहूंगा जनसेवा, जारी रहेगा विकास कार्य

सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मेरा जीवन हमेशा संघर्षरत रहा। है मेरे पिताजी भी अपना पहला चुनाव हार गए थे। सीसीए लगाकर उन्हें जेल भेज दिया गया था। मैं भी कई चुनाव में संघर्ष किया तब जाकर मैं सांसद बना था। मैंने इससे भी कठिन दौर देखें हैं। इस बार की हार को मैं खेल भावना की तरह ले रहा हूं। किसी के ऊपर कोई टिपण्णी नही करना चाहता। बस मैं चाहता हूं कि मैंने जो भी औरंगाबाद लोकसभा के लिए विकास के नए आयाम को प्रारंभ किया है वह पूरी हो। मैंने अथक प्रयास एवं केंद्र सरकार के सहयोग से कई बड़े कार्यो को अंतिम छोर तक लाया था। मैं आशा करता हूं कि मेरा सपना साकार होगा। हालांकि मैं स्वयं पद पर न होने के बावजूद उन सभी कार्यों के लिए संघर्षित रहूंगा। 15 वर्षों में मैंने जितने भी कार्य किए हैं मैं उन कार्यों को आगे ले जाऊंगा। उन्होंने कहा कि 2009 में मैंने केंद्रीय विश्वविद्यालय खुलवाया, 2009 से 14 के बीच में टेकारी में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय खुलवाया। उत्तर कोयल नहर परियोजना में 90% काम पूरा हो चुका है। पटना- औरंगाबाद-हरिहरगंज फोरलेन एनएच139 के लिए सर्वे के लिए निविदा भी निकल चुकी है। बिहटा -औरंगाबाद रेल लाइन का भी काम तेजी से चल रहा है। इन सभी कार्यों के लिए संघर्ष करूंगा। समाज सेवा मेरा धर्म है, मेरा संकल्प है, मेरा कर्म है। लोगों की सेवा करता हूं और करता रहूंगा। मेरे जीवन का व्रत है यह। मैं जनता के सुख-दुख का साथी था, साथी हूं साथी रहूंगा। हर समय - हर मौके पर उनके साथ खड़ा था और आज भी खड़ा हूं और आगे भी खड़ा रहूंगा। यह मेरा वादा है।

### किया गया व्यापक दुष्प्रचार

सुशील सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान विपक्षी पार्टी द्वारा व्यापक पैमाने पर झूठी बातों का प्रचार किया गया। झूठे वादों का सहारा लिया गया। कांग्रेस एक गारंटी फॉर्म का प्रलोभन देकर चुनाव जीतना चाह रही थी। सुशील सिंह ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को प्रति माह 8500, युवाओं को प्रति माह एक लाख रूपये, एमएसपी की गारंटी आदि जैसे लुभावने झूठे वादे किए। कई राज्यों में अभी इंडी अलायन्स की सरकार है, मैं अपील करता हूं कि जो वादा उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान जनता से किया उसी के अनुरूप इन राज्यों में इंडी अलायन्स काम करे। भाजपा के खिलाफ यह दुष्प्रचार किया गया कि अगर भाजपा चुनाव जीती वे संविधान बदल देंगे, देश बेच देंगें। आरक्षण पर खतरा होगा, यहां तक कि भोली भाली जनता के मन में यह डर डाल दिया गया कि मोदी जीतने के बाद चुनावी प्रक्रिया को ही खत्म कर देंगें। हालांकि देश की जनता का धन्यवाद कि हमारे जननेता नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। यह विपक्ष द्वारा फैलाए गए सभी दुष्प्रचारों पर करारा तमाचा है। अगर एनडीए चुनाव नहीं जीतती और कांग्रेस या इंडिया अलायन्स की सरकार बनती तो ऐसे दुष्प्रचारों का चलन बढ़ जाता। वे जनता को और दिग्भ्रमित करते कि अच्छा हुआ एनडीए चुनाव नहीं जीती नहीं तो देश बदल जाता। अब सभी झूठों का पर्दाफाश होगा।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने सिपाही को रौंदा, मौके पर हुई मौत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बालू लदे एक ट्रैक्टर ने एक सिपाही को कुचल दिया। दाउदनगर थाना में तैनात जिला पुलिस बल के जवान, 29 वर्षीय दीपक सिंह की इस हादसे में मौत हो गई। दीपक सिंह खनन विभाग में पदस्थापित थे और उनकी ड्यूटी सिपहां चेक पोस्ट से नहर वाले रास्ते में अवैध खनन को रोकने के लिए लगी हुई थी। यह घटना रविवार की अहले सुबह की बताई जा रही है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार, अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को खदेड़ने के क्रम में यह दुर्घटना हुई। मृतक सिपाही भोजपुर जिले के आरा के सरैया थाना क्षेत्र के कुदरिया गांव के निवासी थे, जो दाउदनगर में तैनात थे। घटना के समय, पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का पीछा किया। मूसेपुर खैरा के पास सिपाही दीपक सिंह ने वाहन से उतरकर ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, तभी ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया। यह घटना इतनी अचानक हुई कि दीपक सिंह को संभलने का मौका नहीं मिला और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की डायल 112 की टीम ने तुरंत दीपक सिंह को उठाकर दाउदनगर के निजी हॉस्पिटल अरविंद हॉस्पिटल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की गई।जिस व्यक्ति के ट्रैक्टर से यह घटना हुई है, उसकी पहचान कर ली गई है और एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त करने का प्रयास शुरू कर दिया है।

### दीपक सिंह के निधन पर परिवार और सहयोगियों में शोक

दीपक सिंह के निधन से उनके परिवार और सहयोगियों में शोक व्याप्त है। पुलिस विभाग ने उनके परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है और इस घटना की गहन जांच की जा रही है ताकि दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके। इस घटना ने जिले में अवैध खनन के खिलाफ चल रही कार्रवाई को और भी तेज कर दिया है।

## पुलिस ने कार्रवाई करे दो लोगों को किया गिरफ्तार





निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर थाना में अवैध खनन पर प्रभावी रोक हेतु स्थापित पिकेट के कर्मियों के द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा प्रतिदिन के तरह रविवार को दाउदनगर के केरा, शमशेरनगर इलाके में गस्ती की जा रही थी। इसी क्रम में टीम के द्वारा एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर देखा गया और उसका पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया जाने लगा। पीछा करने के क्रम में ग्राम मूसेपुर खैरा थाना दाऊदनगर में ट्रैक्टर चालक के द्वारा सिपाही-1839 दीपक कुमार सिंह को रौंधते हुए भाग गया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शी सिपाही और साक्ष्यों के आधार ट्रैक्टर मलिक धर्मेंद्र यादव पिता-स्व. रामाश्रय यादव, ग्राम देवकुण्ड थाना-देवकुंड ज़िला-औरंगाबाद को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जा रहा है। ट्रैक्टर के इंजन एवं डाला को बरामद कर लिया गया है। ट्रैक्टर के इंजन एवं डाला को अलग करके अभियुक्तों द्वारा छुपा दिया गया था। ट्रैक्टर के इंजन एवं डाला हसपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जखौरा के अलग-अलग स्थान से बरामद किया गया। औरंगाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक रमता सिंह, पिता-रामबली सिंह, ग्राम-जखौरा सजीबन बीघा थाना-हसपुरा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पुलिस जवानों को उड़ाने की साजिश नाकाम, दो प्रेशर आईईडी बरामद

निज संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** जिले के अति नक्सल प्रभावित मदनपुर प्रखंड के जंगल से घिरे पचरुखिया इलाके में सुरक्षा बलों को बम से उड़ाने की साजिश नाकाम हो गई है। नक्सलियों ने तीन और छह किलो वजन के दो प्रेशर आईईडी लगा रखे थे। पुलिस ने इन्हें बरामद कर मौके पर ही विस्फोट कर दिया। जिससे नक्सलियों के मंसूबे नाकाम हो गए हैं। इस संबंध में एसपी स्वप्ना जी मेश्राम ने बताया कि मदनपुर थाने की पुलिस ने सीआरपीएफ और 205 कोबरा बटालियन के साथ संयुक्त कार्रवाई कर नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। नक्सल विरोधी अभियान के तहत मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया, राजाबांध और धोबी झगड़ा पहाड़ से दो प्रेशर आईईडी बरामद कर मौके पर ही विस्फोट कर उसे नष्ट कर दिया गया। एसपी ने बताया कि नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (कोबरा-205) बटालियन के पदाधिकारी गुणशेखर टी के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम तथा मदनपुर एवं देव थाना की टीम मदनपुर थाना अंतर्गत पचरुखिया, राजाबांध एवं धोबी झगरा पहाड़ी क्षेत्रों के आसपास कुछ प्वाइंट को चिन्हित कर नक्सल गतिविधियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चला रही थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने पचरुखिया और धोबी झरहा के पास तीन किलो का एक प्रेशर आईईडी तथा राजाबांध के पास छह किलो के एक प्रेशर आईईडी को बरामद किया, दोनों आईईडी को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस अभियान के फलस्वरूप नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा है तथा नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# लावारिस बैग से अंग्रेजी शराब बरामद

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आरपीएफ ने रफीगंज रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों को सुरक्षित पास कराने व गश्त तथा चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म संख्या 03 के पश्चमी छोड़ पर एक ट्रॉली से शराब बरामद किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर बि के सिह ने बताया कि एक काले रंग का पिठु बैग लावारिश हालत में रखा हुआ दिखाई दिया। आसपास यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री ने उक्त पिठु बैग के बारे में नहीं बताया।चेक करने पर उसमें 05 सेल फॉर उत्तर प्रदेश निर्मित रॉयल स्टैग शराब 750 एमएल कुल 3.750 लीटर, प्रत्येक का कीमत 680/- रुपया कुल कीमत 3400/- रुपया पाया गया। मौके पर समक्ष गवाहन जप्त कर एक लिखित आवेदन के साथ राजकीय रेल थाना सोननगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। बताया कि दिये गए शिकायत पत्र पर राजकीय रेल थाना सोननगर द्वारा काण्ड संख्या-17/24 धारा 30(ए) बिहार मद्य निषेध उत्पाद संशोधन अधिनियम दर्ज किया गया। इस अभियान में निरीक्षक प्रभारी बीके सिंह, उप निरीक्षक महेंद्र मुंडा, औरंगजेब खान सहित आरपीएफ के जवाब शामिल थे।

## होम्योपैथी क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह प्रखंड के डिहूरी नहर पर पेमा रोड में रविवार को आभा सेवा सदन का सुभारम्भ कानू विकास मंच के अध्यक्ष अजय कानू ने किया।इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा की इस क्लीनिक का शुभारंभ होने से सुदूरवर्ती इलाके के लोगों को अब 24 घंटा बेहतर सेवा मिलेगी।


# रेल पुलिस ने अभियान चलाकर 9 बदमाशों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पटना।** जीआरपी ने ऑपरेशन क्लीन के तहत पटना जंक्शन सहित अन्य स्टेशनों पर दो दिनों तक अभियान चलाया, जिसमें नौ बदमाश पकड़े गए। इन बदमाशों के पास से रेल पुलिस ने दस मोबाइल और 45 सौ रुपये बरामद किया है। रेल पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पटना रेल जिले के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ऑपरेशन क्लीन के तहत अभियान चलाया गया, जिसमें पटना जंक्शन पर छह बदमाश पकड़े गए।

इन बदमाशों के पास से आठ मोबाइल बरामद किया गया है। दानापुर रेलवे स्टेशन पर एक आरोपित को चोरी के मोबाइल के साथ पकड़ा गया। गया रेलवे स्टेशन पर एक आरोपित पकड़ा गया। उसके पास से चोरी के 45 सौ रुपये बरामद किये गए। सोननगर रेल पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आरा, खुसरुपुर, पटना जंक्शन, राजगीर, मोकामा सहित अन्य स्टेशनों पर कुल 157 लीटर विदेशी शराब बरामद करने के साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज करने के बाद उन्हें रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। रेल एसपी ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन के तहत रेलवे स्टेशनों पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# आग से दो घर जलकर राख लाखों का हुआ नुकसान



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह के बंदेया थाना क्षेत्र के चपरा गांव में बासवाडी में आग लगाने के बाद बसवाड़ी से निकली आग की लपेटो ने दो घर को जलाकर राख कर दिया।सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तबतक लाखों रुपए के सामान जलकर खाक हो गई।

चपरा गांव निवासी पीड़ित रामकुमार सिंह ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति अपने बासवाड़ी में झाड़ी जलाने को लेकर आग लगा दिया। आग इतना भयावह हो गया की आग की लपेटे निकलना शुरू हो गया।इस दौरान आग रामकुमार सिंह के घर एवम उनके टेंट हाउस में आग लग गई। जिससे टेंट का सारा समान मे जनरेटर, समियाना, लाइट, डीजे बॉक्स 4 येप्लीफायर 3 साइकिल एवम पिकअप बेड सारा समान जलकर खाक हो गया इस घटना में पीड़ित को लगभग 5 लाख से अधिक की संपति का नुकसान हुआ है।गांव के लोग आग को बुझाने का काफी प्रयास किया।जब सफलता नही मिली तो फायर बिग्रेड की टीम को बुलाया गया तबतक सिक्की कुमार के घर में आग लग गई। जहा देखते ही देखते सारा समान जलकर खाक हो गया।फायर बिग्रेड ने अन्य घरों को जलने से बचा लिया है। पीड़ित परिवार ने सरकार से मिलने वाली सहायता राशि की मांग की है।

## तपती गर्मी से बेहाली के बीच पानी को तरस रहें डुमरा के ग्रामीण

**हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** तपती धूप एवं उमस भरी गर्मी से बेहाल लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह के 10:00 बजे से हीं सूर्य की किरणों में तेजी हो जा रही है, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इस भीषण गर्मी के चलते हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव का जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे वहां की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

